धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात
रांची, रविवार
19.01.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | माघ, कृष्ण पक्ष, पंचमी/षष्ठी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 189



12 पांच साल में भारत का वाहन उद्योग विश्व में होगा नंबर वन

## न्यूज डायरी

### रक्षा मंत्री राजनाथ ने संगम में लगायी डुबकी

**प्रयागराज** । केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आज शनिवार को प्रयागराज महाकुंभ पहुंचकर संगम में डुबकी लगायी। संगम स्नान के बाद उन्होंने कहा, मैं इसे अपना सौभाग्य मानता हूं कि परमात्मा ने मुझे यह अवसर प्रदान किया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ भारतीय संस्कृति, सनातन धर्म की आध्यात्मिक अनुभूति का पर्व है।

### 32 कोयला खदान को वन विभाग ने किया सील

**हजारीबाग।** अवैध कोयला खनन के खिलाफ वन विभाग ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई की है। विभाग ने 32 अवैध कोयला खदानों के मुहानों को डोजर से बंद कर दिया है। इन खदानों से स्थानीय लोग जान जोखिम में डालकर अवैध रूप से कोयला निकाल रहे थे। बड़कागांव क्षेत्र में कई जगहों पर छोटे-छोटे मुहाने बनाकर अवैध खनन किया जा रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर योजनाबद्ध तरीके से यह कार्रवाई की गयी।

### 4.99 लाख के नकली नोट के साथ 3 धराये

**रांची।** राजधानी पुलिस ने नकली नोटों के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपित अरगोड़ा थाना क्षेत्र में नकली नोट खपाने की तैयारी में थे। इनके पास से 500 के 4.99 लाख के नकली नोट, एक स्कूटी और छह मोबाइल फोन बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि ये युवक नकली नोट किसी ग्राहक को सप्लाई करने वाले थे।

### बीआइटी मेसरा में एमबीए एडमिशन की प्रक्रिया शुरू

**रांची।** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआइटी) ने सेमेस्टर 2025-26 के लिए नियमित एमबीए और ऑनलाइन एमबीए एडमिशन की घोषणा कर दी है। ऑनलाइन आवेदन पोर्टल 15 जनवरी से खोला जा चुका है जो 8 मार्च तक खुला रहेगा। दोनों मोड में कई कैंपस पर उपलब्ध है। नियमित एमबीए प्रोग्राम अलग अलग कैंपस जैसे बीआईटी मेसरा के मुख्य कैंपस, बीआईटी मेसरा लालपुर यूनिट और नोएडा और पटना के ऑफ कैंपस में उपलब्ध है।

### जमीन विवाद में एक की पीट-पीट कर हत्या

**गढ़वा।** जिला समिति बाजार गेट के पास जमीन विवाद में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गयी। मृतक की पहचान गढ़वा थाना क्षेत्र के इंदिरा गांधी रोड निवासी छोटू रंगसाज के रूप में हुई। इस घटना में साईं मोहल्ला निवासी इरशाद रंगसाज (40 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। दूसरे पक्ष के दो लोग भी गंभीर रूप से घायल हैं। घायल इरशाद ने बताया कि वह और छोटू बाजार गेट के पास बैठे थे। इसी दौरान करीब 10 लोग लोहे की पाइप लेकर वहां पहुंचे और दोनों पर हमला कर दिया।

गहना आभूषण
सोना (बिक्री) : 74600 रु./10 ग्राम
चांदी : 96000 रु./प्रति किलो




## सीएम से मिली केंद्रीय मंत्री



केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने शनिवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात की। जानकारी के अनुसार केंद्रीय मंत्री ने सीएम हेमंत सोरेन से कई मुद्दों पर चर्चा की। हालांकि सीएमओ ने इसे शिष्टाचार भेंट बताया है।

## अन्नपूर्णा देवी ने स्मार्ट सिटी कमांड कंट्रोल सेंटर को सराहा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने शनिवार को रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के कमांड कंट्रोल एंड कम्यूनिकेशन सेंटर का दौरा किया। यहां से हो रहे यातायात प्रबंधन, पुलिस सर्विलांस तथा महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा को लेकर उठाये गये कदम की जानकारी ली और कई सुझाव भी दिये। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का कमांड सेंटर पहले हमने गुजरात में देखा था। अपने रांची में भी इस सेंटर का होना बेहद सुखद है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार पुलिस सर्विलांस, यातायात प्रबंधन तथा सूचना प्रसारण के क्षेत्र में इस सेंटर की भूमिका बढ़ी है, उसी प्रकार छात्राओं और महिला सुरक्षा को लेकर जो कदम उठाये जायें, तो वो भी बेहतर कार्य कर सकते हैं।

(शेष पेज 11 पर)

### एसएलबीसी की बैठक में बैंक शिफ्टिंग का मुद्दा छाया रहा

# बैंक का जोनल दफ्तर राज्य से बाहर नहीं जाने देंगे : वित्त मंत्री

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची में राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) की बैठक में यूनियन बैंक आफ इंडिया (यूबीआइ) के जोनल ऑफिस को झारखंड से बिहार ले जाने का मुद्दा छाया रहा। झारखंड सरकार ने इस निर्णय पर कड़ी आपत्ति जतायी। राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि यूनियन बैंक की 120 शाखाओं में हमारा 13555 करोड़ जमा है। वहीं बिहार में 236 शाखाओं में 15743 करोड़। यह कहां से तर्कसंगत है कि डिपॉजिट अनुपात अधिक होने के बावजूद प्रशासनिक कार्य का हवाला देकर जोनल ऑफिस को बिहार शिफ्ट किया जा रहा है। ऐसे में जोनल ऑफिस को झारखंड से बाहर ले जाना उचित नहीं है। ये कहीं न कहीं राजनीति से प्रेरित है। उन्होंने कहा, हम किसी भी हालत में जोनल ऑफिस को झाखंड से जाने नहीं देंगे।



**पल्ला झाड़ते रहे बैंक अधिकारी :** वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर शनिवार को होटल बीएनआर में आयोजित 89वीं त्रैमासिक राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में बोल रहे थे।

उन्होंने यूनियन बैंक के अधिकारियों से कई सवाल किये और कारण जानने का प्रयास किया। इस दौरान बैंक अधिकारी इसे उच्चस्तरीय निर्णय बताकर पल्ला झाड़ते नजर आये। वित्त मंत्री ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का जोनल ऑफिस झारखंड से बिहार ले जाने के निर्णय पर कड़ी आपत्ति की। झारखंड में इस बैंक की 120 शाखाएं हैं जिनमें 13555 करोड़ जमा है। बिहार में 236 शाखाएं जरूर हैं, पर सिर्फ 15743 करोड़ जमा है।

**55 % सीडी रेशियो का लक्ष्य :** बैठक में सीडी रेशियो पर चर्चा हुई। इस दौरान सिमडेगा और पश्चिमी सिंहभूम को छोड़कर सभी जिलों का सीडी रेशियो 40% से रहने पर प्रसन्नता व्यक्त की गयी। राज्य का कुल सीडी रेशियो 50.22% है, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर सीडी रेशियो 87% है। बैठक में अगले तीन महीने में 55% सीडी रेशियो हासिल करने का लक्ष्य रखा गया। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने शहरी औद्योगिक क्षेत्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों पर अधिक ध्यान देने की जरूरत बतायी। उन्होंने सीडी रेशियो के आंकड़ों पर सवाल उठाया। पलामू जिले के नाम पर बैंक द्वारा लोन लिया गया, लेकिन उसे धनबाद में खर्च किया गया। पलामू का सीडी रेशियो बढ़ा है, लेकिन हकीकत यह है कि खर्च धनबाद में किया गया। इस विसंगति पर ध्यान देने की जरूरत है।

(शेष पेज 11 पर)

### बैंकर्स के व्यवहार पर भी नाराजगी

बैठक में बैंक कर्मियों के व्यवहार पर नाराजगी जतायी गयी। निजी बैंक द्वारा ऋण वसूली में लोगों से अभद्र व्यवहार पर आपत्ति की गयी। आरबीआई और संबंधित बैंकों को पत्र लिखकर समाधान निकालने को कहा गया। बैठक में मौजूद कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किसानों की ऋण माफी को लेकर बैंक कर्मियों के व्यवहार पर कड़ी आपत्ति की। उन्होंने कहा कि लापुंग जैसे क्षेत्र में एक ही बैंक है और वहां बैंकिंग सुविधाओं का घोर अभाव है। बेड़ो में जब किसान ऋण माफी के लिए बैंक जाते हैं तो उन्हें भगा दिया जाता है। आज भी आदिवासियों को बैंकों से ऋण नहीं मिल पा रहा है। इस दिशा में कदम उठाना जरूरी है।


### आरजी कर मेडिकल कालेज रेप एंड मर्डर केस में कोर्ट का फैसला

# ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर में संजय रॉय दोषी, सजा कल

**एजेंसी**

**कोलकाता।** कोलकाता के बहुचर्चित आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला ट्रेनी डॉक्टर के साथ रेप और हत्या मामले में मुख्य आरोपी संजय रॉय को अदालत ने दोषी करार दिया। अतिरिक्त जिला न्यायाधीश सियालदह कोर्ट ने अपने फैसले में संजय रॉय को दोषी पाया और कहा, सोमवार को उसे सजा सुनायी जायेगी। आरोपी संजय ने जज से कहा, मुझे झूठे मामले में फंसाया गया है। मैंने ऐसा नहीं किया है। जिन्होंने ऐसा किया है, उन्हें छोड़ा जा रहा है। इसमें एक आइपीएस अधिकारी शामिल है।

**परिजन फैसले को नहीं देंगे चुनौती :** कोर्ट के निर्णय के बाद संजय रॉय की बड़ी बहन ने शनिवार को कहा कि उसका परिवार की कोर्ट के इस आदेश को चुनौती देने की कोई योजना नहीं है। एक झुग्गी में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा, कहा कि वह सियालदह कोर्ट नहीं गयी थी, जहां उसके भाई को पेश किया गया था और कोर्ट ने उसे दोषी करार दिया। और सवाल पूछने पर उन्होंने कहा, कृपया मुझे अकेला छोड़ दें। हम टूट चुके हैं। संजय रॉय की बहन ने कहा, अगर उसने (रॉय ने) कोई अपराध किया है,



तो उसे उचित सजा मिलनी चाहिए। हमारे पास आदेश को चुनौती देने की कोई योजना नहीं है। वहीं शंभुनाथ पंडित अस्पताल के सामने उसी इलाके में रहने वाली संजय रॉय की मां ने मीडिया से बात करने से मना कर दिया। उसने कहा, मेरे पास कहने के लिए कुछ भी नहीं है। मुझे अकेला छोड़ दें। पड़ोसी उमेश महतो ने कहा, यदि इसमें अन्य लोग भी शामिल हैं, तो उन्हें बख्शा नहीं जाना चाहिए।

**क्या है मामला :** आरजी कर अस्पताल में प्रशिक्षु डॉक्टर का शव 9 अगस्त 2024 को मिला था। इसे ले कर पूरे देश में विरोध प्रदर्शन चल रहा था। जांच में पीड़िता के साथ बलात्कार और हत्या की बात सामने आयी थी। कोलकाता पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से मिले सबूत के आधार पर संजय रॉय को गिरफ्तार किया था। बाद में कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मामले को सीबीआइ को सौंप दिया।

### कोलकाता निर्भया कांड

सूत्रों के अनुसार, संजय रॉय ने पिछले कुछ दिनों धीरे-धीरे खुद को अलग-थलग कर रहा है। उसने भोजन और दवा का सेवन कम कर दिया है। जेल अधिकारियों ने रॉय को चौबीसों घंटे निगरानी के लिए एक विशेष कोठरी में रखा है। सुधार गृह के एक अधिकारी ने नाम नहीं बताने की शर्त पर बताया कि संजय रॉय पर विशेष निगरानी की व्यवस्था की गयी है। उसकी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं।

### परिजनों को निष्पक्ष फैसले की उम्मीद

फैसला आने से पहले मृत डॉक्टर के पिता ने एक निष्पक्ष फैसले की उम्मीद जतायी थी। उन्होंने कहा था कि अदालत द्वारा मामले को देखने और विचार करने के बाद हमें न्याय मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि डीएनए रिपोर्ट ने अन्य व्यक्तियों की उपस्थिति भी स्थापित की है। उच्च न्यायालय में एक मामला विचाराधीन है, और दूसरा उच्चतम न्यायालय में आ गया है और इसे सूचीबद्ध किया गया है। हम अपनी बेटी के लिए न्याय चाहते हैं।

# पीएम ने किया 65 लाख संपत्ति कार्डों का वितरण

### स्वामित्व योजना से ग्रामीण विकास को मिलेगा बढ़ावा

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम मोदी ने शनिवार को स्वामित्व योजना के तहत वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये 65 लाख स्वामित्व संपत्ति कार्डों का वितरण किया। इस कार्यक्रम में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 50,000 से अधिक गांव शामिल थे। पीएम मोदी ने बताया कि बीते पांच सालों में करीब डेढ़ करोड़ लोगों को संपत्ति कार्ड सौंपें जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह दिन ग्रामीण भारत और वहां की अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है। स्वामित्व योजना का मुख्य उद्देश्य गांवों में रहने वाले लोगों को उनकी संपत्तियों का कानूनी अधिकार देना है। लाभार्थियों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, आज का दिन देश के गांवों के लिए, ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए बहुत ही ऐतिहासिक है। 5 साल में लगभग डेढ़ करोड़ लोगों को ये स्वामित्व कार्ड दिये गये हैं।



**कानूनी प्रमाण मिलेगा :** पीएम मोदी ने बताया कि संपत्ति कार्ड के जरिये लोगों को उनकी जमीन और घर का कानूनी प्रमाण मिलता है। इससे न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा मिलता है बल्कि प्रॉपर्टी के अधिकार मिलने से गरीबी कम करने में भी मदद मिलती है। उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया भर में संपत्ति अधिकार की कमी एक बड़ी समस्या है, और इसे हल करना आर्थिक विकास के लिए जरूरी है।

### कई चुनौतियों का जिक्र

पीएम ने जलवायु परिवर्तन, पानी की कमी और स्वास्थ्य संकट जैसी वैश्विक चुनौतियों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि प्रॉपर्टी राइट्स (संपत्ति के अधिकार) इन समस्याओं को हल करने और गरीबी को कम करने में अहम भूमिका निभाते हैं। स्वामित्व योजना के तहत गांवों की जमीनों का आधुनिक तकनीक से सर्वेक्षण और मैपिंग की जाती है, जिससे लोगों को उनकी संपत्तियों का कानूनी प्रमाण मिलता है। इस योजना के जरिए ग्रामीण भारत में पारदर्शिता और सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने साफ कहा कि अगर गरीबी कम करनी है तो इसके लिए प्रॉपर्टी राइट्स होना बहुत जरूरी है।

## अंधविश्वास में चचेरे भाई को टांगी से काट डाला, मां जख्मी

**मेदिनीनगर।** नावाबाजार थाना क्षेत्र के रजहरा के ठाकुरटोला में घरेलू विवाद और अंधविश्वास में एक युवक ने अपने चचेरे भाई की हत्या कर दी। मामले में तेज धारदार टांगी से मारकर हत्या की गयी है। बीच बचाव करने पर मृतक की मां रेणू देवी जख्मी हो गयी। उसके हाथ में 11 टांके लगाये गये हैं। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित को घटना के कुछ देर बाद ही गिरफ्तार कर लिया गया। शनिवार दोपहर शव का पोस्टमार्टम किया गया।

आरोपित को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मृत युवक की पहचान रोहित चौहान (20) के रूप में हुई है, जबकि आरोपित युवक साहिल चौहान (20) है। बताया जाता है कि दोनों भाइयों के बीच अंधविश्वास एवं घरेलू मामले को लेकर विवाद चला आ रहा था। पिछले दिनों दोनों के बीच मारपीट भी हुई थी। मामला थाना तक पहुंचा था। थाना स्तर पर समझौता करके दोनों युवकों को घर भेज दिया गया था। आगे से मारपीट नहीं करने की हिदायत दी गई थी। इसी बीच शुक्रवार शाम साहिल चौहान ने रोहित चौहान को देखते ही उस पर तेज धारदार टांगी से वार किया।

# अफीम की खेती की तो अब जेल जायेंगे : डीजीपी

### झारखंड को नशा मुक्त बनाने का कार्यक्रम खूंटी में संगोष्ठी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड को नशा मुक्त करने की दिशा में राज्य सरकार गंभीर है। इस दिशा में अफीम को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए मुहिम को तेज कर दिया है। ग्रामीणों को जागरूक करने के साथ-साथ अफीम की खेती करने वाले माफिया, किसान एवं जनप्रतिनिधियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेजने तक की कार्रवाई की जा रही है। इसी अभियान के बीच राज्य के डीजीपी एवं गृह सचिव रांची के बुंडू में शनिवार को एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। पुलिस के इस अभियान को जनप्रतिनिधियों ने सराहा और कंधे से कंधा मिलाकर अफीम को विनष्ट करने का संकल्प लिया। गृह सचिव की अगुवाई में दोबारा अफीम की खेती को नहीं करने की शपथ दिलायी गयी।

**पहले समझायेंगे, नहीं माने तो जेल :** डीजीपी अनुराग गुप्ता, गृह एवं कारा सचिव वंदना डांडेल, वन व कृषि सचिव अबु बकर सिद्दिकी, जिले के उपायुक्त लोकेश मिश्रा, एसपी अमन कुमार कार्यशाला में शामिल थे। कार्यशाला में डीजीपी ने कहा कि झारखंड सरकार ने निर्णय लिया है कि हम किसी भी हाल में अफीम की खेती को रोकेंगे। पहले हम गांव वालों को समझाएंगे, बुझाएंगे। इसके बाद भी नहीं माने तो जेल जायेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में एनडीपीएस के साथ-साथ वनवाद भी दायर होगा।

**सख्त कार्रवाई होगी :** गृह सचिव वंदना दादेल ने कहा कि जीरो टॉलरेंस के तहत अब अफीम उगाने वालों पर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि मुखिया और ग्रामप्रधान स्पष्ट रूप से जान लें कि अफीम की खेती अवैध और गैर कानूनी है।

### वन अधिकारियों पर भी कार्रवाई संभव : सिद्दिकी

कृषि व वन सचिव अबुबकर सिद्दिकी ने कहा कि वन विभाग के पदाधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देष दिया गया है कि किसी भी हाल में वन भूमि पर अफीम की खेती ना हो, यह सुनिश्चित किया जाये। अगर वन विभाग के अधिकारियों या कर्मियों की मिलीभगत अफीम की खेती में मिली तो, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। एनडीपीएस एक्ट के साथ वन अधिनियम के तहत भी केस दर्ज किया जायेगा। कार्यक्रम के उद्देश्यों की चर्चा करते हुए डीसी लोकेश मिश्रा ने कहा कि जिला में अफीम की खेती एक सामाजिक समस्या बन चुकी है। एसपी अमन कुमार ने अफीम की खेती से मानव जीवन पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की चर्चा करते हुए लोगों से अपने परिवार, समाज और जिला के हित में अफीम की खेती से स्वयं को दूर रहने की अपील की।

### भारी राजस्व क्षति से बचाव को ले कर निबंधन आइजी का निर्देश

# खनन पट्टा निबंधन में सख्ती, अब सभी तथ्यों का जिक्र जरूरी

### एजी की आपत्ति के बाद सरकार ने उठाया कड़ा कदम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार ने भारी राजस्व क्षति से बचने के लिए अब खनन पट्टा निबंधन में सख्त कदम उठाया है। महालेखाकार की आपत्ति के बाद अब खनन पट्टे पर मुद्रांक शुल्क एवं निबंधन शुल्क को प्रभावित करने वाले सभी तथ्यों का पूर्ण रूप से वर्णन कराया जायेगा। प्रमंडलीय आयुक्त द्वारा अनुमोदित लीज प्रारूप के आधार पर अनुमोदन प्राप्त करने के उपरांत निबंधन शुल्क की गणना पर उपायुक्त का अनुमोदन लिया जायेगा। आयुक्त-उपायुक्त की अनुमति के बाद ही अब



खनन विभाग को सूचित किया जायेगा। इस संबंध में निबंधन आइजी आदित्य कुमार आनंद ने सभी उपायुक्त, जिला अवर निबंधक, सभी अवर निबंधक को पत्र लिखा है। खनन पट्टे के लिए दी गयी जमीन के निबंधन में सरकार को करोड़ों के राजस्व क्षति हो रही थी। सरकार ने इस पर मंथन के बाद यह कदम उठाया।

**निबंधन शुल्क की गणना :** मुद्रांक शुल्क एवं निबंधन शुल्क की गणना निबंधन पदाधिकारी करते हैं। परंतु इस गणना का आधार दस्तावेज से प्राप्त होने वाले खनन राजस्व तथा नीलामी की राशि (चाहे किसी भी नाम से हो), रॉयल्टी, लगान, डीएमएफटी, भूतल लगान आदि है, जिसका स्पष्ट वर्णन दस्तावेज में आवश्यक है। निबंधन आइजी ने कहा कि राजस्व की सही वसूली के लिए यह आवश्यक है कि खनन पट्टे में ऐसे समस्त तथ्यों को पूर्ण रूप से अंकित किया जाये जिनके आधार पर निबंधन शुल्क एवं मुद्रांक शुल्क की वसूली की जा सके।

(शेष पेज 11 पर)

### दंड का भी प्रावधान

निबंधन आइजी ने कहा है कि भारतीय मुद्रांक अधिनियम, 1899 की धारा 27 के अन्तर्गत मुद्रांक की प्रभार्यता से सम्बंधित शासन आवश्यक तथ्यों विलेख मे अनिवार्य वर्णन आवश्यक है। भारतीय मुद्रांक अधिनियम, 1899 की धारा 64 के अन्तर्गत धारा 27 का समुचित अनुपालन नहीं होने तथा राजस्व क्षति की स्थिति में संबंधित व्यक्ति को दंडित किये जाने का स्पष्ट प्रावधान है। निबंधित खनन पट्टे की नीलामी की राशि, डीएमएफटी एवं सभी प्रकार की सरकारी भुगतेय की राशि का स्पष्ट वर्णन नहीं होने के कारण सरकार को बड़े पैमाने पर राजस्व की क्षति हुई है। इस संदर्भ में महानिबंधक, झारखंड ने भी आपति की है।

## गढ़वा डीसी ने अनियमितता के तीन अलग-अलग मामलों में की सख्त कार्रवाई

# अबुआ आवास में गड़बड़ी करने वाले मुखिया व पंचायत सेवक निलंबित, बीडीओ-कोर्डिनेटर को किया शोकॉज

### खरौंधी पंचायत में अयोग्य लाभुकों को अबुआ आवास देने का मामला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/गढ़वा।** खरौंधी प्रखण्ड के खरौंधी में अयोग्य लाभुकों को अबुआ आवास का लाभ देने संबंधी शिकायत की जांच में पाया गया कि 9 अयोग्य लाभुकों को आवास की स्वीकृति दी गयी है। इसमें 7 लाभुकों के खाते में प्रथम किस्त की राशि भी विमुक्त कर दी गयी है। जांच में पता चलने के बाद शेष दो लाभुकों के खाता में राशि अंतरित नहीं की गयी। वहीं, सभी सात लाभुकों से खाते से राशि वापस ले ली गयी। जांच के बाद स्पष्ट हुआ कि लाभुकों का ग्रामसभा से चयन, निबंधन एवं जियोटैग में लापरवाही एवं अनियमितता बरती गयी है।

डीसी शेखर जमुआर ने इस मामले में कड़ी कार्रवाई की है। इसमें शशि कुमार, पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत खरौंधी को निलंबित कर दिया गया है। खरौंधी पंचायत की मुखिया मंजु देवी को निलंबित करने की अनुशंसा राज्य निर्वाचन आयोग को कर दी गयी है, जबकि रविरंजन प्रखण्ड समन्वयक एवं रवीन्द्र कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी, खरौन्धी को पर्यवेक्षण में लापरवाही बरतने के आरोप में शोकॉज किया गया है।

उपायुक्त ने बताया कि आवास विहीन लोगों को अबुआ आवास योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाना है। आवास का लाभ योग्य लाभुकों को ही दिया जाये। किसी भी परिस्थिति में अयोग्य लाभुकों को योजना का लाभ लिए जाने का मामला संज्ञान में आएगा तो दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### रामपुर पैक्स में धान क्रय में गड़बड़ी अध्यक्ष रवीन्द्र सिंह पर प्राथमिकी दर्ज

**योजना के कार्यान्वयन में गड़बड़ी करनेवाले पर होगी कड़ी कानूनी कार्रवाई : उपायुक्त**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/गढ़वा।** मझिआंव प्रखंड के रामपुर पैक्स में धान क्रय के दौरान कालाबाजारी संबंधी भारी अनियमितता की शिकायत की जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं जिला सहकारिता पदाधिकारी गढ़वा द्वारा संयुक्त रूप से जांच करायी गयी। इसमें पाया गया कि धान अधिप्राप्ति विपणण मौसम 2024-25 अंतर्गत उपार्जन पोर्टल में प्रदर्शित 5375 क्विंटल के विरूद्ध उनके गोदाम में मात्र 2693 क्विंटल धान पाया गया। निरीक्षण के समय लगभग 2300 क्विंटल धान गोदाम में नहीं पाया गया। भारी अनियमितता के लिए रामपुर पैक्स के अध्यक्ष रवीन्द्र सिंह से स्पष्टीकरण पूछा गया। अध्यक्ष द्वारा प्राप्त स्पष्टीकरण स्वीकार्य योग्य नहीं था, जिसे अस्वीकृत कर दिया गया। साथ ही अनियमितता के लिए जिला सहकारिता पदाधिकारी के माध्यम से रवीन्द्र सिंह के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत मझिआंव थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

डीसी शेखर जमुआर ने बताया कि सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन में सरकार द्वारा जारी निर्देश का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। सरकारी योजनाओं में किसी भी स्तर पर अनियमितता प्रकाश में आने पर जिला प्रशासन द्वारा कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### मंइयां सम्मान योजना में जालसाजी करने वाले पर हुई कठोर कार्रवाई

**सीएससी संचालकों ने योग्य लाभुकों को पैसा लौटाया**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/गढ़वा।** खरौंधी प्रखंड की कुपा पंचायत के सीएससी संचालक नवनीत कुमार पटेल, सत्यनारयण गुप्ता एवं अजीत प्रजापति द्वारा गलत मंशा से जान बुझकर मइयां सम्मान योजना के कुछ लाभुकों के खाता संख्या एवं आईएफसी कोड के स्थान पर अपने सगे संबंधी/ रिश्तेदार का संख्या एवं आईएफसी कोड पोर्टल पर प्रविष्टि करने का मामला प्रकाश में आया था। मामला संज्ञान में आने के बाद अंचल अधिकारी, खरौंधी से जांच करायी गयी। जांच के क्रम में शिकायत सही पायी गयी। प्रतिवेदित किया गया है कि सीएससी संचालकों द्वारा इन्ट्री के समय लाभुक के खाता के स्थान पर अपना या अपने सगे संबंधी का खाता डाल दिया गया है। नतीजा राशि लाभुक के खाता में नहीं जाकर इनके या इनके सगे लोगों के खाता में जा रहा था। जांच में स्पष्ट हुआ कि ग्राम कुपा के 7 लाभुकों की राशि सीएससी संचालक नवनीत पटेल की पत्नी रेशमी देवी के खाता में अंतरित हुआ है। वहीं 5 लाभुकों का पैसा सीएससी संचालक सत्यनारायण गुप्ता के खाते में तथा 9 लाभुकों की राशि सीएससी संचालक अजीत प्रजापति की माता लालती देवी के खाता में गया है।

तीनो सीएससी ऑपरेटरों द्वारा योग्य लाभुकों के खाते में बैंक के माध्यम से मंईयां सम्मान योजना की राशि हस्तांतरित करायी गयी तथा तीनों सीएससी संचालकों का आईडी निरस्त कर दिया गया।

## नगर निकाय चुनाव की तैयारी

### प्रदेश कांग्रेस अलग-अलग कमेटी बनायेगी, पर्यवेक्षक भी होंगे नियुक्त



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** दिल्ली से लौटने के बाद कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में नगर निकाय चुनाव को लेकर शनिवार को बैठक में कहा कि राज्य के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने में नगर निकाय चुनाव अहम भूमिका निभाते हैं। गांव की सरकार जहां ग्रामीण क्षेत्रों में विकासोन्मुखी तरीके से काम करती है, वहीं नगर निकाय शहरी विकास का रास्ता खोलता है।

कांग्रेस के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि निकट भविष्य में राज्य में होने वाले नगर निकाय चुनाव के सफल संचालन के लिए प्रदेश कांग्रेस पार्टी 11 सदस्यीय प्रदेश चुनाव समिति का गठन करेगी। नगर निगम क्षेत्र के लिए 9, नगर परिषद के लिए 5 और नगर पंचायत के लिए 5 सदस्यीय समिति का गठन होगा इसके अलावा प्रत्येक नगर निगम, नगर परिषद और नगर पंचायत के लिए दो-दो पर्यवेक्षक नियुक्त किए जाएंगे, जो उक्त क्षेत्रों में जाकर प्रत्याशी चयन, बूथ कमेटी, वार्ड कमेटी, पंचायत कमेटी के महत्व को देखेंगे और वहां के स्थानीय लोगों के साथ सामंजस्य स्थापित करने का काम करेंगे।

**बैठक में ये नेता शामिल हुए :** इस बैठक में केएन त्रिपाठी, रवींद्र सिंह, भीम कुमार, सुल्तान अहमद, शमशेर आलम, राकेश सिन्हा, जगदीश साहू, शमशेर आलम 'धनबाद', मो. रियाज, महेंद्र मिश्रा, पप्पू अजहर, सतीश पॉल मुंजनी, बिनय सिन्हा दीपू, राजन वर्मा, आलोक दुबे, शांतनु मिश्रा, डॉ. राजेश गुप्ता छोटू, गजेंद्र सिंह, जमील अख्तर, नागेंद्र प्रसाद, राकेश महतो, कुशवाहा आदि नेता रहे।

## खबर एक नजर में

### सीएम से मिले गुमला डीसी



रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शनिवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में गुमला डीसी कर्ण सत्यार्थी मिले। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने गुमला डीसी को जिले के समग्र विकास के लिए किए गए उत्कृष्ट कार्यों को लेकर केंद्र सरकार द्वारा लोक प्रशासन के क्षेत्र में पीएम अवार्ड सम्मान के लिए चयन होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### बीपीएससी ने 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा की फाइनल आंसर-की जारी की

रांची। बिहार लोक सेवा आयोग ने 70वीं संयुक्त प्रतियोगी (प्रारंभिक) परीक्षा 2024 की फाइनल आंसर-की जारी कर दी है। अभ्यर्थी बीपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आंसर-की डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा 13 दिसंबर 2024 को हुई थी। इस परीक्षा से 2,035 पदों पर बहाली होनी है।

**ऐस करें आंसर-की डाउनलोड :** बीपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर जायें। बीपीएससी 70वीं सीसीई फाइनल आंसर-की 2024 डाउनलोड करने के लिए दिए गए लिंक पर क्लिक करें। फाइनल आंसर-की पीडीएफ फॉर्मेट में दिखाई देगा और आंसर-की को डाउनलोड करें।

### आजसू के हजारीबाग जिला कमेटी का विस्तार, सत्यम बने जिलाध्यक्ष

रांची। अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के हजारीबाग जिला कमेटी का शनिवार को विस्तार किया गया। इसमें मुख्य रूप से छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा, युवा संयोजक चेतन प्रकाश, अजीत कुमार , दीपक कुमार, जिला प्रवक्ता शिवम मिश्रा जिला संयोजक शुभम राणा उपस्थित थे। जिला अध्यक्ष सत्यम सिंह, नगर अध्यक्ष राहुल यादव बनाए गये हैं। वहीं, कमेटी में जिला उपाध्यक्ष: विशु नायक, कारण कुमार, आकाश यादव, रिंकू यादव, जिला सचिव: मोहित यादव, सहसचिव : राहुल सिंह, संगठन सचिव: संकेत ठाकुर, किशन सिंह, जिला कोषाध्यक: करण गोप बनाये गये हैं। वहीं, नगर कमिटी में कार्यकरी उपाध्यक्ष: ऋषि निराला, नगर महासचिव: पंकज कुमार, उपाध्यक: विशाल बालाजी, सचिव: सचिन मेहता, मीडिया प्रभारी: उज्जवल पाठक , सोशल मीडिया प्रभारी: आशीष राणा बनाये गये हैं।

### जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा पेपर लीक मामले में चौंकाने वाले खुलासे : बाबूलाल

**रांची।** भजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा पेपर लीक मामले की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, उससे चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि पेपर लीक माफियाओं द्वारा रची गई सुनियोजित साजिश का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पेपर लीक गिरोह ने परीक्षा से एक दिन पहले ही प्रश्नों के उत्तर उपलब्ध करा दिए थे।

**आयोग की संलिप्तता से इंकार नहीं किया जा सकता :** इतना सब होने के बावजूद जिस हड़बड़ाहट में खुद को क्लीन चिट देकर आयोग द्वारा परीक्षा परिणाम जारी किया घोषित किए गये। उससे पेपर लीक की साजिश में आयोग की संलिप्तता से इंकार नहीं किया जा सकता। मुख्यमंत्री इस मामले की गंभीरता को समझते हुए आयोग की संभावित लापरवाही की जांच और पेपर लीक माफियाओं पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करें।

## कोल कर्मियों को पीएफ पर मिलेगा 7.6 प्रतिशत ब्याज



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कोयला कर्मियों के भविष्य निधि (पीएफ) पर वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 7.6 प्रतिशत ब्याज दर तय की गई है। यह दर पिछले वर्ष की तरह ही बनी रहेगी।

**ब्याज दर तय करने की प्रक्रिया :** शुक्रवार को हैदराबाद में आयोजित सीएम पीएफओ (कोल माइन्स प्रॉविडेंट फंड ऑर्गेनाइजेशन) बोर्ड ऑफ ट्रस्टी की बैठक में इस पर सहमति बनी। यह ब्याज दर वित्त मंत्रालय की स्वीकृति के बाद पीएफ फंड में जोड़ी जायेगी।

**पेंशन फंड को मजबूत करने पर चर्चा :** बैठक में पेंशन फंड को सुदृढ़ करने के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा हुई। हालांकि इसपर कोई अंतिम निर्णय नहीं हो पाया। पेंशन में बदलाव और इसे मजबूत करने के लिए विभिन्न सुझाव सामने आए।

**पेंशन फंड के लिए सुझाव :** एटक के रमेंद्र कुमार ने पेंशन में बदलाव और वृद्धि की मांग उठायी। कुछ सदस्यों ने केंद्र सरकार की यूनिफाइड पेंशन स्कीम लागू करने का सुझाव दिया।

### प्रवीण प्रभाकर की घर वापसी, आज होंगे आजसू में शामिल

**रांची।** झारखंड की सियासत में बड़ा बदलाव होने वाला है। प्रवीण प्रभाकर रविवार 19 जनवरी को आजसू पार्टी में शामिल होंगे। ज्वाइनिंग को लेकर हरमू स्थित आजसू पार्टी मुख्यालय में 1:30 बजे कार्यक्रम रखा गया है। इसमें प्रवीण प्रभाकर के अलावा बड़ी संख्या में और लोग भी आजसू का दामन थामेंगे। प्रवीण प्रभाकर आंदोलनकारी नेता हैं और कभी आजसू के कोर टीम के नेता हुआ करते थे। इससे पहले वे प्रदेश बीजेपी के प्रवक्ता भी थे। प्रवीण प्रभाकर ने हाल ही में आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो से मुलाकात की थी। इसके साथ ही उन्होंने अपने फेसबुक अकाउंट में उनके साथ तस्वीर भी शेयर की थी।

## रिम्स में डॉक्टर, नर्स के साथ थर्ड और फोर्थ ग्रेड में 418 पदों पर होगी नियुक्ति

### रिम्स को मिलेंगे चार सौ अधिक पदों पर स्थायी कर्मचारी




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रिम्स में मैनपावर की कमी दूर करने के लिए अगले छह महीने में 418 पदों पर स्थायी नियुक्ति की जाएगी। इसकी भर्ती प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। फरवरी के दूसरे सप्ताह से फैकल्टी पदों के लिए इंटरव्यू शुरू होंगे। अब तक 350 से अधिक आवेदन आ चुके हैं, जिनकी स्क्रीनिंग पूरी हो चुकी है। चयन समिति के चेयरपर्सन को फाइल भेजी गई है, उनके अनुमोदन के बाद उम्मीदवारों को इंटरव्यू के लिए बुलाया जायेगा।

**इन पदों पर होगी नियुक्ति**
- डॉक्टरों के 150 पद
- नर्सों के 144 पद
- थर्ड व फोर्थ ग्रेड के 124 पद

**रिम्स में स्टाफ की कमी :** पिछले 2-3 सालों में रिम्स के बेड 2200 तक बढ़ गए हैं, लेकिन स्टाफ की कमी बनी हुई है। लगभग 50% पद खाली हैं, जिन्हें प्राथमिकता के आधार पर भरा जाएगा ताकि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सके। रिम्स में 1050 नर्सों की जरूरत है। 144 नर्सों की भर्ती होगी, जिसके लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जल्द ही जेएसएससी की ओर से विज्ञापन जारी किया जाएगा। फोर्थ ग्रेड के 124 पदों पर भी भर्ती प्रक्रिया जारी है।

### सांसद सुखदेव भगत और निशिकांत बने देवघर एम्स में शासी निकाय के सदस्य

**दोनों सांसदों का होगा पांच सालों का कार्यकाल**





**रांची।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने झारखंड के दो सांसदों डॉ निशिकांत दुबे और सुखदेव भगत को देवघर एम्स के शासी निकाय का सदस्य बनाया गया है। इस निर्णय से संबंधित गजट स्वास्थ्य मंत्रालय ने जारी किया है। इसमें बताया गया है कि इन दोनों सांसदों का कार्यकाल पांच सालों तक रहेगा।

**शासी निकाय की जिम्मेदारी :** गजट में इस बात का भी जिक्र किया गया है कि शासी निकाय एम्स के विकास और सुविधाओं पर नियमित रूप से बैठक करेगी और अपनी शक्तियों का प्रयोग करेगी। यह शासी निकाय एम्स की कार्यकारी समिति के रूप में कार्य करेगी और इसमें एम्स के सभी प्रमुख निर्णय लिए जाएंगे।

**जेपीसी समिति के सदस्य भी हैं सुखदेव भगत :** गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे लगातार चौथी बार चुनाव जीतकर सांसद बने हैं। इसके साथ ही वे झारखंड के सबसे संपन्न सांसद के रूप में जाने जाते हैं। वहीं, लोहरदगा के सांसद सुखदेव भगत ने 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी के समीर उरांव को हराया था। सुखदेव भगत वन नेशन-वन इलेक्शन की जेपीसी समिति के सदस्य भी हैं। दोनों सांसद सदन में अपनी मुखर उपस्थिति के लिए पहचाने जाते हैं।

## 28 फरवरी तक झामुमो का चलेगा सदस्यता अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झामुमो की जिन जिला इकाइयों को भंग किया गया है, वहां जिला संयोजक मंडली का गठन किया गया है। झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडेय ने इस संबंध में आधिकारिक अधिसूचना जारी की है। झामुमो का सदस्यता अभियान 18 जनवरी से 28 फरवरी तक युद्धस्तर पर चलाने का निर्णय लिया गया है। साथ ही सभी स्तर के नेता व कार्यकर्ताओं को शामिल करें। व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर पार्टी हित में सदस्यता अभियान को सफल बनाएं।

बता दें कि सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने केंद्रीय महाधिवेशन से पहले जिला कमेटियों के पुनर्गठन की कवायद आरंभ की है। दुमका, धनबाद और हजारीबाग को छोड़कर पार्टी की सभी जिला स्तर से लेकर बूथ स्तर तक की कमेटियां को भंग कर दी गई है।

**सदस्यता अभियान को सफल बनाने के निर्देश :** विनोद पांडेय ने संयोजकों को निर्देश दिया है कि सदस्यता अभियान के सफल संचालन के लिए पार्टी के केंद्रीय समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों, वरिष्ठ नेताओं से सहयोग और मार्गदर्शन प्राप्त करें।

**45 दिन के अंदर होगा पुनर्गठन :** निर्देश जारी किया गया है कि केंद्रीय समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों से समन्वय स्थापित करते हुए अगले 45 दिनों के अंदर सभी पंचायत और वार्ड समितियों का गठन, पुनर्गठन करें। इसके बाद, प्रखंड, नगर, महानगर समितियों के गठन, पुनर्गठन के लिए नामों की अनुशंसा (संपर्क संख्या और वाट्सएप संख्या सहित) अनिवार्य रूप से करते हुए केंद्रीय कार्यालय को सौंपें।

## दिल्ली में रास सांसद ने किया चुनाव प्रचार

### दिल्ली सरकार दिल्ली वालों के लिए आपदा बन गयी : डॉ प्रदीप

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** दिल्ली प्रदेश में होने वाले विधान सभा चुनाव के निमित्त सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने सघन जनसंपर्क अभियान चलाया और लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। आगामी विधानसभा चुनाव के आलोक में दिल्ली प्रदेश भाजपा द्वारा आयोजित स्वर्णकार सम्मेलन में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि दिल्ली की सरकार दिल्लीवालों के लिए आपदा बन गयी है। समाज के हर तबके को इन्होंने ठगा और सत्ता हासिल किया। सड़कें, नालियां बदहाल स्थिति में हैं। लोग स्वच्छ पेयजल के अभाव में गंभीर बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। स्वास्थ्य सुविधा में गंभीर भ्रष्टाचार है केन्द्र की सवास्थ्य योजनाओं से जनता को वंचित रखा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि आपदा सरकार यमुना की सफाई में विफल हो गयी है। जनसरोकार से मुंह मोड़ लिया है। शिक्षा स्वास्थ्य और शराब में घोटाला करना शीशमहल का निर्माण करवाना इनकी प्राथमिकता हो गयी है। इस जनविरोधी भ्रष्टाचारी वादों से मुकरने वाली सरकार जिसके कारण प्रदेश का विकास रूक गया है। उसे सबक सिखाना है। पिछले दस वर्षों से चल रहे इनके कुशासन को और जनविरोधी सरकार को उखाड़ फेंकना है। इस बार के विधान सभा चुनाव में भाजपा को अपना आशीर्वाद देकर डबल इंजन की सरकार बनायें।

## झारखंड विधानसभा में 25 समितियों का पुनर्गठन

# विधायक कल्पना सोरेन बनीं महिला एवं बाल विकास समिति की सभापति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने विधानसभा की 25 समितियों का पुनर्गठन किया है। इसके लिए सभापति और सदस्यों के नामों की अधिसूचना जारी कर दी गई है। अधिसूचना के अनुसार, गांडेय की झामुमो विधायक कल्पना सोरेन को महिला एवं बाल विकास समिति का सभापति बनाया गया है। बरही के भाजपा विधायक मनोज कुमार यादव को लोकलेखा समिति की जिम्मेदारी दी गई है।रबींद्रनाथ महतो विशेषाधिकार समिति, नियम समिति और याचिका समिति के सभापति होंगे।

प्रमुख समितियों के नये अध्यक्ष : सत्येंद्र नाथ तिवारी (भाजपा, गढ़वा)- सामान्य प्रयोजन समिति। हेमलाल मुर्मू (झामुमो, लिट्टीपाड़ा) - प्राक्कलन समिति। निरल पूर्ति (झामुमो, मझगांव)- सरकारी उपक्रम समिति। अरूप चटर्जी (माले, निरसा)- सरकारी आश्वासन समिति। बसंत सोरेन (झामुमो, दुमका)- प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति। प्रदीप यादव (पोड़ैयाहाट) - जिप एवं पंचायती राज समिति। रामेश्वर उरांव (कांग्रेस, लोहरदगा)- आंतरिक संसाधन एवं केंद्रीय सहायता समिति। उमाकांत रजक (झामुमो, चंदनक्यारी)- निवेदन समिति। स्टीफन मरांडी (महेशपुर)- एससी-एसटी, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति। रामचन्द्र सिंह (मनिका, कांग्रेस)- सदाचार समिति। नीरा यादव (कोडरमा, भाजपा)- पुस्तकालय विकास समिति। उदयशंकर सिंह (सारठ, झामुमो)- पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति। सीसी सिंह (रांची, भाजपा) - विधायक निधि अनुश्रवण समिति। भूषण तिर्की (गुमला, झामुमो)- शून्यकाल समिति। राज सिन्हा (धनबाद, भाजपा)- गैर सरकारी संकल्प समिति। सुरेश पासवान (देवघर, राजद) - अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समिति। सविता महतो (ईचागढ़, झामुमो)- युवा कल्याण, संस्कृति एवं पर्यटन विकास समिति। दशरथ गगराई (खरसावां, झामुमो) - आवास समिति। सरयू राय (जमशेदपुर प., निर्दलीय)- प्रत्यायुक्त समिति। विकास मुंडा (तमाड़)- खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले समिति।

# राजधानी रांची से महाकुंभ स्पेशल ट्रेन का परिचालन 19 से, 38 बार होगा आवागमन

**रांची से 10 महाकुंभ स्पेशल ट्रेनों का होगा परिचालन, इन ट्रेनों में जेनरल, स्लीपर और एसी बोगियां भी होंगी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची से महाकुंभ स्पेशल ट्रेन का परिचालन 19 जनवरी से शुरू हो जाएगा। रविवार को सुबह 10 बजे केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

बताते चलें कि रांची से 10 महाकुंभ स्पेशल ट्रेनों का परिचालन होगा। इन ट्रेनों में जेनरल, स्लीपर और एसी बोगियां भी उपलब्ध होंगी। कुल 38 बार इन ट्रेनों का परिचालन होगा।

**केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ हरी झंडी दिखाकर करेंगे रवाना**





### किस ट्रेन का कब होगा परिचालन



1. रांची-टूंडला, ट्रेन संख्या 08067 और 08969(19 जनवरी)
2. टूंडला-रांची, ट्रेन संख्या 08068(20 जनवरी)
3. भुवनेश्वर-टूंडला, ट्रेन संख्या 08425( 22 जनवरी, पांच फरवरी और 25 फरवरी)
4. टूंडला-भुवनेश्वर, ट्रेन संख्या 08426( 24 जनवरी, सात फरवरी 21 फरवरी और 28 फरवरी)
5. टिटिलागढ़-टूंडला, ट्रेन संख्या 08314(23 जनवरी, छह फरवरी, 20 और 25 फरवरी)
6. टूंडला-टिटिलागढ़, ट्रेन संख्या 08313(25 जनवरी, 8 फरवरी, 22 फरवरी और 1 मार्च)
7. तिरुपति-बनारस, ट्रेन संख्या-07107(8 फरवरी, 15 फरवरी और 22 फरवरी)
8. बनारस-विजयवाड़ा, ट्रेन संख्या-07108 ( 20 जनवरी, 10 फरवरी, 17 फरवरी और 24 फरवरी)
9. नरसापुर-बनारस, ट्रेन संख्या 07109 ( 26 जनवरी और दो फरवरी)
10. बनारस-नरसापुर, ट्रेन संख्या-07110(27 जनवरी और तीन फरवरी)

### आदिम जनजाति बिरहोर की मौत मामला

**एनएचआरसी ने हजारीबाग डीसी, एसपी और श्रमायुक्त को भेजा रिमाइंडर**

**रांची।** आदिम जनजाति बिरहोर मौत मामले में एनएचआरसी ने हजारीबाग डीसी, एसपी और श्रमायुक्त झारखंड को रिमाइंडर भेजा है। हजारीबाग जिले के केरेडारी प्रखंड में भारत सरकार की महारत्न कंपनी एनटीपीसी के चट्टी बरियातू कोल परियोजना में खनन के दुष्प्रभाव से आदिम जनजाति समुदाय के किरणी बिरहोर और बहादुर बिरहोर की मौत के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा पूर्व में 25 नवम्बर 2024 को मांगी गई कार्रवाई की रिपोर्ट नहीं भेजे जाने पर हजारीबाग डीसी, एसपी और रांची श्रमायुक्त को रिमाइंडर भेजते हुए 24 फरवरी तक रिपोर्ट मांगा है। अगर समय से रिपोर्ट नही भेजा जाता है तो कार्रवाई की चेतावनी दी गयी है।

उत्तराखण्ड शासन | देवभूमि रजत उत्सव | युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय MINISTRY OF YOUTH AFFAIRS AND SPORTS | INDIA

38वें राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड 25 रजत जयंती वर्ष

# 38वें राष्ट्रीय खेल

# उत्तराखण्ड में आपका हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन



**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

## 28 जनवरी-14 फरवरी, 2025



**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

## इन स्थानों पर होंगे नेशनल गेम्स

**देहरादून:** स्क्वॉश, तीरंदाजी, शूटिंग पिस्टल और राइफल, 5 गुणा 5 और 3 गुणा 3 बास्केटबॉल, जिम्नास्टिक, नेटबॉल, वुशु, जूडो, रग्बी सेवन्स, लॉन बॉल, एथलेटिक्स, वेटलिफ्टिंग, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, टेनिस।

**ऋषिकेश टिहरी:** इक्सट्रीम सलालम, कैनोई सलालम, बीच हैंडबॉल, बीच वॉलीबॉल, बीच कबड्डी।

**ऊधमसिंह नगर:** साइकिलिंग ट्रैक, साइकिलिंग रोड, हैंडबॉल, वॉलीबॉल, शूटिंग ट्रैप, स्केट, मलखंब।

**हल्द्वानी:** फुटबॉल, खो-खो, ताइक्वांडो, मॉडर्न पैंटॉथालान, स्वीमिंग, फेंसिंग, ट्रायथलॉन।

**हरिद्वार:** हॉकी, कबड्डी, कुश्ती, कलारीपयट्टू।

**नई टिहरी:** क्याकिंग और कैनोइंग (स्प्रिंट), रोइंग।

**नैनीताल (भीमताल):** साइकिलिंग एमटीबी।

**अल्मोड़ा:** योगासन।

**पिथौरागढ़:** बॉक्सिंग।

**चंपावत:** रॉफ्टिंग।

## संकल्प से शिखर तक

देशभर के करीब 10,000 खिलाड़ी अपना हुनर दिखाएंगे

राष्ट्रीय खेलों के आयोजन से उत्तराखण्ड की खेल प्रतिभाओं को एक नया मंच मिलेगा

35 खेल स्पर्धाओं में दमखम दिखाएंगे देशभर के खिलाड़ी

योग व मलखंब को किया गया है राष्ट्रीय खेलों में शामिल



तेजस्विनी (मशाल)



मौली (मैस्कट)







अधिक जानकारी के लिए लॉगइन करें:-
https://38nguk.in/

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी

www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

## स्पीड न्यूज

### चतरा सांसद की पहल पर बांटा गया कंबल



**पांकी पलामू (शिवशंकर पासवान)।** चतरा सांसद कालीचरण सिंह की पहल पर पांकी के तेतराई पंचायत व नीलांबर पितांबरपुर के भाकासी में सांसद की धर्मपत्नी जयमती देवी ने वृद्ध एवं असहायों के बीच कंबल बांटा। पांकी प्रखंड केकरार पंचायत के चंद्रपुर, तेतराई पंचायत के कामत, बचदोहर नीलांबर पितांबारपुर, (लेस्लीगंज) के भाकासी और फुलांग के लोगों के बीच करीब 300 कंबल बांटे गये। मौके पर शत्रुघ्न सिंह, ललित मेहता, कुंदन सिंह, रीमा शर्मा, नीलम देवी, संकेश्वर सिंह आदि थे।

### तीर्थयात्रियों को किया गया रवाना



**पांकी पलामू।** ओबीसी जिलाध्यक्ष शंकर प्रसाद ने पांकी विस क्षेत्र के पांकी पूर्वी पंचायत से हरी झंडी दिखाकर तीर्थयात्रियों को महाकुंभ, बनारस, प्रयागराज, अयोध्या, काशी जैसे पवित्र धामों के लिए रवाना किया। राम जानकी मंदिर के पुजारी वीरेंद्र पांडे उनके सहयोगी राहुल पाठक ने पूजा करायी। मौके पर शंकर प्रसाद, राजदेव मेहता, पूरन प्रसाद, सत्येंद्र प्रसाद, घनश्याम प्रसाद, महेंद्र मिस्त्री, राजकुमार साहू और कई अन्य लोग उपस्थित रहे। तीर्थयात्रियों की सुखद, मंगलमय और सुरक्षित यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी।

### प्रजापिता ब्रह्मा का 56वां स्मृति दिवस शांति दिवस के रूप में मना: बीके नीरज



**हुसैनाबाद पलामू।** शहर के मधुशाला रोड स्थित प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सद्भावना भवन में ब्रह्मा बाबा की स्मृति दिवस मनायी गयी। स्मृति दिवस को विश्व शांति दिवस के रूप में मनाकर बाबा को श्रद्धांजलि दी गयी। सभी ने बाबा की सादगीपूर्ण जीवन की चर्चा की। श्रद्धांजलि सभी बीके भाई बहनों ने फूल पुष्प से की। मौके पर बीके नीरज भाई ने बताया कि 18 जनवरी का दिन सृष्टि चक्र में एक अत्यंत ऐतिहासिक दिन है।

### 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का भूमि पूजन



**सतबरवा।** नारी सशक्तिकरण एवं शक्ति संवर्धन 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का भूमि पूजन सतबरवा के ट्रेनिंग कॉलेज के मैदान में शनिवार को पलामू उपजोन प्रभारी शिवशंकर सिंह की उपस्थिति में परिवाचक रंजन सिंह ने भजन पूजन कार्यक्रम कराया। इसके अंतर्गत विचार क्रांति अभियान का झंडा फहराया एवं पूजन हवन किया। मुख्य अतिथि यजमान सतबरवा जिप सदस्य सुधा कुमारी थीं। बताया गया कि यज्ञ का कार्यक्रम 20 से 23 फरवरी तक होगा। मौके पर शिवशंकर पांडेय, सरिता मेहता, निरंजन प्रसाद, संजय कुमार, सत्यनारायण मेहता, कमलेश कुमार, संतोष प्रजापति, विनोद चौधरी, कंचन देवी, उषा कुमारी, सुशील गुप्ता, वीरेंद्र साहू, सुरेश सिंह आदि थे।

### ऑनलाइन दवा क्रय से है चुनौतियां : धर्मेंद्र



**मेदिनीनगर।** झारखंड केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन शाखा पलामू की बैठक में संगठन की मजबूती एवं दवा व्यवसाय में आ रही कठिनाइयों समेत विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। धर्मेंद्र उपाध्याय ने कहा कि ऑल इंडिया आर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट तथा झारखंड केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के दिशा निर्देश पर यह बैठक हो रही है। उन्होंने कहा कि ऑन लाईन दवा क्रय से दवा व्यवसायियों को कई प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर राज्य सरकार अविलंब रोक लगाये। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भरत जायसवाल ने की। मौके पर अजय कुमार, सिटु पाठक व कई लोग मौजूद थे।

### वार्ड पांच के पार्षद ने किया कंबल वितरण



**विश्रामपुर पलामू।** नप के रेहला कस्बा के वार्ड पांच के नगर पार्षद नरेंद्र राम गुड्डू ने शुक्र बाजार स्थित आवास पर आयोजित कंबल वितरण समारोह में अत्यंत जरूरतमंद और अभावग्रस्त के बीच 220 उत्तम क्वालिटी का कंबल और गर्म लोई का वितरण किया। दर्जनों निर्धन वृद्धा, बेवा और नि:शक्त और बुजुर्ग महिलाएं कंबल पाकर खुश थीं। वितरण में मुख्य अतिथि रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार और सहकर्मी पुलिस पदाधिकारी एएसआई कुशेश्वर सिंह ने कंबल बांटे। मौके पर सनटेक प्लास्टिसाइजर के अधिकारी अशोक यादव, शिवानंद कुमार, अमरकांत मिश्र, पंकज मिश्र आदि ने भी इसमें हाथ बंटाये।

### सर्वेश्वरी समूह शाखा सुदना में गरीबों के बीच साड़ी और शॉल का वितरण



**मेदिनीनगर/पाटन।** श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा सुदना ने मां महामैत्रायनी योगिनी जी के निर्वाण दिवस पर आश्रम परिसर में समूह के 19 सूत्री कार्यक्रम के तहत जरूरतमंदों के बीच 20 साड़ी व 20 शॉल बांटे। साथ ही पलामू के सुदूरवर्ती क्षेत्र सतबरवा के चांपी में आदिम जाति के लोगों के बीच चिह्नित कर 85 कंबल बांटा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ परमपूज्य अघोरेश्वर भगवान राम जी व गुरुपद संभव राम जी के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। शाखा उपाध्यक्ष प्रमोद सिन्हा ने लोगों के बीच समूह के मूलभूत उद्देश्य व अन्य कार्यक्रमों से संबंधित जानकारी दी। कहा कि श्री सर्वेश्वरी समूह एक अध्यात्मिक व सामाजिक संस्था है जो पीड़ित मानवता की सेवा के उद्देश्य से पूरे भारत में जन उपयोगी कार्यक्रम चला रही है। खासकर युवा वर्ग नशे से अवश्य दूर रहें। कार्यक्रम का संचालन सुधीर सिंह ने किया। मौके पर अजय बक्सराय, सूर्यदेव नाथ शाही, हरे रामा सिंह, शुभम कुमार, गणेश प्रसाद, वामदेव मेहता, अंशू व दर्जनों मौजूद थे।

## राज्यपाल गंगवार से मिला जीसा का प्रतिनिधिमंडल

■ निजी विद्यालयों के मान्यता से संबंधित शर्तों में राहत देने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** झारखंड इंडिपेंडेंट स्कूल अलायन्स (जीसा) का एक प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय अध्यक्ष अविनाश कुमार वर्मा के नेतृत्व में महामहिम राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मिलकर निजी विद्यालयों के मान्यता से संबंधित शर्तों में राहत देने से सम्बन्धी एक मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे केंद्रीय अध्यक्ष अविनाश कुमार वर्मा ने राज्यपाल महोदय को नव वर्ष की बधाई देते हुए बुके देकर स्वागत किया और मिलने का अवसर देने पर आभार व्यक्त किया। अविनाश वर्मा ने राज्यपाल को निजी विद्यालयों की समस्यायों से विस्तार पूर्वक अवगत कराते हुए मान्यता के शर्तों में संशोधन का आग्रह किया जिसका उल्लेख मांग पत्र में किया गया है।

## कोयल रिवर फ्रंट की खूबसूरती बचाये रखना सबका दायित्व

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर ने कोयल रिवर फ्रंट पर लगे धौलपुर स्टोन की जाली को स्थानीय चिह्नित युवक के द्वारा लगातार तोड़े जाने पर दुख प्रकट करते हुए कहा कि मैं पुनः प्रयास कर टूटे हुए धौलपुर स्टोन की जाली निगम द्वारा नया लगवा रही हूं ताकि कोयल रिवर फ्रंट की खूबसूरती बनी रहे। उन्होंने कहा कि टेंडर हो चुका है जिसे बचाने के लिए जगह-जगह पर सीसीटीवी कैमरे भी लग गये हैं। अब शहर की इस खूबसूरती को बचाए रखना स्थानीय लोगों की जवाबदेही है। प्रथम महापौर ने कहा कि जल्द में स्थानीय अभिभावकों की एक कमेटी बनाऊंगी ताकि कोयल रिवर फ्रंट की खूबसूरती को बचाई जा सके जहां से सैकड़ो लोगों को रोजगार भी मिल रहा है।





जरूरतमंदों को राहत का कंबल देतीं प्रथम महापौर अरुणा शंकर व कोयल रिवर फ्रंट का हाल।

**पद के बाद भी फर्ज निभा रही : अरुणा शंकर**

अपने सत्र को खत्म होने के बाद भी लगातार क्षेत्र में लगी रहने वाली मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर गत 15 दिनों से चौक चौराहों पर अपने निजी खर्चे से अलाव जलवाते हुए इस कड़ाके की ठंड में शुक्रवार की रात भी कई अलाव स्थल पर जाकर राहगीरो एवं स्थानीय लोगों से कुशल कामना पूछी। साथ ही जरूरतमंद लोगों को कंबल प्रदान की। प्रथम महापौर का इस तरह लगातार कड़ाके की ठंड में रात्रि 9-10 बजे घूम-घूम कर अलाव जलवाते हुए जरूरतमंद लोगों का हाल-चाल लेना शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

**क्षेत्र की पहली जनप्रतिनिधि जो कार्यकाल के बाद भी सक्रिय**

लोगों में यह भी चर्चा है यह पहला जनप्रतिनिधि है जो अपने कार्यकाल खत्म होने के बाद भी अपने निजी खर्च से अपना निजी इलेक्ट्रीशियन, माली रखकर जहां चौक चौराहों, उद्यान के फूल पत्ती में प्रतिदिन पानी पटवाती है वहीं डिवाइड से लेकर कोयल रिवर फ्रंट, गांधी उद्यान तक के लाइट बत्ती को मेंटेन कर रही हैं ताकि शहर की खूबसूरती बनी रहे। शुक्रवार की रात प्रथम महापौर ने अलाव की व्यवस्था देखते हुए कहा कि मैं शहर की नगर माता रही हूं जिसका दायित्व एक मां की तरह पद पर रहूं या ना रहूं निभा रही हूं।

भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह के भाई की शादी में पलामू पहुंचे पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा, कहा

## विपक्षियों को रास नहीं आ रहा विश्व के मानचित्र पर देश का अमिट छाप

■ आजादी के बाद भारत ने विश्व के मानचित्र पर अपना कई अमिट छाप छोड़ा है, जो कतिपय राजनीत दलों को रास नहीं आ रहा: अर्जुन मुंडा

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री सह पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा।

**मेदिनीनगर।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भारत सरकार के पूर्व मंत्री अर्जुन मुंडा पलामू पहुंचे। वे भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह के छोटे भाई के शादी समारोह में भाग लेने आये थे। इसके पूर्व वे परिसदन में प्रेस वार्ता कर कहा कि देश दुनिया के लिए शुभ मुहूर्त है कि 144 वर्ष के बाद महाकुंभ प्रयागराज में लगा है जिसमें भारत ही नहीं दुनिया के विभिन्न देशों से साधु संत महात्माओं का आगमन हुआ है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देन है कि पूरे विश्व में भारत के मजबूत स्थिति को प्रदर्शित किया है। उन्होंने कहा कि विश्व के मानचित्रों पर भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में अपना एक से बढ़कर एक अमिट छाप छोड़ा है जिसे कतिपय राजनीतिक दलों को रास नहीं आ रहा है। वे लोग भारत की छवि को विश्व के मानचित्रों पर धूमिल करने में लगे हुए है। श्री मुंडा ने कहा कि देश के कई ऐसे कतिपय राजनीतिक दल हैं जो भारत को गिरवी रखना चाहते हैं।

■ साथ ही साथ देश की गरिमा को गिराना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि देश आजादी के बाद लंबे समय तक कांग्रेस का कार्यकाल रहा है। जिसे देश की जनता ने बहुत नजदीक से देखा है। देश की जनता ने कांग्रेस को नकारते हुए जबसे भाजपा को केंद्र में स्थापित किया है तबसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत विश्व के मानचित्रों पर अपना अमिट छाप छोड़ने में सफल रहा है। भाजपा हमेशा व्यक्ति को केंद्र में रखकर कार्य योजना बनाती है। परिवार एवं राष्ट्र को ध्यान में रखकर विकास की लकीरें खिंचती है। झारखंड की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। राज्य की जनता ने जिस आशा एवं उम्मीद से वर्तमान सरकार को जनादेश दिया था उस पर राज्य सरकार खरा नहीं उतर रही है। यह चिंतनीय विषय है।

## विधानसभा चुनाव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मियों को एसपी ने किया सम्मानित

■ पुलिसकर्मियों ने कर्तव्यपरायणता के साथ चुनाव में कार्य किया जिस कारण शांतिपूर्ण संपन्न हुआ चुनाव : एसपी रीष्मा रमेसन

खबर मन्त्र संवाददाता



सम्मानित करतीं पलामू एसपी रीष्मा रमेसन।

**मेदिनीनगर।** पुलिस अधीक्षक सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधानसभा चुनाव में कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा अपनी कर्तव्य परायणता, ईमानदारी व निष्ठा के साथ कार्य करने वाले पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर एसपी रीष्मा रमेसन ने सम्मानित किया। कहा कि टीम भावना के साथ कोई कार्य किया जाये तो उसका बेहतर परिणाम देखने को मिलता है। उन्होंने विधानसभा चुनाव में पुलिसकर्मियों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार का कार्य करना सिर्फ पुलिस विभाग को ही नहीं बल्कि समाज को भी एक संदेश मिलता है कि समाज की बेहतरी के लिए कैसे टीम भावना से काम करनी चाहिए। इस प्रकार के काम करने से केवल मनोबल ही उंचा नहीं होता है बल्कि भविष्य में उन्हें बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। एसपी ने कहा कि पुलिस की पहचान बेहतर कार्य करने से ही मिली है। समाज में शांति स्थापित करने तथा आमजनों के बीच से भय समाप्त करने के लिए पुलिस अपने कठिन परिश्रम के नाम से जानी जाती है। आज इसी का परिणाम है कि झारखंड में लगातार दो दो आम चुनाव कराये गये जिसमें शांति देखा गया। यह विभाग के किसी एक व्यक्ति को श्रेय नहीं जाता है बल्कि पुलिस विभाग के तमाम लोगों का श्रेय जाता है। मौके पर पलामू जिला के विभिन्न थाना प्रभारी, ओपी प्रभारी, टीओपी प्रभारी, यातायात प्रभारी, पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## सदर एसडीओ ने किया मोतियाबिंद के ऑपरेशन शिविर का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

■ सेवा करना ही मानव उद्देश्य होना चाहिए : एसडीओ सुलोचना मीणा



**मेदिनीनगर।** प्रकाशचंद जैन सेवा सदन में दो दिवसीय निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन सदर एसडीओ सुलोचना मीणा, महासचिव सुरेश जैन व नेत्र रोग विशेषज्ञ सुरूची पल्लवी व अन्य ने फीता काटकर किया। सदर एसडीओ ने कहा कि आंखों को रौशनी प्रदान करना पुण्य का काम है। सेवा करना ही मानव का उद्देश्य होना चाहिए। आज सेवा सदन पलामू ही नहीं देश के विभिन्न क्षेत्र में सेवा व समर्पण भाव से कई उत्कृष्ट कार्य कर समाज में ख्याति प्राप्त किया है। सेवा सदन सेवा व समर्पण के नाम से ही जाना जाता है। आज मोतियाबिंद रोगियों को अंधेपन से जूझना पड़ रहा है इसका निजात सेवा सदन निःशुल्क ऑपरेशन कर रौशनी प्रदान कर रहा है। इससे उन मरीजों के जीवन में उजाला आयेगा। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ सुरूची पल्लवी ने कहा कि इस प्रकार के सेवा भाव का कार्य जहां मुझे मिलता है, मैं करती हूं।

## मेदिनीनगर निगम के आयुक्त जावेद हुसैन ने पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा का किया स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता

■ जनता और देश के समग्र विकास के लिए काम करें : अर्जुन मुंडा



**मेदिनीनगर।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री रह चुके अर्जुन मुंडा का शनिवार को पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में आगमन हुआ। श्री मुंडा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री के मनोज सिंह के छोटे भ्राता के विवाह कार्यक्रम चंद्र रेजिडेंसी में शामिल हुए। इसके पूर्व नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने अर्जुन मुंडा को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। प्रेस वार्ता समाप्ति के बरइ मेदिनीनगर निगम के आयुक्त जावेद हुसैन ने परिसदन में आकर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा को पुष्पगुच्छ देकर पलामू की धरती पर स्वागत किया। मौके पर अर्जुन मुंडा ने कहा कि जहां भी रहें जनता की भलाई में अपने प्रशासन कार्यों में मुस्तदी के साथ तत्पर रहें। श्री मुंडा ने कहा कि राज्य और देश के जिस क्षेत्र में रहे समग्र विकास के लिए काम करें देश के लिए जनता सर्वोपरि होता है। श्री मुंडा ने नगर आयुक्त के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### जेई के निर्देश पर हुई खराब चापानलों की मरम्मत



**पाटन पलामू।** प्रखंड के चेतमा में पंसस संतोष उपाध्याय ने पीएचडी विभाग के जेई ददन राम के निर्देश पर दर्जनों खराब पड़े चापानल की मरम्मत करायी। श्री उपाध्याय ने बताया कि बहुत दिनों से चेतमा ग्राम में दर्जनों चापाकल खराब पड़े हुए थे जिसमें ग्रामीणों को पानी पीने के लिए काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था। इस परेशानी को देखते हुए पीएचडी विभाग को जानकारी दी गयी। जेई ददन राम के निर्देश पर खराब सभी चापानल को बनाया। मौके पर प्रवीण उपाध्याय, कुंदन उपाध्याय, रुपेश उपाध्याय, भीखम भुइयां, महावीर राम, प्रदीप राम, सुनील राम सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### सुबोधकांत ने अपने जन्मदिन पर 150 कंबल बांटे



**रामगढ़ पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के हुटार के रहने वाले सुबोधकांत (सोनू) ने अपने जन्मदिन पर शनिवार को 150 कंबल का वितरण किया, वहीं 50 पौधे लगाये। बड़ी संख्या में लोगों को भोजन भी कराया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सह सामाजिक कार्यकर्ता दिलीप चंद्रवंशी ने कंबल का वितरण किया। कहा कि जन्मदिन, शादी की सालगिरह सहित अन्य कार्यक्रमों के मौके पर गरीबों की सेवा करनी चाहिए। सुबोधकांत की तरह अन्य लोग भी अपने जन्मदिन के मौके पर गरीबों के कल्याण के लिए आगे आएं। मौके पर रंजीत कुमार चन्देल, संतोष कुमार चन्द्रवंशी, बब्बू कुमार चंद्रवंशी, पप्पू चंद्रवंशी, हीरा यादव, राजेश कुमार रवि, बिट्टू चंद्रवंशी भी थे।

### स्थापना के 16 वर्ष बाद भी समस्याएं यथावत छात्रों की समस्याएं नहीं हो पा रही दूर : कौशल



**विश्रामपुर पलामू।** नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के बने 16 वर्ष से अधिक हो गए लेकिन इससे जुड़ी समस्याएं नहीं सुलझ पा रहा। विश्वविद्यालय अनेकों समस्याओं से जूझ रहा है। जानकारी देते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कौशल कुमार मिश्रा ने कहा कि सत्र 2018-21 व 2019-22 स्नातक जेनरिक स्तरीय परीक्षा परिणाम का रहा हो या 2020-23 या फिर अभी देर से चल रहे सत्र 2021-24 पीछे चलना। ये कहीं न कहीं विश्वविद्यालय की विफलता है। वहीं समय से पहले यूजीनेप शामिल होना। उसमें भी बड़ी उलझन रहना ये कहीं न कहीं विश्वविद्यालय पर प्रश्न चिन्ह है। एक समस्या का पिछले कई वर्षों से निदान नहीं हो पा रहा है। स्थाई कुलपति नहीं होना ये सबसे बड़ी समस्या है।

## अंबेडकर को अपमानित करनेवाले गृह मंत्री देश से माफी मांगें : बिट्टू पाठक

खबर मन्त्र संवाददाता

■ कांग्रेस का जय बापू जय भीम जय संविधान अभियान 14वां दिन हुसैनाबाद में संपन्न



**हुसैनाबाद पलामू।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में 14वां दिन जय बापू जय भीम जय संविधान अभियान पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड में किया। अध्यक्षता हुसैनाबाद प्रखंड अध्यक्ष लल्लू सिंह ने की। सर्वप्रथम कांग्रेसियों ने संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पद यात्रा की। पदयात्रा बाबासाहेब की प्रतिमा से राष्ट्रपिता की प्रतिमा तक चली। श्री पाठक ने कहा कि देश के गृह मंत्री अमित शाह ने बाबा साहब को अपमानित किया है। बाबा साहेब ने देश को महान संविधान दिया है। 2014 से पूर्व सभी पार्टियों ने संविधान और बाबा साहब को सम्मान दिया, लेकिन मोदी सरकार आने पर भाजपा नेता लगातार उन्हें अपमानित कर रहे हैं।

### जिला स्तरीय किसान मेला सह फसल प्रदर्शनी 20 जनवरी को

**मेदिनीनगर।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा जिला स्तरीय किसान मेला सह फसल प्रदर्शनी 20 जनवरी को शिवाजी मैदान में लगनी है। प्रदर्शनी की अध्यक्षता उपायुक्त शशि रंजन करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर व विशिष्ट अतिथि पलामू सांसद बिष्णु दयाल राम होंगे। मौके पर डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया, पांकी विधायक शशिभूषण मेहता, विश्रामपुर विधायक नरेश प्रसाद सिंह, हुसैनाबाद विधायक संजय सिंह यादव भी शामिल होंगे।

## आजाद समाज पार्टी के सुप्रीमो चंद्रशेखर आजाद से मिले पांकी के मुमताज खान

शिवशंकर पासवान



**पांकी, पलामू।** भीम आर्मी के संस्थापक व आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के कल्याण संबंधी समिति के राज्य स्तरीय बैठक में झारखंड के राजधानी रांची में शिरकत किए। बैठक होटल रेडिसन ब्लू रांची में हुई। बताते चले कि अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के कल्याण संबंधी समिति में 30 सदस्य होते हैं जिनमें से 20 सदस्य लोक सभा से तथा 10 सदस्य राज्य सभा से एकल संक्रमणीय मत द्वारा आनुपातिक प्रतिनिधित्व के सिद्धांत के अनुसार निर्वाचित किए जाते हैं, जिसमें एक बड़े भाई चंद्रशेखर आजाद जी को भी एससी-एसटी के प्रतिनिधित्व के लिए चुना गया है। चंद्रशेखर आजाद झारखंड के विभिन्न मुद्दों को रखते हुए प्रशासनिक मुद्दों पर बात रखी।

रोटरी स्कूल चैनपुर परीक्षा केंद्र पर शांतिपूर्ण जेएनवी प्रवेश परीक्षा संपन्न, प्राचार्य बोले

## प्रतिभाशाली बच्चों को पढ़ाई में सुविधा देना ही चयन परीक्षा का मुख्य उद्देश्य

खबर मन्त्र संवाददाता



**चैनपुर पलामू।** रोटरी स्कूल चैनपुर परीक्षा केन्द्र पर जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 में प्रवेश हेतु तीन प्रखंडों के लिए 662परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र बनाया गया था। इस परीक्षा केन्द्र पर चैनपुर प्रखंड के 223,रामगढ़ प्रखंड के 80तथा लेस्लीगंज प्रखंड के 359छात्र छात्राओं के लिए परीक्षा केन्द्र बनाया गया था। विद्यालय के केंद्राधीक्षक सह प्राचार्य अश्लेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि चैनपुर प्रखंड के 223 विद्यार्थियों में 142 विद्यार्थी, रामगढ़ प्रखंड के 80विद्यार्थियों में 38विद्यार्थी एवं लेस्लीगंज प्रखंड के 359विद्यार्थियों में 314विद्यार्थी उपस्थित हुए। परीक्षा शान्ति पूर्ण कदाचार मुक्त ससमय सम्पन्न कराई गई। ज्ञातव्य हो कि रोटरी स्कूल चैनपुर को विगत 7वर्षों से जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश चयन परीक्षा का केन्द्र बनाया जा रहा है। इस प्रवेश परीक्षा का संचालन केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के द्वारा किया जाता है। इस चयन परीक्षा का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभा शाली बच्चों को पढ़ाई हेतु सुविधा प्रदान करना है ताकि प्रतिस्पर्धा की भावना बनी रहे। इस परीक्षा केंद्र पर दंडाधिकारी अभिषेक पासवान, कनीय अभियंता चैनपुर,जेएनवी पलामू_1की ओर से केंद्र पर्यवेक्षक के रूप में ब्रजेश कुमार, आर के राणा एवं बी के सिंह ने अपना योगदान दिया। परीक्षा को सफल बनाने में सत्येंद्र प्रसाद, पूनम कुमारी, स्मिता सिंह, श्याम बिहारी प्रसाद गुप्ता, उमा कांत मिश्र गौरी शंकर मिश्र, नम्रता पाण्डेय हषार्बाला, सुषमा कुमारी, अरबिंद कुमार पांडेय, मनोज यादव, रणजीत शर्मा, राहुल भारद्वाज एवं रणजीत कुमार, रामवरण देव सहित कुल 30 शिक्षकों ने विक्षक के रूप में अपना योगदान दिया।

## स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व और विचार विषय पर भाषण और निबंध प्रतियोगिता

■ एके सिंह कॉलेज जपला में मनाया जा रहा राष्ट्रीय युवा सप्ताह

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागी व अन्य।

**हुसैनाबाद पलामू।** राष्ट्रीय सेवा योजना ए के सिंह कॉलेज जपला के द्वारा राष्ट्रीय युवा सप्ताह के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व और विचार विषय पर महाविद्यालय में भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य सूर्यमणि सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इस कार्यक्रम का शुरूआत महाविद्यालय के प्राचार्य सूर्यमणि सिंह, एन एस एस कार्यक्रम पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह, शैक्षणिक प्रभारी डॉक्टर रामसुभग सिंह, आई क्यू एसी कोऑर्डिनेटर अरुण कुमार सिंह, ए सी एस डॉक्टर शिवकुमार विश्वकर्मा, सांस्कृतिक एवं खेलकूद कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो राहुल कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। भाषण में सुमित्रा कुमारी, रिंकी कुमारी, दिव्या कुमारी, मुसर्रत प्रवीण, प्राजक्ता कुमारी, शिखा सिंह, बीरबल कुमार, गुलाम सरवर, राखी मेहता सहित अनेक छात्र- छात्राएं प्रतिभागी के रूप में शामिल हुए। भाषण प्रतियोगिता में एक प्रतिभागी के लिए 7 मिनट का समय रखा गया था। उक्त समय सीमा में स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व और विचार विषय पर अपना अपना विचार सभी प्रतिभागियों ने दिया। निर्णायक मंडली में प्रो डॉ रामसुभग सिंह, प्रो डॉ आलोक रंजन, प्रो डॉ शिवकुमार विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से संभाषण के लिए रिंकी कुमारी को प्रथम स्थान राखी मेहता को द्वितीय स्थान तथा बीरबल कुमार को तृतीय स्थान के लिए चयनित किया।

# पदाधिकारियों के साथ बैठक में आवश्यक दिशा- निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक प्रियदर्शी ने शनिवार को पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी दिनेश महली एवं सदर प्रभाग के पुलिस निरीक्षक मधुसूदन मोदक की उपस्थिति में नगर थाना परिसर में थाना के अवर निरीक्षक व सहायक अवर निरीक्षको के साथ लंबित कांडों की समीक्षा किये। इस दौरान अनुमंण्डल पुलिस पदाधिकारी ने लंबित कांडो से जुड़े दस्तावेजों का अवलोकन किया तथा लंबित कांडों के निष्पादन में देर होने के कारण के बारे में बारी-बारी से सभी पुलिस पदाधिकारियों से पूछताछ करते हुए अनुसंधानकर्ताओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने लंबित कांडों के निष्पादन में तेजी लाने को कहा। इसके साथ ही वारंटी, फिरारियो आदि की गिरफ्तारी में भी गति लाने का निर्देश दिए। इसमें पुलिस अवर निरीक्षक बिपीन यादव, शशि कुमार, अनुप सहु, महावीर प्रधान, द्वारिका प्रसाद, सहायक अवर निरीक्षक गौरव कुमार एवं अजीत गुप्ता आदि पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# राम लखन टुंगरी टुसू मेला में उमड़ी हजारों लोगों की हुजूम

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/ कसमार।** कसमार प्रखंड के मंजूरा स्थित रामलखन टुंगरी मेला में आसपास के कई गांवों के हजारों लोगों की हुजूम उमड़ पड़ी। मेले में टुसू चौड़ल लिये युवक-युवतियां बाजे-गाजे के साथ नाचते गाते पंहुचे। जिससे प्रकृति के गोद में बसे रामलखन टुंगरी मेला का सौंदर्य देखते ही बन रहा था। श्रद्धालुओं ने मेला परिसर स्थित मंदिर व अन्य प्रतिमाओं के समक्ष मत्था भी टेका। वहीं टुसू प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले टीम को मेला कमेटी ने पुरस्कृत किया। मेले में सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद मध निषेध मंत्री योगेन्द्र प्रसाद महतो के पुत्र विनय कपूर पूर्व विधायक लंबोदर महतो जिप सदस्य अमरदीप महाराज भी पहुंचे और मेले का भ्रमण किया। मंत्री पुत्र विनय कपूर ने कहा कि रामलखन टुंगरी ऐतिहासिक व धार्मिक आस्था का केंद्र भी है। अपनी मांय माटी व संस्कृति को भुलाया नहीं जा सकता। इस स्थल को पर्यटन स्थल का दर्जा दिया जाएगा उन्होंने कहा कि टूसू व झुमर गीतों में झारखंड के मिट्टी की खुशबू आती है। टूसू झारखंडी संस्कृति का प्रतीक है। मौके पर मंत्री के आप्त सचिव उमेश महतो बंशीधर महतो सिकंदर कपरदार हरेंद्र महतो पुसू घांसी रवि शंकर मेहता अभिसर महतो जयंत जायसवाल करमू घांसी शिशु पाल महतो राजेन्द्र महतो संजय प्रजापति समेत मेला कमेटी के सभी सदस्य मौजूद थे।



# सीसीएल सीकेएस ढोरी का क्षेत्रीय एजेंडा वार्ता, बैठक सम्पन्न

**बेरमो।** भारतीय मजदूर संघ से संबंद्ध सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ ढोरी क्षेत्र का 51 सूत्री एजेन्डा वार्ता बैठक शनिवार को सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता ढोरी क्षेत्र के महाप्रबंधक रंजय सिन्हा तथा संचालन अमला अधिकारी कार्मिक सुरेश सिंह द्वारा किया गया। यूनियन की ओर से क्षेत्रीय अध्यक्ष कुलदीप तथा संचालन विनय कुमार सिंह द्वारा किया गया बैठक में सीसीएल के संयुक्त सलाहकार संचालन समिति सदस्य रविन्द्र कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। बैठक में सर्वप्रथम प्रबंधन की ओर से ट्रेड यूनियन प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रबंधन व ट्रेड यूनियन एक दूसरे के पूरक होते है। मौके पर परियोजना पदाधिकारी रंजीत कुमार, राजीव सिंह,व शैलेश प्रसाद, एसओसी मनोज कुमार,एसओईएंडएम जी मोहंती, एएफएम शाहिद हुसैन, सीएमओ डॉक्टर संजय सिन्हा वही यूनियन की ओर से नुनुचंद महतो आदि उपस्थित रहे।

# डीसी द्वारा भूमि अधिग्रहण मामलों में सुस्ती पर पदाधिकारी को फटकार



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव ने जिला अंतर्गत संचालित एनएचएआई के लिए भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामलों कार्य प्रगति की समीक्षा की।

मौके पर अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी जिला भू अर्जन पदाधिकारी द्वारिक बैठा सहित भू-अर्जन कार्यालय के कर्मी आदि उपस्थित थे। उपायुक्त ने पिछले दिनों अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में भू-अर्जन से संबंधित मामलों को लेकर कसमार पेटरवार गोमिया एवं जरीडीह प्रखंड में आयोजित विशेष सुनवाई में प्राप्त मामलों के समाधान की प्रगति की समीक्षा की थी। मौके पर अपर समाहर्ता ने बताया कि कसमार प्रखंड में कुल 44 पंचाटों के मामलों पर सुनवाई की जिसमें 10 मामले विवादित लंबित अप्राप्त एलपीसी 31 पेटरवार प्रखंड में कुल 37 पंचाटों में 09 मामले विवादित हैं तो गोमिया प्रखंड में कुल 11 पंचाटों में 01 विवादित लंबित अप्राप्त एलपीसी 03 एवं जरीडीह प्रखंड में कुल 42 पंचाटों की सुनवाई की जिसमें 04 विवादित लंबित अप्राप्त एलपीसी 10 मामले हैं। उपायुक्त ने क्रमवार सभी मामलों में शिविर के बाद किए गए कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को फटकार लगाई। उपायुक्त ने कहा कि प्रतिदिन निगरानी करते हुए मामलों का निष्पादन करें। कई अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा करते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दिया।

## भाभा विज्ञान शिक्षा केन्द्र के सहयोग से आईएपीटी की राष्ट्रीय मानक परीक्षाओं में

# डीपीएस बोकारो का उम्दा प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो के कुल पांच छात्रों ने राज्य में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केन्द्र के सहयोग से आयोजित आईएपीटी की जूनियर साइंस- खगोलिकी एवं जीव विज्ञान की राष्ट्रीय मानक परीक्षाओं में बाजी मारी है। कक्षा 9 का छात्र शिवम ओझा जहां जूनियर साइंस की परीक्षा में सफल रहा वहीं 12वीं के विद्यार्थी आर्यन कुमार ने जीव-विज्ञान की मानक परीक्षा में कामयाबी पायी। जबकि कक्षा 10 के आरुष रंजन 11वीं के कुमार अनमोल और 12वीं के आरुष बनर्जी ने खगोलिकी की मानक परीक्षा में सफलता पाकर अपने विद्यालय का मान बढ़ाया। उल्लेखनीय है कि झारखंड में किसी एक विद्यालय से आईएपीटी परीक्षा 2024-25 के प्रथम चरण में सफलता का यह सर्वश्रेष्ठ आंकड़ा है। एनएसईए में पूरे झारखंड से पांच बच्चे सफल रहे जिनमें सर्वाधिक तीन विद्यार्थी अकेले डीपीएस बोकारो के शामिल हैं। इसी प्रकार एनएसईजेएस में भी झारखंड से पांच विद्यार्थी सफल रहे जिनमें एक विद्यार्थी इसी स्कूल का रहा। एनएसईबी में चार विद्यार्थी पूरे राज्य से सफल हुए जिनमें एक छात्र डीपीएस बोकारो का शामिल रहा। इसके साथ ही उक्त पांचों सफल विद्यार्थियों ने संबंधित विषयों के भारतीय राष्ट्रीय ओलंपियाड के लिए क्वालीफाई कर लिया है जो आगामी फरवरी माह के प्रथम सप्ताह में आयोजित किए जाएंगे। छात्रों की इस सफलता पर प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने उन्हें बधाई तथा अगले चरण के भारतीय राष्ट्रीय ओलंपियाड एवं अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।



# मंईयां सम्मान योजना की लाभुकों को जोड़ा जाएगा समूह सेः मंत्री दीपिका

**दुमका।** मंईयां सम्मान योजना की लाभुकों को स्वयं सहायता समूह से जोड़ने के लिए जेएसएलपीएस को निर्देशित किया गया है। राज्य सरकार द्वारा 56 लाख महिलाओं के खाते में मंईयां सम्मान योजना के तहत प्रत्येक महीने 2500 भेजा जा रहा है। यह राशि फिर कैसे आर्थिक गतिविधियों में महिलाएं भी इस्तेमाल करें इसके लिए जेएसएलपीएस को निर्देश दिया गया है कि मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों को भी समूह से जोड़ा जाये। ताकि वह आर्थिक स्वावलंबन की तरफ अगला कदम बढ़ा सके। उक्त बातें ग्रामीण विकास मंत्री सह महागामा विधायक दीपिका सिंह पांडेय ने कोर्ट में पेशी के बाद परिसदन भवन में कही।

SARALA BIRLA PUBLIC SCHOOL
Birla Knowledge City, Vill – Ara, P.O. – Mahilong, Ranchi-Purulia Highway, Ranchi – 835103 (Jharkhand)
Phone: 9507035717, 9507035987
E-mail – info@sbpsranchi.com • Website : www.sbpsranchi.com
REGISTRATION FOR ADMISSION IN STD. XI (SESSION 2025-26)
SCIENCE/COMMERCE/HUMANITIES
Registration forms for provisional admission in Std. XI (Science, Commerce & Humanities) can be filled and submitted online through the school's official website www.sbpsranchi.com. For further details please log on to www.sbpsranchi.com. For any query, please mail at admission@sbpsranchi.com or call front office 9507035717, 9507035987 on working days. (Timing: 08:00 am to 01:00 pm).
Principal

# मॉउंटिंग एंड डिसमॉउंटिंग ऑफ बेअरिंग्स पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**बोकारो।** बीएसएल के मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में कर्मचारियों के तकनीकी कौशल को सुदृढ़ करने और ज्ञानार्जन एवं विकास को प्रोत्साहित करने हेतु मेसर्स एसकेएफ इंडिया लिमिटेड के सौजन्य से मॉउंटिंग एंड डिसमॉउंटिंग ऑफ बेअरिंग्स विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में सीजीएम प्रकाश कुमार एवं मनीष जलोटा जीएम देवश्री रानी टोप्पो सहित विभिन्न विभागों के 45 प्रशिक्षणार्थी शामिल रहे। इस कार्यक्रम में मेसर्स एसकेएफ इंडिया के अनुभवी फैकल्टी महावीर काँवड़े प्रशिक्षण देंगे। प्रारम्भ में प्रबंधक जय नारायण यादव ने कार्यक्रम के उद्देश्य और इसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। सीजीएम प्रकाश कुमार ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के महत्व को रेखांकित करते हुए प्रतिभागियों से इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाने और अपनी तकनीकी दक्षता को उन्नत करने का आह्वान किया। सीजीएम मनीष जलोटा ने प्रतिभागियों को अपने ज्ञान को सहकर्मियों के साथ साझा करने और सत्र को संवादात्मक बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से उन्नत तकनीकी दक्षता हासिल करने में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन में ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के वरीय ऑपरेटिव राकेश कुमार तथा इंस्ट्रक्टर अर्जुन प्रसाद का सराहनीय योगदान रहा।

# डीपीएस चास के विद्यार्थियों की इंटरनेशनल साइंस ओलंपियाड में शानदार उपलब्धि

बोकारो। डीपीएस चास की छात्र दीप्तांशु प्रकाश एवं हर्ष राज ने सिल्वरजोन इंटरनेशनल ओलंपियाड द्वारा आयोजित इंटरनेशनल ओलंपियाड ऑफ साइंस में राज्य स्तर पर चौथा स्थान प्राप्त किया एवं स्टेट रैंक 30 के अंदर कुल 16 विद्यार्थियों ने अपना नाम दर्ज कराया। सफल विद्यार्थियों में 12 वीं के दीप्तांशु प्रकाश एवं हर्ष राज को चौथा स्थान 10 वीं के आयुष कुमार तथा नौवीं के कृशांग तरेनिया को दसवां 7 वीं के आलोक आनंद को ग्यारहवां छठी की प्रणीता कुमारी को 14 वां पहली की निशा कुमारी एवं परिधि कुमारी को 15 वां दूसरी की अन्वी कल्याणी सृजिता चक्रवर्ती तथा 5 वीं के शौर्य अग्रवाल को 18 वां नौवीं के रूपम सरकार एवं कुमार मंगलम को बीसवां तथा रोमी कुमारी को 22 वां पांचवीं की आरोही सिंह और स्मृति को 26 वां स्थान प्राप्त हुआ है।

# बोकारो संयंत्र के एसएमएस (न्यू) में 'सड़क सुरक्षा कार्निवल' का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के एसएमएस-न्यू विभाग में सड़क सुरक्षा जागरूकता पर आयोजित कार्यक्रम के क्रम में सड़क सुरक्षा कार्निवल के बैनर और झंडे के साथ बड़े धूम धाम से कास्टर क्न्वरर्टर स्लैग यार्ड तथा पिट साइड से होते हुए मुख्य महाप्रबंधक के कार्यालय तक पहुंचा। सड़क सुरक्षा कार्निवल का नेतृत्व डीजीएम संतोष कुमार चिदार और एजीएम संतोष कुमार यादव ने किया। सीजीएम कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा पर आधारित स्लोगन कविता पाठ भाषण तथा पोस्टर प्रतियोगिता मे विजयी कार्मिकों को सीजीएम एमआरडी व अतिरिक्त प्रभार एसएमएस-न्यू राजीव धवन सीजीएम सुरक्षा व अग्निशमन सेवाएँ बीके सरतापे डीएसओ व जीएम एसएमएस-न्यू ओम प्रकाश अग्रवाल तथा वरीय अधिकारियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन जीएम एसएमएस-न्यू ओम प्रकाश अग्रवाल ने किया।

## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

### झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

70वीं औपबंधिक सूची
जिला–हजारीबाग (पार्ट–1)

| क्र0 | आवेदनकर्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी निरंजन महतो एवं नीलकंठ महतो द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–4075/24 2. आवेदक–रेणु देवी , पति–निरंजन महतो<br>3. ग्राम–सरवाटा , पोस्ट–चरही , थाना–चरही प्रखण्ड–चुरचू<br>4. लिंग–महिला , आयु–41 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–759/24 2. आवेदक–मंजू देवी , पति–राजदेव चौधरी<br>3. ग्राम–इटखोरी , पोस्ट–इटखोरी , थाना– इटखोरी, प्रखण्ड–इटखोरी<br>4. लिंग–महिला , आयु–41 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–4076/24 2. आवेदक–मोहन यादव , पिता–समर यादव<br>3. ग्राम–अम्बाजीत , पोस्ट–बसरिया , थाना–चौपारण, प्रखण्ड–चौपारण<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–4077/24 2. आवेदक– मो0 रमनी , पति–सिताराम चौधरी<br>3. ग्राम–पुरनी अहरी , पोस्ट–चोरदाहा , थाना–चौपारण, प्रखण्ड–चौपारण<br>4. लिंग–महिला , आयु–76 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–4078/24 2. आवेदक–राजेश मिस्त्री , पिता–राम खेलावन मिस्त्री<br>3. ग्राम–चोरदाहा , पोस्ट–चौपारण , थाना–चौपारण, प्रखण्ड–चौपारण<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–40 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–4079/24 2. आवेदक–सलामत मियाँ , पिता–सहादत मियाँ<br>3. ग्राम–कटघरा , पोस्ट–चलकुशा , थाना– चलकुशा, प्रखण्ड–चलकुशा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–4080/24 2. आवेदक– मो0 अल्लाउद्दीन अंसारी, पिता–मो0 जाहिम अंसारी<br>3. ग्राम–बेडेखर्द , पोस्ट–बरकट्ठा , थाना– बरकट्ठा, प्रखण्ड–बरकट्ठा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–4081/24 2. आवेदक–जकिरूदीन, पिता–इब्राहीम मियाँ<br>3. ग्राम–खरगु , पोस्ट–चरैबे , थाना– चलकुशा, प्रखण्ड–चलकुशा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–4082/24 2. आवेदक–रमेश यादव , पिता–जगदीश यादव<br>3. ग्राम–चरही , पोस्ट–चरही, थाना– चरही प्रखण्ड–चुरचू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष , पहचान चिन्ह–ललाट पर कटे का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–4083/24 2. आवेदक–विष्णुधारी महतो , पिता–चमारी महतो<br>3. ग्राम–बरसोत , पोस्ट–बरही, थाना– बरही प्रखण्ड–बरही<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–4084/24 2. आवेदक– कुदुस अंसारी , पिता–मौल्ला बकस<br>3. ग्राम–सिलाडीह , पोस्ट–सिलाडीह , थाना– गोरहर, प्रखण्ड–बरकट्ठा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष , पहचान चिन्ह–ओठ के बगाल में मासा का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 12. | 1. आवेदन क्र0–4085/24 2. आवेदक– मकबुल अंसारी , पिता–अली मियाँ<br>3. ग्राम–सिलाडीह , पोस्ट–चलकुशा , थाना– चलकुशा, प्रखण्ड–चलकुशा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0–4086/24 2. आवेदक– अजीज अंसारी , पिता–हनीफ<br>3. ग्राम–कटघरा, पोस्ट–चलकुशा , थाना– चलकुशा, प्रखण्ड–चलकुशा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0–760/24 2. आवेदक– विजय राम , पिता–तजो राम<br>3. ग्राम–दारीयातु , पोस्ट–कामता , थाना– चतरा प्रखण्ड–चतरा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0–4087/24 2. आवेदक–बंशि महतो , पिता–साहेब महतो<br>3. ग्राम–बहेरा , पोस्ट–चरही , थाना– चरही , प्रखण्ड–चुरचू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 16. | 1. आवेदन क्र0–3732/24 2. आवेदक–शारदा देवी , पति–भीमदेव महतो<br>3. ग्राम–पैंकी , पोस्ट–दिगवार , थाना–माण्डू , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–महिला, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 17. | 1. आवेदन क्र0–4088/24 2. आवेदक–लोटा गंझू , पिता–रामदास गंझू<br>3. ग्राम–सरवाहा , पोस्ट–चरही , थाना– चरही , प्रखण्ड–चुरचू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर के सामने माशा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 18. | 1. आवेदन क्र0–4089/24 2. आवेदक–गांगो महतो , पिता–बालो महतो<br>3. ग्राम–सरवाहा , पोस्ट–चरही , थाना– चरही , प्रखण्ड–चुरचू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 19. | 1. आवेदन क्र0–4090/24 2. आवेदक–निजाम अंसारी , पिता–नारो मियां<br>3. ग्राम–सिलाडीह , पोस्ट–सिलाडीह , थाना– गोरहर , प्रखण्ड–बरकट्ठा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 20. | 1. आवेदन क्र0–4091/24 2. आवेदक–मो0 नौशाद , पिता–मो0 जब्बार<br>3. ग्राम–चरही , पोस्ट–चरही , थाना– चरही , प्रखण्ड–चुरचू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 21. | 1. आवेदन क्र0–4092/24 2. आवेदक–मो0 नासिर अंसारी , पिता–अलिबक्स<br>3. ग्राम–सिलाडीह , पोस्ट–सिलाडीह , थाना– गोरहर , प्रखण्ड–बरकट्ठा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 22. | 1. आवेदन क्र0–4093/24 2. आवेदक–मुसलीम अंसारी , पिता–अब्दुल रज्जाक<br>3. ग्राम–चरही , पोस्ट–चरही , थाना– चरही , प्रखण्ड–चुरचू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 23. | 1. आवेदन क्र0–4094/24 2. आवेदक–बच्चु कुमार राणा , पिता–अनिरूद्ध राणा<br>3. ग्राम–मानगढ , पोस्ट–लोहण्डी , थाना– चौपारण , प्रखण्ड–चौपारण<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 24. | 1. आवेदन क्र0–4095/24 2. आवेदक–राजकुमार राणा , पिता–नकुलदेव राणा<br>3. ग्राम–बदरीडीह , पोस्ट–बरही , थाना– बरही , प्रखण्ड–बरही<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 25. | 1. आवेदन क्र0–4096/24 2. आवेदक–मंजु देवी , पति–विरेन्द सिंह<br>3. ग्राम–भण्डार कॉलोनी , पोस्ट–चौपारण , थाना– चौपारण , प्रखण्ड–चौपारण<br>4. लिंग–महिला, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 26. | 1. आवेदन क्र0–4097/24 2. आवेदक–शिवकुमार सिंह , पिता–हिरामन सिंह<br>3. ग्राम–कोल्हुआ , पोस्ट–दादपुर , थाना– चौपारण , प्रखण्ड–चौपारण<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 27. | 1. आवेदन क्र0–4098/24 2. आवेदक–मनोज कुमार , पिता–केदारनाथ महतो<br>3. ग्राम–बौंगा , पोस्ट–बरियठ , थाना–इचाक , प्रखण्ड–इचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 28. | 1. आवेदन क्र0–4099/24 2. आवेदक–शीला देवी , पति–नरेश महतो<br>3. ग्राम–सावाहा , पोस्ट–चरही , थाना– चरही , प्रखण्ड–चुरचू<br>4. लिंग–महिला, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां ओठ के सामने कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 29. | 1. आवेदन क्र0–4100/24 2. आवेदक–नरेश महतो , पिता–नागेश्वर महतो<br>3. ग्राम–सावाहा , पोस्ट–चरही , थाना– चरही , प्रखण्ड–चुरचू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां आँख के सामने कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 30. | 1. आवेदन क्र0–4101/24 2. आवेदक–मेरचो देवी , पति–छुपनाथ महतो<br>3. ग्राम–सावाहा , पोस्ट–चरही , थाना– चरही , प्रखण्ड–चुरचू<br>4. लिंग–महिला, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने आँख के सामने माशा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 31. | 1. आवेदन क्र0–3733/24 2. आवेदक–बेनी महतो , पिता–जानकी महतो<br>3. ग्राम–पैंकी , पोस्ट–दिगवार , थाना–माण्डू , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 32. | 1. आवेदन क्र0–3734/24 2. आवेदक–बसंती देवी , पति–बेनि महतो<br>3. ग्राम–पैंकी , पोस्ट–दिगवार , थाना–माण्डू , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–महिला, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 33. | 1. आवेदन क्र0–761/24 2. आवेदक–बिजय सिंह , पिता–गोबिन्द सिंह<br>3. ग्राम–चोरकारी , पोस्ट–लोरम , थाना–इटखोरी , प्रखण्ड–इटखोरी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 34. | 1. आवेदन क्र0–762/24 2. आवेदक–यसवंत सिंह , पिता–जागेशवर सिंह<br>3. ग्राम–पथरिया , पोस्ट–करनी , थाना–इटखोरी , प्रखण्ड–इटखोरी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 35. | 1. आवेदन क्र0–763/24 2. आवेदक–राजकुमार यादव , पिता–जीवलाल यादव<br>3. ग्राम–रूपिन , पोस्ट–बारिसाखी , थाना–गिधौर , प्रखण्ड–गिधौर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 36. | 1. आवेदन क्र0–764/24 2. आवेदक–बिनोद राणा , पिता–गौरीशंकर राणा<br>3. ग्राम–मझोलिया , पोस्ट–इटखोरी, थाना–इटखोरी , प्रखण्ड–इटखोरी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी चन्द्रनाथ भाई पटेल एवं बैजनाथ महतो द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 37. | 1. आवेदन क्र0–4102/24 2. आवेदक–कालीचरण साव, पिता–स्व0 शिवशंकर साव<br>3. ग्राम–चनारो, पोस्ट–चरही , थाना–चरही , प्रखण्ड–चुरचू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायां हाथ का कानी अंगुली कटा है। | कंडिका–2(ix) |
| 38. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–दिनेश प्रसाद, पिता–रामचन्द्र सोनार<br>3. ग्राम–अरसन्डे, कौंके रॉंची पोस्ट–बोड़ेया, थाना–कौंके , प्रखण्ड–कौंके<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–होंठ के नीचे कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी चन्द्रनाथ भाई पटेल एवं बैजनाथ महतो द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 39. | 1. आवेदन क्र0–4103/24 2. आवेदक–कौलेश्वर ठाकुर , पिता–विगन ठाकुर<br>3. ग्राम–जरबा पोस्ट–जरबा, थाना–चरही , प्रखण्ड–चुरचू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हाथ में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी धनेश्वर महतो एवं राजदीप महतो द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 40. | 1. आवेदन क्र0–3735/24 2. आवेदक–मो0 मुनतजीर अंसारी , पिता–मो0 सरीफ अंसारी<br>3. ग्राम–तापीन पोस्ट–तापीन, थाना–चरही , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 41. | 1. आवेदन क्र0–3736/24 2. आवेदक–रघुनन्दन सिंह , पिता–मुंशी सिंह<br>3. ग्राम–तापीन पोस्ट–तापीन, थाना–चरही , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 42. | 1. आवेदन क्र0–4104/24 2. आवेदक–सरफुद्दीन अंसारी , पिता–रफीजमा अंसारी<br>3. ग्राम–पिपरा पोस्ट–तापीन, थाना–चरही , प्रखण्ड–चुरचू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 43. | 1. आवेदन क्र0–4105/24 2. आवेदक–मो0 गुलाम नबी , पिता–मो0 इस्माईल<br>3. ग्राम–पिपरा पोस्ट–तापीन, थाना–चरही , प्रखण्ड–चुरचू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 44. | 1. आवेदन क्र0–4106/24 2. आवेदक–सहीदुन निशा, पति–गुलाम रब्बानी<br>3. ग्राम–कजरी पोस्ट–तापीन, थाना–चरही , प्रखण्ड–चुरचू<br>4. लिंग–महिला , आयु–53 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 45. | 1. आवेदन क्र0–4107/24 2. आवेदक–शहबाज साहीन, पति–मो0 सिकन्दर<br>3. ग्राम–पिपरा पोस्ट–तापीन, थाना–चरही , प्रखण्ड–चुरचू<br>4. लिंग–महिला , आयु–45 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 46. | 1. आवेदन क्र0–4108/24 2. आवेदक–रेशमा खातुन, पति–मो0 मुस्ताक<br>3. ग्राम–पिपरा पोस्ट–तापीन, थाना–चरही , प्रखण्ड–चुरचू<br>4. लिंग–महिला , आयु–44 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 47. | 1. आवेदन क्र0–4109/24 2. आवेदक–मो0 हैदर अली , पिता–मो0 जुबेर आलम<br>3. ग्राम–डाढी (डोकाबेडा) पोस्ट–गिद्दी सी0, थाना–गिद्दी ए0 , प्रखण्ड–डाढी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–42 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 48. | 1. आवेदन क्र0–4110/24 2. आवेदक–मो0 मनउवर आलम , पिता–मो0 जुबेर आलम<br>3. ग्राम–डाढी (डोकाबेडा) पोस्ट–गिद्दी सी0, थाना–गिद्दी ए0 , प्रखण्ड–डाढी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–40 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 49. | 1. आवेदन क्र0–3737/24 2. आवेदक–सोनामन ठाकुर , पिता–स्व0 महादेव ठाकुर<br>3. ग्राम–पाली, पोस्ट–पाली, थाना–भुरकुण्डा , प्रखण्ड–पतरातु<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 50. | 1. आवेदन क्र0–3738/24 2. आवेदक–रोहित ठाकुर , पिता–रामु ठाकुर<br>3. ग्राम–चिकौर पोस्ट–भदानीनगर, थाना–भदानीनगर , प्रखण्ड–पतरातु<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 51. | 1. आवेदन क्र0–3739/24 2. आवेदक–हबीब मियाँ , पिता–स्व0 शेखावत मियाँ<br>3. ग्राम–बरकट्ठी पोस्ट–करमा, थाना–कुजू, प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 52. | 1. आवेदन क्र0–3740/24 2. आवेदक–अनवर अंसारी , पिता–स्व0 रहुदी मियां<br>3. ग्राम–करमा (अंसारी मुहल्ला) पोस्ट–करमा, थाना–कुजू , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 53. | 1. आवेदन क्र0–3741/24 2. आवेदक–हरिशचन्द कुशवाहा , पिता–दशरथ महतो<br>3. ग्राम–बड़काचुम्बा पोस्ट–बड़काचुम्बा, थाना–गिद्दी ए0 , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |

नोट :– 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 344520 Home (24-25)_D

# सही संस्थान और मानसिक शक्ति का महत्व

**समय संवाद**

आवश्यकता है कि दसवीं के बाद से ही उन संस्थानों और करियर की जानकारी लेना आंरभ करे दे। आज इंटरनेट पर सभी जानकारी उपलब्ध है। हर समाचार पत्र और मैग्जीन इसकी सूचना देते हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि वे इस बात की जांच कर लें कि जिस संस्थान में काम कर रहे हैं उनकी मान्यता है या नहीं। जान बूझकर भी गलत जानकारी दी जाती है। विज्ञापन से भ्रमित होने से बचे और अपने स्रोतों से भी संस्थानों के बारे में जानकारी हासिल कर लें जिससे उनका करियर सुरक्षित रहे और बेहतर बने।



**डॉ मेरी ग्रेस**

हर वर्ष कक्षा दस या बारहवीं के परीक्षा परिणाम आने के बाद छात्र अपने करियर के बारे में सोचने लग जाते हैं। वे शिक्षक, अभिभावक या काउंसलर से अपने भविष्य के बारे में बात करने लगते हैं। वह चुने हुए क्षेत्र में ही करियर बनाना चाहते हैं। यह अच्छी बात है लेकिन उनके जीवन में व्यावसायिक डिग्री लेने के लिए छह से दस वर्ष का समय महत्वपूर्ण होता है। इन वर्ष में ही उनका वास्तविक करियर बनता है। इसमें वे संबंधित संस्थान, करियर और डिग्री लेते हैं। इसके बाद वे जॉब्स में जाते हैं या अपना व्यापार करते हैं। आज एक से एक रोजगार और करियर की संभावना बन रही है। प्रचलित क्षेत्र जैसे मेडिकल, इंजीनियरिंग, सिविल सर्विस, सहित रिटेल, आईटी और अन्य कई परम्परागत और नए करियर की संभावनाए सामने हैं। करियर की भरमार है और बेहतर शिक्षण संस्थान भी है जो पढ़ाई के साथ प्लेसमेंट भी कराते हैं। आवश्यकता है कि दसवीं के बाद से ही उन संस्थानों और करियर की जानकारी लेना आंरभ करे दे। आज इंटरनेट पर सभी जानकारी उपलब्ध है। हर समाचार पत्र और मैग्जीन इसकी सूचना देते हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि वे इस बात की जांच कर लें कि जिस संस्थान में काम कर रहे हैं उनकी मान्यता है या नहीं। जान बूझकर भी गलत जानकारी दी जाती है। विज्ञापन से भ्रमित होने से बचे और अपने स्त्रोतों से भी संस्थानों के बारे में जानकारी हासिल कर लें जिससे उनका करियर सुरक्षित रहे और बेहतर बने। इससे समय और धन दोनों का सदुपयोग हो पाता है और करियर बेहतर बनता है।



**मानसिक शक्ति कितना जरुरी**

अंग्रेजी में एक शब्द है मेंटल कमिटमेंट। इसे हम हिंदी में मानसिक शक्ति भी कहते है। यह सफलता के लिए बेहद आवश्यक गुण है। अगर आपमें मानिकस शक्ति, या ठहराव नहीं है तो आप लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकते। आखिर यह मेंटल कमिटमेंट है क्या?

मेरे कार्यालय में जब हम दोपहर में भोजन करते हैं तब हमारे मुस्लिम सहयोगी हमारे साथ होने के बाद भी एक बूंद पानी तक नहीं पीते हैं उनकी भोजन में कोई रूचि नहीं होती है। उनकी खाने के प्रति जो रोजा के दिनों में अरूचि होती है वह मेंटल कमिटमेंट का एक बड़ा उदाहरणहै। यह कमिटमेंट शतप्रतिशत होना चाहिए यानि 100 प्रतिशत। अगर हमारी दृढ़ता में दो प्रतिशत की कमी हो जाए और यह 98 प्रतिशत भी जो जाए तो परिणाम में भारी अंतर आ जाएगा। अगर आप अपनी दृढ़ता से समझौता करेंगे तो आप कभी भी सफल नहीं हो सकते हैं। अगर यही हाल रहा और बार-बार आप अपने कमिटमेंट से समझौता करते रहे तो परिणाम शून्य हो जाएगा।

जिनकी मानसिक शक्ति उच्च शिखर पर होती है विपरीत स्थिति में यही मानसिक शक्ति उनके जीवन में बड़ा काम का साबित होता है। जिस प्रकार रोजदार अपने नियमों के प्रति दृढता के साथ होता है वैसे हम सभी को अपनी सफलता के लिए दृढ़ रहना चाहिए। यह दृढ़ता सौ प्रतिशत होना चाहिए। सौ फिसदी दृढ़ता और 99 प्रतिशत दृढ़ता में अंतर होता है। विशेषकर युवाओं को अपने जीवन में उंचें सपने पालते हैं उन्हें यह बात समझ लेना चाहिए कि आपने अगर एक बार भी समझौता किया तो संभव है कि आपको बार-बार समझौता करना होगा। पल प्रतिपल सकरात्मक सोच और सफलता का चिंतन।

**(प्राचार्या उर्सूलाइन इंटर कॉलेज रांची)**

# धर्म का ज्ञान प्रतिको व कर्म कांड से आंरभ होता है

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**भगवान,** कृपा करके यह बताया जाए क्या हमारे हिंदू धर्म में मंदिर और मूर्ति पूजा का प्रावधान क्यों किया गया और इसका रहस्य क्या है? हिंदू धर्म में जो भी कर्मकांड का प्रावधान किया गया है वह वैज्ञानिक है और हमारे प्राचीन ऋषि मुनियों द्वारा बहुत ही सोच समझ कर बनाया गया है। जरा सोचिए यदि यह मंदिर और उसके अंदर देवी देवता का प्रावधान नहीं होता तो क्या हम समझ पाते कि भगवान भी कोई है उनकी पूजा भी होती है और पूजा का पूजा का तरीका इस प्रकार है। मंदिर नहीं होता तो हमारे अंदर भगवान की कल्पना भी नहीं होती यह प्रथम पाठशाला है बिना इस पाठशाला से गुजरे कोई भी अध्यात्म की अगले सीढ़ी पर नहीं चढ़ सकता। यह मंदिर ही है जो हमारे अंदर श्रद्धा और भगवान के प्रति विश्वास का बीज डालता है। कितना बड़ा विद्वान हो या डॉक्टर इंजीनियर हो या उच्च अधिकारी हो सबको प्राथमिक स्कूल से होकर ही गुजारना पड़ता है।
मगर प्राइमरी में पड़े बिना कोई भी आगे नहीं पढ़ सकता। हमारे मंदिर मस्जिद अध्यात्म का प्राइमरी पाठशाला है इसके खिलाफ बोलने वाला व्यक्ति न धार्मिक हो सकता है और ना अध्यात्मिक हो सकता है। आप कहेंगे कि बहुत से संतो ने मूर्ति पूजा का विरोध किया है इसकी आलोचना की है। लेकिन बात ऐसी नहीं है। हमारे धर्मो को संकेतों के माध्यम से समझने की की जरुरत होती है। उन संतो का इशारा उन लोगों के तरफ होता है जो सुर दुर्लभ मनुष्य शरीर पाकर अपने जीवन को अध्यात्म की अगली शिर्डी पर नहीं ले जाते अपनी पूरी आयु को प्राइमरी स्कूल में ही मिटा देते हैं। कोई भी समझदार आदमी कभी या नहीं कहेगा उसका बच्चा प्राइमरी स्कूल में नामांकन कर वही पाठ जिंदगी भर पढ़ता रहे।

इसीलिए हिंदू धर्म में गुरु करने का प्रावधान किया गया है। गू का अर्थ होता है अंधकार और रू का अर्थ होता है प्रकाश यानी जो अंधकार से प्रकाश के तरफ ले जाए यानि जो भाव बंधन से मुक्ति के तरफ ले जाए। यह भी कहा गया है कि किसी ब्राह्मण से ही गुरु मंत्र लेना चाहिए। ब्रह्म को जानने वाले को अध्यात्म में ब्राह्मण कहा गया है। अध्यात्मिक की दूसरी श्रेणी वहीं से शुरू होती है महापुरुषों का इशारा इसी तरफ था।

**(ब्रम्ह्य विद्यालय सह आश्रम छोटका राजपुर बक्सर )**

# बंसत झा बने पत्रकारिता विभाग, रांची विवि के डायरेक्टर



वसंत कुमार झा ने रांची विश्वविद्यालय के स्कूल आफ मास कम्युनिकेशन के निदेशक का प्रभार संभाला। शनिवार को उनके पद संभालने पर विभाग के उपनिदेशक डा. विष्णु चरण महतो सहित पत्रकारिता विभाग के सभी सहयोगियों ने उनका पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। शनिवार को इस अवपर श्री झा ने उपस्थित सहयोगियों से परिचय प्राप्त की और विभाग के क्रिया कलाप की जानकारी हासिल की। पत्रकारिता विभाग के सभी कक्षा, लाइब्रेरी सहित सभागार और स्टूडिया का भ्रमण किया।

श्री झा पत्रकारिता और शैक्षणिक गतिविधियों से जुड़ें रहें हैं। कई राष्ट्रीय समाचार पत्रों एवं चैनलों में भी शीर्ष पदों पर सेवा दे चुके हैं। इस अवसर पत्रकारिता विभाग के पूर्णेंदू शेखर तिवारी, मनोज कुमार शर्मा, प्रदीप मिश्र, एन के मुरलीधर ,निरंजन कुमार, डहरू टोप्पो, रेखा बाखला , मनोज बाखला तथा अन्य सहयोगी उपस्थित थे।

# महाकुंभ में संविधान गैलरी बना ज्ञान का केन्द्र




उत्तर प्रदेश सरकार में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने संविधान गैलरी का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में मंत्री और मुख्य अतिथि खन्ना के साथ-साथ विशिष्ट अतिथियों ने भारतीय संविधान पर प्रदर्शनी का दौरा किया गया।

भारतीय सेना के बैंड ने उद्घाटन समारोह की भव्यता को बढ़ाते हुए वंदे मातरम सहित देशभक्ति गीतों की संगीतमय प्रस्तुति दी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति जेजे मुनीर ने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि संविधान पूरे देश को नियंत्रित करता है और कोई भी समाज कानूनों के ढांचे के बिना पनप नहीं सकता।

उन्होंने संविधान गैलरीह्ण की सराहना करते हुए कहा कि यह एक ऐसी पहल है, जो युवा पीढ़ी को संविधान के महत्व के बारे में बताएगी और उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इसी तरह के प्रयास जारी रहेंगे। खन्ना ने महाकुंभ में गैलरी के आयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला।

इस पहल का उद्देश्य संविधान के निर्माण, कार्यान्वयन और विभिन्न लेखों के बारे में मेला आने वालों को शिक्षित करना है। खन्ना ने कहा, ह्गैलरी में ऑडियो प्रस्तुतियों के माध्यम से विस्तृत जानकारी भी दी जा रही है ह्व उन्होंने संविधान की संशोधन प्रक्रिया के माध्यम से इसकी अनुकूलनशीलता को रेखांकित किया, जो इसे सामाजिक आवश्यकताओं के साथ विकसित करने में सक्षम बनाती है।

खन्ना ने कहा कि वर्तमान सरकार सार्वजनिक भावना के अनुरूप संविधान में संशोधन करती है, जबकि पिछली सरकारों ने व्यक्तिगत और राजनीतिक लाभ के लिए लगातार 55 वर्षों तक संशोधन प्रक्रिया का दुरुपयोग किया, जिससे संविधान के मूल चरित्र में बदलाव आया। ह्यसंविधान गैलरीह्ण में लगायी गयी प्रदर्शनी ऐतिहासिक उपल्बधियों, दस्तावेजों और भारतीय संविधान को तैयार करने में उल्लेखनीय हस्तियों के योगदान का एक समृद्ध प्रदर्शन प्रदान करती है।

# मीडिया के बदलते स्वरुप के अनुकूल बनें और जानकारी का स्तर बढ़ायें

## आरयू मास कॉम में मास्टर क्लास

**वित्तीय और कानूनी रिपोर्टिंग निखारने और लिखते रहने की आदत बनायें छात्र**

स्कूल आफ मास कम्युनिकेशन, रांची विश्वविद्यालय में शनिवार को मास्टर क्लास का आयोजन किया गया। इस क्लास में वरिष्ठ पत्रकार, मोटिवेटर सह करियर काउंसलर एन के मुरलीधर ने छात्रों को पत्रकारिता की पढ़ाई और इससे संबंधित कैरियर के बारे में बताया। साथ ही बदलते दौर में अपनी पत्रकारिता को निखारने के टिप्स भी दिये।

एन के मुरलीधर ने कहा कि आज फिनांस और पर्यावरण जैसे विषयों पर गहनता से लिखने पढ़ने वालों की कमी है। इन विषयों में अपनी पकड़ बनाकर युवा अच्छी पत्रकारिता कर सकते हैं। साथ ही एक अच्छी आजीविका भी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने छात्रों से कहा कि आप हमेशा पढ़ने और लिखने की आदत डालें। यह आप छात्रों के लिए आवश्यक है। देश दुनिया की खबरों से रू-ब-रू होते रहना बहुत ही आवश्यक है। साथ ही उन्होंने अच्छी रिपोर्टिंग के लिए आवश्यक जानकारियां भी दीं।

**छात्रों के सवाल :** समाचार के स्त्रोत किस प्रकार विकसित किये जा सकते हैं?

**जबाव :** समाचार के स्त्रोत आपके बुद्धि, व्यवहार और अधिक से अधिक लोगों से संबंध बनाने के आपके स्वभाव से विकसित होता है। साथ ही वर्तमान परिदृश्य में अगर आप रिपोर्टर हैं, तो संबंधित बीट या विभाग के बारे में आपको एक सामान्य जानकारी होना जरूरी है। हर व्यक्ति एक स्त्रोत हो सकता है। हर जानकारी एक खबर हो सकती है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खबरों को आप स्थानीय तौर पर जोड़कर भी खबर तैयार करते हैं। एक खबर अनेक खबरों का स्त्रोत होता है। कुछ सटीक अनुमान भी आपको खबरों के साथ आगे बढ़ा देती है। आंकड़ा, विश्वसनीय स्त्रोत से जानकारी और उसका बेहतर प्रस्तुतीकरण यानी आपकी थोड़ी भाषाई रूचि भी उपयोगी होता है।



**सवाल :** आर्थिक विषयों पर खबरें कम आती हैं। इस दिशा में किस प्रकार बेहतर किया जा सकता है?

**जबाव :** आर्थिक जानकारी लगातार महत्वपूर्ण होती जा रही है। आप देश की बड़ी समस्याओं का अध्ययन करें, जैसे- गिग ईकोनॉमी। इस विषय का अध्ययन करने के क्रम में आपको कई जानकारी मिलेगी, जो आपकी आर्थिक समझ को मजबूत करेगा। समझने की कोशिश हर समय जारी रखें।

**सवाल :** पत्रकारिता में करियर की क्या संभावना है?

**जबाव :** आज सूचना की गति जिस प्रकार तेज हुई है और मोबाइल, सोशल मीडिया पर गतिविधियों जिस प्रकार बढ़ गयी है वहां आपके लिए करने को बहुत कुछ है। आज आप हर युवा जो सूचना, जानकारी और खबर के क्षेत्र में कुछ करना चाहता है। वह इन सभी माध्यमों से अपनी जगह बना सकता है। प्रतिस्पर्धा बढ़ गयी है और मीडिया का विस्तार हो गया है। सूचना और जानकारी के साथ लोकतंत्र में खबरों का महत्व कभी समाप्त नहीं होगा।

**सवाल :** क्या आने वाले समय में समाचार पत्र समाप्त हो जायेगा?

**जबाव :** प्रिंट होने वाले अखबार की कीमत और उन्हें वितरण करने के व्यय के कारण इस क्षेत्र पर संकट दिख रहा है। लेकिन आज इनके वेबसाइट, यू ट्यूब न्यूज, इंस्टाग्राम न्यूज सहित पीडीएफ संस्करण का प्रभाव भी लगातार बढ़ रहा है। समाज में बदलाव को आशंका की दृष्टि से न देखकर एक उम्मीद और संभावना के तौर पर देखा जाना चाहिए।

अपनी जानकारी हर दिन बढ़ाये और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार रहें। विभिन्न कंपनियों में पीआर विभाग में भी संभावना है उसकी तैयारी करें।

इसके अतिरिक्त छात्रों ने एन के मुरलीधर से कैरियर तथा पत्रकारिता से संबंधित बहुत सारे सवाल भी पूछे। इस अवसर पर विभागीय शिक्षक मनोज कुमार शर्मा ने कहा कि पत्रकारिता विभाग अनुभवी लोगों को बुलाकर उनके अनुभव से छात्रों को रूबरु कराया जाता है। छात्र सीधे संवाद से अनुभव प्राप्त करते हैं।

# बदलते मौसम में डेंगू और मलेरिया से कैसे बचें?

एक छोटा सा मच्छर, डेंगू और मलेरिया का रूप धारण कर हमारे लिए जानलेवा बन सकता है। डेंगू एक ऐसी बीमारी हैं जो एडिस इजिप्टी मच्छरों के काटने से होती हैं। दिल्ली और एनसीआर में लगातार डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है और अब पंजाब में इसके कई मामले सामने आ रहे हैं। कई लोगों को इसके चलते अपनी जान से हाथ धोने पड़े हैं। ऐसे में आपको डेंगू के कारणों और उससे बचाव के बारे में पता होना जरूरी हैं।-यह रोग तेज बुखार से शुरू होता है, जिससे तेज सिर दर्द और मांसपेशियों व जोडों में भयानक दर्द शुरू हो जाता है। इसे हड्डी तोड़ बुखार भी कहते हैं।


**-पूरे शरीर पर लाल चकते बन जाते हैं।**

-इसके अलावा पेट खराब होना, दर्द होना, कमजोरी, दस्त लगना, ब्लेडर की समस्या, निरंतर चक्कर आना, भूख ना लगना भी लक्षण हो सकते हैं।

-कई बार ऐसे लक्षण दिखाई भी नहीं देते, जिसके चलते इसे इंफ्लूएंजा का प्रकोप मान लिया जाता है या कोई अन्य विषाणु संक्रमण, यदि कोई व्यक्ति प्रभावित क्षेत्र से आया हो और इसे नवीन क्षेत्र मे ले गया हो तो बीमारी की पहचान ही नहीं हो पाती है।

-रोगी यह रोग केवल मच्छर या रक्त के द्वारा दूसरे को दे सकता है वह भी केवल तब जब वह रोग ग्रस्त हो।

-बच्चों मे डेंगू के लक्षण साधारण सर्दी, बुखार तथा उल्टी आना हो सकते है।




-रक्त स्त्राव की प्रवृति यानि टोर्नक्विट परीक्षण सकारात्मक आना, खुद ब खुद छिल जाना, नाक, कान से, टीका लगाने के स्थान से खून रिसना, खूनी दस्त लगना और खून की उल्टी आना।

जानिए, डेंगू से कैसे किया जा सकता है बचाव...

फिलहाल तो डेंगू से बचाव के लिए कोई टीका नहीं आया है इसलिए इससे बचाव के लिए आपका जागरूक होना जरूरी हैं।

-डेंगू की रोकथाम के लिए जरूरी है कि डेंगू के मच्छ रों के काटने से बचें और इन मच्छसरों के फैलने पर नियंत्रण रखा जाए। डेंगू के मच्छ रों को कंट्रोल करने के लिए उसके पनपने की जगहों को ही नष्ट कर देना चाहिए।

-एडीज एजिप्टी मच्छर ज्यादातर दिन में काटते हैं। ऐसे में पानी के कंटेनर खाली कर दें और जिन जगहों पर पानी के जमा होने की उम्मीद हैं, वहां कीटनाशकों का उपयोग करें। -टायर, बोतलें, कूलर, गुलदस्ते इनको अक्सर खाली करना चाहिए क्योंकि इन जगहों पर डेंगू के मच्छर अधिक होते हैं। साथ ही घर के अंदर और आस-पास भी पानी जमा ना होने दें। किसी भी बर्तन में लंबे समय तक पानी ना रखें।

-रोजाना मच्छरदानी लगाकर सोएं और पूरे कपड़े पहनकर रहें।

मच्छर ना काटें, इसके लिए क्रीम लगाकर रखें।

-घर में और घर के आस-पास साफ-सफाई रखें क्योंकि गंदगी में डेंगू के मच्छरों के पनपने की आशंका बढ़ जाती है। कचरे के डिब्बे को हमेशा ढककर रखें।

-सोते समय चारों तरफ नेट लगाकर सोएं। यदि घर में या आस-पास मच्छर ज्यादा हैं तो दिन में भी मच्छरदानी लगाएं।

### कुछ प्राकृतिक उपाय...

-मच्छर घर में ना पनपे इसके लिए अपने घर की खिड़कियों पर तुलसी का पौधा भी रख सकते हैं। इससे मच्छर नहीं आएंगे।

-कमरों के खिड़की-दरवाजें बंद करके कपूर जला लें और 15 से 20 मिनट कमरों को बंद रखें। इससे आप मच्छरों को आसानी से दूर कर सकते हैं।




**मेष :** कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-6-8

**वृष :** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सम्पत्ति से लाभ। शुभांक-4-6-8

**मिथुन :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

**कर्क :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुखदायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-6-7

**सिंह :** मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। शुभांक-2-4-6

**कन्याः** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। स्थान परिर्वतन की संभावना हैं। शुभांक-3-5-7

**तुला :** रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का योग है। शुभांक-3-5-6

**वृश्चिक :** कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शुभांक-4-5-7

**धनु :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। परिवारजन का सहयोग काम को बनाना आसान करेगा। अपनेकाम आसानी से बनते चले जाएंगे। थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। शुभ कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। शुभांक-2-4-6

**मकर :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। बौद्धिक उलझनें बनी रहेंगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। शुभांक-1-3-5

**कुंभ :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। पारिवारिक विवाद टालें। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। शुभांक-2-6-9

**मीन :** शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-2-4-6

स्पीड न्यूज

## हिंदी साहित्य में हरिवंश राय बच्चन के योगदान पर सेमिनार आयोजित



**कुजू।** सर्वोदय निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हिंदी के मूर्धन्य कवि डॉ. हरिवंश राय बच्चन की पुण्यतिथि पर एक सेमिनार हुआ। इसका विषय था - हिंदी साहित्य में डॉ. हरिवंश राय बच्चन का योगदान। सेमिनार में विद्यालय प्राचार्य सूर्यनाथ यादव और हिंदी के वरीय शिक्षक ब्रह्मदेव महतो थे। ब्रह्मदेव महतो ने कहा कि हरिवंश राय बच्चन आधुनिक हिंदी साहित्य के सुप्रसिद्ध कवि, लेखक और अनुवादक थे। वे हिंदी कविता के उत्तर छायावाद कल के प्रमुख तथा व्यक्तिवादी गीत कविता या हालावादी काव्य के अग्रणी कवियों में से एक थे। मधुशाला, क्या भूलूं क्या याद करूं, मधुकलश, सतरंगिनी आदि सहित सैकड़ों साहित्य उन्होंने लिखा था। मौके विद्यालय के सभी शिक्षक और वरीय कक्षाओं के छात्र उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अनिल कुमार गुप्ता ने किया।

## पशु चिकित्सा शिविर में दवा वितरित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बुध बाजार दोतल्ला पंचायत सचिवालय में शनिवार को कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग ने पशु चिकित्सा शिविर लगाया। शिविर में पशु चिकित्सक डॉ पंकज कुमार एवं उनके सहयोगी धर्मेंद्र तिवारी ने बीमार पशुओं का इलाज कर परामर्श भी दिये। चिकित्सक ने पशुपालकों को पशुओं को स्वस्थ रखने की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। मुखिया सत्यवंती देवी ने दर्जनों पशुपालकों को नि:शुल्क दवा एवं विटामिन का वितरण करते हुए कहा कि इंसानों के साथ-साथ पशुओं की स्वास्थ्य की भी विशेष ध्यान ग्राम पंचायत में रखा जाता है। शिविर को सफल बनाने में पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि लव कुमार महतो, पवन कुमार, प्रेमी सलोनी तिर्की, बसंत कुमार, ललन सिंह, विश्वनाथ सिंह, ईश्वर मेहता व अन्य का विशेष योगदान रहा।

## टीबी को लेकर जागरूकता अभियान



**रामगढ़।** शनिवार को रामगढ़ प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कैथा में टीबी जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में स्कूल के बच्चों और शिक्षकों को टीबी बीमारी के लक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। स्वास्थ्य के जिला समन्वयक अजय नारायण दुबे ने टीबी स्क्रीनिंग, कैम्पेनिंग अभियान के उद्देश्य के बारे में जागरूक करते हुए उपस्थित बच्चों और शिक्षकों को टीबी के लक्षणों, उपचार और रोकथाम के बारे में जानकारी दी। उन्हें यह भी बताया गया कि उच्च जोखिम वाले व्यक्ति या महिला जो पांच वर्ष के टी बी मरीजों, पिछले तीन सालों से टी बी के दवा खाएं मरीजों के सम्पर्क वाले,60 वर्ष से अधिक के लोग, कुपोषित, स्मोकिंग करने वाले, सुगर के मरीज, इत्यादि का रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती है अत: ऐसे लोगों की पहचान करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है व उनका चेस्ट एक्सरे, बलगम जांच निशुल्क किया जा रहा है। कार्यक्रम में एसटी एस रुपलाल ठाकुर,एच वी सुशांत गौरव, वार्डेन अल्पना सभी शिक्षिका उपस्थित थे।

## यदुवंशी समाज का मिलन समारोह आज



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** 19 जनवरी को यदुवंशी समाज का होने वाले मिलन समारोह को लेकर शनिवार को पतरातू डैम के समीप समाज की बैठक हुई। बैठक में रविवार को मां पंच बहिनी मंदिर परिसर लबगा में होने वाले समारोह की सफलता पर विचार-विमर्श करते हुए सबों को जिम्मेवारी सौंपी गई। समारोह में पतरातू सह कोयलांचल के यदुवंशी समाज के सैंकड़ो लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम के जरिए समाज में फैली कुरीतियो को दूर करने के साथ-साथ, समाज का उत्थान, मजबुती, शिक्षा, स्वास्थ्य, आदि कई मुद्दों पर चर्चा करते हुए समाज के लोगों को एकजुट रहने का आह्वान किया जायेगा। समारोह में झारखण्ड सहित अन्य प्रदेश के विधायक, सांसद एवं दर्जनों प्रशासनिक क्षेत्र के आधिकारिक शामिल होंगे। समारोह की सफलता को लेकर गिरधारी गोप, वीरेन्द्र यादव, अमर यादव, संजय यादव, योगेन्द्र यादव, पवन यादव सहित समाज के दर्जनो लोग जुटे हैं।

## डीएवी पब्लिक स्कूल में युवा महोत्सव



**रजरप्पा।** डीएवी पब्लिक स्कूल में शनिवार को युवा महोत्सव पर सीसीएल रजरप्पा स्थित डीएवी विद्यालय में आत्मरक्षा में जूडो-कराटे का प्रशिक्षण, प्राचार्य द्वारा प्रेरक सत्र, विभिन्न प्रकार के खेलकूद, चित्रकला एवं क्विज प्रतियोगिता, हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा में निबंध लेखन प्रतियोगिता हुआ। झारखंड जोन डीके सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह विद्यालय प्राचार्य डॉक्टर एसके शर्मा ने भूरी-भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम में बच्चों को बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। निबंध लेखन (अंग्रेजी) भाषा) में सफल प्रतिभागी साक्षी बक्शी (प्रथम), सुमित कुमार सिंह (द्वितीय) तथा ऋषिका वैष्णवी (तृतीय) तथा हिंदी भाषा में रितेश राज (प्रथम), गुंजन कुमारी (द्वितीय) तथा जूही नाज एवं ज्योति कुमारी (तृतीय) को मिला। सफल प्रतिभागियों को उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

# पूर्णिया के ठेकेदार का रामगढ़ में अपराधियों ने किया अपहरण

## ठेकेदार को रस्सी से बांध कर और 50 लाख की फिरौती मांगी

- पुलिस ने ठेकेदार को कराया मुक्त और दो अपहरणकर्ताओं को किया गिरफ्तार
- अमित कुमार ने धनंजय सिंह को पार्टनरशिप ठेकेदारी करने का दिया था झांसा



खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** शहर में शनिवार को अपराधियों ने एक ठेकेदार का अनोखे तरीके से अपहरण कर लिया। उसे पहले काम का झांसा देकर पूर्णिया से रामगढ़ बुलाया। काम की बात करने के बाद अपराधियों ने ठेकेदार को रस्सी से बांध दिया और उसके मुंह पर टेप चिपका दिया। इसके बाद उसे 50 लाख रुपए की फिरौती मांगी गई। रामगढ़ पुलिस की सक्रियता से ठेकेदार अपहरणकर्ताओं के चंगुल से मुक्त हुआ। साथ ही पुलिस ने दो अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार भी कर लिया। उनके पास से एक पिस्तौल और वारदात में इस्तेमाल स्कोर्पियो गाड़ी भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार अपराधियों में बिहार के पटना जिला अंतर्गत बख्तियारपुर निवासी अमित कुमार और स्कॉर्पियो ड्राइवर रामगढ़ जिले के सांडी निवासी रवीश मुंडा शामिल हैं। एसपी अजय कुमार ने बताया कि अमित कुमार ने पूर्णिया के ठेकेदार धनंजय सिंह को साथ में ठेकेदारी करने और पार्टनर के रूप में काम करने का झांसा दिया था। उसने बताया कि वह मूल रूप से पटना का रहने वाला है । फिलहाल वह कुछ महीनो से बाजारटांड़ एमएमटी ग्राउंड के पास एक मकान में वह किराएदार के रूप में रह रहा था। अपहरणकर्ताओं के चंगुल से मुक्त होने के बाद ठेकेदार धनंजय सिंह ने पुलिस को बताया कि वह सुबह 5:00 बजे बस से रामगढ़ पहुंचा था। बस स्टैंड में अमित ने उसे स्कॉर्पियो में बैठाया और अपने ठिकाने पर ले आया। यहां उसने पहले काम की बात की और नफा नुकसान का जायजा लिया। इसके बाद उसकी कनपटी पर हथियार सटा उसके मोबाइल से पहले 50 हजार ट्रांसफर किया। नगदी भी लूट लिए।

# सदर विधायक प्रदीप प्रसाद बने दो विधानसभा समितियों के सदस्य

**कहा- जिम्मेदारी मेरे लिए चुनौती और क्षेत्र के विकास के लिए काम करेंगे**


खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग सदर से भारतीय जनता पार्टी के विधायक प्रदीप प्रसाद को झारखंड विधानसभा की दो महत्वपूर्ण समितियों का सदस्य नियुक्त किया गया है। झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो द्वारा जारी अधिसूचना के तहत उन्हें युवा कल्याण, संस्कृति एवं पर्यटन विकास समिति और आवास समिति का सदस्य बनाया गया है। इस नई जिम्मेदारी के मिलने पर क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल है। विधायक समर्थकों, कार्यकताओं और स्थानीय जनता ने इस उपलब्धि पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। लोगों को उम्मीद है कि प्रदीप प्रसाद के नेतृत्व में हजारीबाग क्षेत्र को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का मौका मिलेगा।

**विकास की नई संभावनाएं तलाशेंगे :** प्रदीप प्रसाद ने इस उपलब्धि पर झारखंड विधानसभा अध्यक्ष और पार्टी नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए इसे अपने लिए गर्व और चुनौती दोनों बताया। उन्होंने कहा कि यह जिम्मेदारी केवल सम्मान नहीं, बल्कि मेरे क्षेत्र के विकास और जनकल्याण के लिए एक अवसर है। मैं पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करूंगा, ताकि हजारीबाग में युवा कल्याण, सांस्कृतिक उत्थान और पर्यटन को नई पहचान मिल सके। इस खबर के बाद हजारीबाग क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। कार्यकताओं ने विधायक का स्वागत फूलों और अंग वस्त्रों के साथ किया। मिठाइयां बांटकर खुशी जताई गई। सोशल मीडिया पर भी विधायक को बधाई देने वालों की भरमार है। समर्थकों का कहना है कि यह नियुक्ति हजारीबाग के विकास के लिए एक सुनहरा अवसर है।

## मनोज यादव बने लोक लेखा समिति के सभापति



**बरही।** विधायक मनोज कुमार यादव को लोक लेखा समिति का सभापति नियुक्त किया गया है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने संयुक्त रूप से उनकी नियुक्ति की अनुशंसा की। लोक लेखा समिति सरकार की सबसे महत्वपूर्ण समितियों में से एक मानी जाती है, जो सरकारी विभागों और उनकी कार्यप्रणाली का ऑडिट करती है। मनोज यादव को राजनीतिक और प्रशासनिक क्षेत्रों से शुभकामनाएं मिल रही हैं। सभापति बनाए जाने पर विधायक ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि यह जिम्मेदारी न केवल उनके लिए, बल्कि पूरे बरही क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।

## बड़कागांव में वन विभाग ने 32 अवैध कोयला खदान को किया सील

**हजारीबाग।** जिले में अवैध कोयला खनन के खिलाफ वन विभाग ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई की है। विभाग ने 32 अवैध कोयला खदानों के मुहानों को डोजर से बंद कर दिया है। इन खदानों से स्थानीय लोग जान जोखिम में डालकर अवैध रूप से कोयला निकाल रहे थे। जानकारी के अनुसार, बड़कागांव क्षेत्र में कई जगहों पर छोटे-छोटे मुहाने बनाकर अवैध खनन किया जा रहा था। स्थानीय लोग इन खदानों से कोयला निकालकर जिले के विभिन्न फैक्ट्रियों और ईंट भट्ठों को सप्लाई करते थे। खनन के दौरान जब खदानों में पानी भर जाता था, तो उसे निकालने के लिए पंप का भी इस्तेमाल किया जाता था। वन विभाग के बड़ा बाबू एके परमार ने बताया कि कोयला परिवहन के लिए ट्रैक्टरों का उपयोग किया जाता था और जंगल में नए रास्ते बनाने के लिए पेड़ों की अवैध कटाई भी की जा रही थी।

कार्रवाई के दौरान विभाग ने खनन में प्रयुक्त कई उपकरण भी जब्त किए हैं। अधिकारियों का कहना है कि गुप्त सूचना के आधार पर योजनाबद्ध तरीके से यह कार्रवाई की गई।

## रामगढ़ में जन शिकायत समाधान शिविर 22 को

**रामगढ़।** नगरिकों के शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निवारण हेतु झारखंड पुलिस की अनूठी पहल के तहत 22 जनवरी को 11:00 बजे से छावनी फुटबॉल मैदान रामगढ़ में जन शिकायत समाधान शिविर लगेगा। शिविर में रामगढ़ जिला के आम नागरिक उपस्थित होकर शिकायत दर्ज करवा सकते हैं । जिसका निष्पादन त्वरित गति से जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के दौरान ही किया जायेगा। रामगढ़ पुलिस के मोबाईल नंबर-9162388444 एवं इमेलआईडी - जनशिकायत-आरजीएच@जेएचपुलिस. गोव. इन पर रामगढ़ जिले की आम जनता अपनी शिकायतों / समस्याओं को साझा कर सकतें हैं।

## कैथोलिक आश्रम उच्च विद्यालय के दसवीं के छात्रों को दी गयी विदाई



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कैथोलिक आश्रम उच्च विद्यालय भुरकुंडा में शनिवार को 10वीं विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह हुआ। मंच का संचालन वर्षा कुमारी एवं अलविन लकड़ा ने संयुक्त रूप से किया। समारोह में 9वीं कक्षा व अन्य वर्ग के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर 10वीं के विद्यार्थियों को विदाई दी गई। कार्यक्रम के दौरान दशम वर्ग की छात्रा नूर ए इनाया एवं आस्था गुप्ता ने बीते दिनों की खट्टी मीठी यादों को साझा किया। मौके पर फादर थॉमस ने कहा कि छात्रों को असफलता से कभी नहीं घबराना चाहिए। उन्होंने कहा कि लक्ष्य का निर्धारण कर तैयारी की जाये तो सफलता जरूर मिलती है। शिक्षक संजय किण्डो ने विद्यार्थियों से भविष्य की चुनौतियों का सामना करने का संदेश दिया। वहीं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को भविष्य की योजनाओं के लिए प्रेरित किया। शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत विदाई गीत के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। मौके पर शर्मीला मिंज, दीपक राम, नीलिमा हेमरोम, रूपा सिन्हा, चन्द्रिका चौधरी, संजय किंडो, नेहा तिर्की, पवन ठाकुर, सुषमा टोप्पो, प्रिसिल्ला टोप्पो, राजेश पण्डरवाणी, राजेश कुमार, अमृतलाल, पेत्रुस लकड़ा, खुशबु कुजूर, डेजी हंस, दिव्या, नीलिमा तिर्की, अजित कण्डुलना, बासिल कुजूर, उषा किरण, संध्या एक्का, जुलिता एक्का, इलिजाबेथ कोंगाड़ी, दीपिका खेस, सुधीर मिंज सहित दर्जनों विद्यार्थी मौजूद थे।

## वाहन चालकों को कुजू पुलिस ने किया जागरूक



**कुजू।** सड़क सुरक्षा अभियान के तहत शनिवार को नयामोड़ चौराहा में कुजू पुलिस द्वारा लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान कुजू ओपी प्रभारी मो नौशाद के निर्देश पर ओपी के पुअनि रौशन कुमार ने सड़क से बिना हेलमेट व बिना शीट बेल्ट लगाये आने-जाने वाले दो पहिया व चार पहिया वाहन चालको को गुलाब का फूल व माला पहनाकर घर से निकनले से पहले हेलमेट लगाने की अपील की। चालकों से हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग करने की अपील करते हुए बताया कि जीवन बहुमूल्य है। वाहन चलाते समय नियमों का पालन करें और सुरक्षित घर पहुंचे। वहीं वाहन चालकों को हेलमेट और सीटबेल्ट का उपयोग अनिवार्य रूप से करने व नियमों का पालन करने का संकल्प दिलाया। मौके पर कुजू दक्षिणी मुखिया राकेश मेहता रॉक, कुजू पश्चिमी पंसस संतोष मेहता, पैंथर रविकांत सिंह, ज्ञानी महतो, चालक मनोज कुमार के अलावे जवान शामिल थे।

# लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने किया भंडारा

- 400 लोगों को कराया भोजन गर्भवती महिलाओं व शिशुओं का लगाया टीका




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा द्वारा प्रत्येक सप्ताह की भांति इस शनिवार को भी भुरकुंडा के पटेलनगर सयाल मोड़ स्थित मां शीतला देवी मंदिर में नर सेवा नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद मां को लड्डू का भोग चढ़ाया गया। तत्पश्चात भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा का शुभारंभ लायंस क्लब के लोगों ने संयुक्त रूप से श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी रूपी प्रसाद का वितरण कर किया।

इस अवसर पर फूड फॉर हंगर के तहत लगभग 400 लोगों को भरपेट भोजन खिलाकर आशीर्वाद लिया गया। बताया गया कि लायंस क्लब द्वारा प्रत्येक शनिवार को भंडारा का आयोजन जारी रहेगा। मौके पर क्लब की अध्यक्ष लायन रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी और कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद ने बताया की लायंस क्लब भुरकुंडा समाज के निचले स्तर पर जीवन यापन कर रहे लोगो को ध्यान में रखकर समाजिक उत्थान का कार्य कर रहा है।

उन्होंने कहा कि गरीबों को भोजन कराना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। जरूरतमंदों की सेवा ही कल्ब का उद्देश्य भी है, जो निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब की अध्यक्ष लायन रेखा बर्णवाल, सचिव अंजू देवी, कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद, जोन चेयरपर्सन एमजेएफ डॉ. राजेंद्र महतो, जिला चेयरपर्सन अशोक सिन्हा, जिला चेयरपर्सन अखिलेश शर्मा, पास्ट प्रेसिडेंट लायन माला शर्मा, विजयंत कुमार, निर्मल अग्रवाल, एमजेएफ संजय जायसवाल, दीनबंधु सिंह, डॉ एमके मंजुल, विजय वर्णवाल, सूबेदार एचएन यादव आदि का विशेष योगदान रहा। इधर परमानेंट प्रोजेक्ट वैक्सीनेशन के तहत भुरकुंडा ट्रैक्टर स्टैंड स्थित राज नर्सिंग होम में गर्भवती महिलाओं व दर्जनों शिशुओं का स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा निःशुल्क टीकाकरण किया गया। मौके पर एस्पायर कोचिंग सेंटर के निदेशक रत्नेश कुमार आदि मौजूद थे।

एक नजर में

## बाल विवाह आधुनिक समाज के विकास में बड़ी बाधा : डीडीसी



**हजारीबाग।** जिला समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में बाल विवाह रोकने के लिए शनिवार को नगर भवन में उन्मुखीकरण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद थे। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा ने स्वागत भाषण से कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में झारखंड बाल विवाह प्रतिषेध नियमावली 2015 के प्रावधानों पर चर्चा की गई। उप विकास आयुक्त कहा कि बाल विवाह आधुनिक समाज के विकास में एक बड़ी बाधा है। यह बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन करता है और उनके भविष्य को अंधकारमय बनाता है। इसे रोकने के लिए प्रखंड स्तर पर अधिकारियों को ठोस कदम उठाने होंगे। विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव गौरव खुराना ने बताया कि बाल विवाह करवाना या उसमें सहयोग करना कानूनन अपराध है। जुवेनाइल एक्ट के तहत बच्चों की पहचान उजागर करना जुर्म है, जिसमें दो साल की सजा और एक लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। कार्यक्रम में बाल विवाह रोकथाम के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाली खुशी कुमारी और उर्मिला कुमारी को सम्मानित किया गया। जिला स्तर पर 2024 की माध्यमिक और इंटरमीडिएट परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित छात्राओं में ज्योत्सना ज्योति, सना संजुरी, करिश्मा कुमारी, सृष्टि सौम्या, लक्ष्मी रानी, नेहा कुमारी, कुमारी लकी, रितिका कुमारी, दिव्या भारती और अंशु शामिल थीं।

## सदस्यता अभियान तेज करें : पूर्व विधायक



**बरकट्ठा।** झामुमो के प्रखंड कार्यालय सह पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव के आवासीय कार्यालय में शनिवार को चुनाव समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष कुदूस अंसारी ने की, जबकि संचालन पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद ने किया। इस बैठक में उत्तरी जिला परिषद क्षेत्र के पंचायतों- बरकनगांगो, चुगलामो, गैडा, गंगपाचो, गयपहाड़ी, सलैया, कपका, तुइयो और बेडोकला के सभी बूथ अध्यक्ष और झामुमो कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य हालिया चुनाव में पार्टी को मिली हार की समीक्षा करना और आगामी रणनीतियों पर चर्चा करना था। पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने एक-एक बूथ की समीक्षा की। जिन बूथों पर पार्टी ने जीत दर्ज की, वहां के कार्यकताओं को बधाई दी गई। वहीं, जहां हार हुई, वहां के कार्यकताओं को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पंचायत से लेकर बूथ स्तर तक सदस्यता अभियान को तेज करें और अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ें। बैठक में निजाम अंसारी, दुर्गा प्रसाद चौधरी, मनोहर प्रसाद चौधरी, पसस युसूफ अंसारी, अशोक सिंह, महेंद्र प्रसाद, उपेंद्र शर्मा, बीरेंद्र यादव और गणेश यादव समेत कई प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## चैलेंगदाग जंगल से अर्ध निर्मित कत्था जब्त



**बड़कागांव।** चेलेंगदाग जंगल में पश्चिमी वन प्रमंडल पदाधिकारी मौन प्रकाश के निर्देशानुसार बड़का गांव वन क्षेत्र के वन कर्मी के द्वारा गुप्त रूप से छापामारी कर लगभग चार क्विंटल अर्ध निर्मित कत्था बरामद किया गया। घटनास्थल से 12 बड़ा डेक्चा, 6 प्लास्टिक की बाल्टी से भरा अर्ध निर्मित लगभग 4 क्विंटल कत्था जब्त किया गया। जिसकी कीमत लगभग चार लाख रुपया हो सकती है । बताते चलें कि चेलेंगदाग जंगल में पिछले कई महीनो से गुप्त रूप से जंगल में कत्था बनाने का कार्य किया जा रहा था। छापेमारी की जानकारी मिलते ही कत्था माफिया वन विभाग के द्वारा छापेमारी होते फरार हो गए, घने जंगलों में छुप गए। इस दौरान वन विभाग के कर्मियों ने कत्था बनाने वाले भट्ठा को तहश-नहस कर नष्ट कर दिया गया। छापामारी में बड़कागांव वन क्षेत्र के तमाम वन कर्मी में शामिल थे। मामले को लेकर बड़का गांव वन क्षेत्र कार्यालय में 2 नामजद लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इस संबंध में एसीएफ ए के परमार ने कहा कि जो भी जंगल में खैर की लकड़ी को काटकर कत्था बनाने का कार्य करेंगे, इसके अलावा अवैध कोयला उत्खनन, पत्थर का कारोबार करेंगे उन पर निश्चित रूप से कार्रवाई होगी। मामला दर्ज कर आरोपियों को जेल भेजा जाएगा।

## हजारीबाग में लहरिया कटिंग और शोरगुल फैलाने वाले चालक अब बख्शे नहीं जायेंगे



**हजारीबाग।** हजारीबाग पुलिस ने बुलेट चालकों पर कड़ा रुख अपनाया है, जो मॉडिफाइड साइलेंसर का इस्तेमाल कर ध्वनि प्रदूषण फैला रहे थे। एसपी अरविंद सिंह की सख्त चेतावनी के बावजूद इन बुलेट चालकों की हरकतें नहीं रुकीं, जिसके बाद पुलिस ने शहर के विभिन्न इलाकों में अभियान चलाकर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि बाइकों में मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर पटाखों जैसी तेज आवाजें की जा रही हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानी हो रही थी। इसके जवाब में पुलिस ने शनिवार को चेकिंग अभियान चलाया और कई बाइकों के मॉडिफाइड साइलेंसर जब्त किए। चालकों से जुमार्ना वसूलने के साथ-साथ उनके खिलाफ केस भी दर्ज किया गया।

पुलिस ने कहा कि चेतावनी के बावजूद कई बुलेट चालक अपनी आदतों से बाज नहीं आए। हमने पहले ही साफ कर दिया था कि मॉडिफाइड साइलेंसर हटवा लें, वरना कार्रवाई के लिए तैयार रहें। अब ऐसे चालकों पर 5000 रुपये का जुर्माना लगाया जा रहा है और उनके वाहनों में मानक साइलेंसर फिट करवाए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि यह अभियान आने वाले दिनों में और तेज किया जाएगा। एसपी ने अपील की कि जिन लोगों ने अब तक अपने वाहनों में मॉडिफाइड साइलेंसर लगाए हुए हैं, वे तुरंत उन्हें हटवा लें, वरना उन्हें कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद शहर में एक संदेश गया है कि लहरिया कटिंग और शोरगुल फैलाने वाले अब बख्शे नहीं जाएंगे।

## चार दिनों के बाद पुलिस ने सही सलामत बच्चे को किया बरामद, परिजनों को सौंपा



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत असनाबाद निवासी रंजीत यादव पिता कपिल यादव द्वारा गुरुवार को तिलैया थाना में आवेदन देकर अपने पुत्र के गुमशुदा होने की शिकायत दर्ज कराई थी। जिसे लेकर तिलैया पुलिस ने अपनी पूरी टीम को बच्चे को खोजने में लगा दिया एवं बच्चे को हिसुआ से बरामद किया गया। वहीं बच्चे ने बताया कि वह कोडरमा स्टेशन से ट्रेन पड़कर हिसुआ चला गया था। टीम में एसआई महादेव पांडेय व अनिल पेंथर समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

### झासा की बैठक में कोडरमा जिला इकाई का किया गया पुनर्गठन

# सीएस डॉ. अनिल कुमार संरक्षक व सतेंद्र कुमार सिन्हा बने अध्यक्ष

- **सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार ने झासा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दी बधाई, कहा- कमेटी के पदाधिकारी संघ के सदस्यों के साथ तालमेल बनाकर, समस्याओं का करेंगे समाधान**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** सिविल सर्जन सभागार में शनिवार को झासा (राज्य स्वास्थ्य सेवा संघ) की बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से संघ के कोडरमा जिला इकाई का पुनर्गठन किया गया। जिसमें सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. रमण कुमार और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आरपी शर्मा को संरक्षक बनाया गया। वहीं अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से डॉ. सतेंद्र कुमार सिन्हा और सचिव डॉ. रंजीत कुमार एसीएमओ सह डीएस सदर अस्पताल को चयन किया गया। इसके अलावे जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार को उपाध्यक्ष, जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ. कुलदीप कुमार व दंत चिकित्सक डॉ. नीलमणि को संयुक्त सचिव, संयोजक डॉ. अरुण कुमार, कोषाध्यक्ष डॉ. आशीष राज तथा कार्यकरिणी सदस्य के रूप में डॉ. सत्यनारायण भगत, डॉ. सोमेश, डॉ. शालिनी कौशल, डॉ. गुंजन, डॉ. प्रियांशु बर्णवाल और डॉ. सोनी कुमारी का चयन किया गया।

वहीं सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार ने झासा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि उम्मीद करते हैं कि जिस उम्मीद और भरोसे के साथ जिला कमेटी का पुनर्गठन किया गया है, वह पूरी तरह सफल हो, कमेटी के पदाधिकारी संघ के सदस्यों के साथ तालमेल बनाकर, समस्याओं का समाधान करेंगे।

## एक नजर में

### चतरा सांसद कालीचरण सिंह जनता के सच्चे प्रतिनिधि



**चतरा।** चतरा सांसद कालीचरण सिंह आम जनता के लिए हमेशा उपलब्ध रहने वाले जनप्रतिनिधि बनकर उभरे हैं। जब भी किसी नागरिक को प्रशासनिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है, सांसद तुरंत संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर न्याय दिलाने का प्रयास करते हैं। यह स्वभाव उनका सांसद बनने से पहले भी था, लेकिन अब उनका दायरा और बढ़ गया है। लगभग 20 लाख की आबादी वाले चतरा संसदीय क्षेत्र में सांसद कालीचरण सिंह लोगों के लिए मसीहा की तरह काम कर रहे हैं। उनकी सक्रियता का ही नतीजा है कि 2024 के झारखंड विधानसभा चुनाव में चतरा और सिमरिया के साथ-साथ लातेहार और पांकी सीटों पर भी भाजपा को जीत मिली। सांसद कालीचरण सिंह बिना भेदभाव के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मंत्र पर काम कर रहे हैं। उनका मोबाइल फोन हमेशा जनता के लिए उपलब्ध रहता है, और वे दिन-रात लोगों की समस्याओं को सुनकर समाधान करने में जुटे रहते हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद वे प्रशासन को जनता की भावनाओं के अनुरूप बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। उनकी कार्यशैली से आम जनता ही नहीं, बल्कि प्रशासनिक अधिकारी भी संतुष्ट हैं। वे खुद को आम आदमी की तरह पेश करते हैं, जिससे लोग उनके साथ बैठकर सहज महसूस करते हैं।

### भद्रकाली महाविद्यालय में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**इटखोरी (चतरा)।** भद्रकाली महाविद्यालय में शनिवार को छात्रों द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वाणिज्य विभाग के वरिष्ठ व्याख्याता प्रो. सेकेंद्र मिस्त्री ने की। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और स्वागत गान से हुई। इसके बाद अध्यक्ष व अन्य शिक्षकों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छात्रों ने गीत, नृत्य, भाव नृत्य और प्रहसन की शानदार प्रस्तुतियां दीं। बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। गीत प्रतियोगिता में सरिता कुमारी को पहला, आरती कुमारी को दूसरा और भारती कुमारी सिंह को तीसरा स्थान मिला। नृत्य प्रतियोगिता में सरिता कुमारी को पहला और वंदना प्रिया व अर्पिता शर्मा को संयुक्त रूप से दूसरा पुरस्कार मिला। प्रहसन प्रस्तुति के लिए पल्लवी सिंह को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल निर्देशन विज्ञान संकाय की प्रो. मधुबाला ने किया, मंच संचालन हिंदी विभाग के व्याख्याता अखिलेश कुमार पांडेय ने किया, और धन्यवाद ज्ञापन वाणिज्य विभाग के प्रो. महेंद्र ठाकुर ने दिया। इस अवसर पर प्रो. श्याम सुंदर प्रसाद, जानकी प्रसाद दांगी, धीरेंद्र कुमार यादव, ललित कुमार सिंह समेत कई शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी और सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### ठंड में राहत: जरूरतमंदों को बांटे गए कंबल



**टंडवा (चतरा)।** टंडवा प्रखंड के सेरनदाग गांव में आज दर्जनों जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। बढ़ती ठंड को देखते हुए सांसद कालीचरण सिंह की सिफारिश पर आम्रपाली परियोजना प्रबंधन ने यह सहायता उपलब्ध कराई। कंबल पाकर ग्रामीणों ने सांसद कालीचरण सिंह और सीसीएल प्रबंधन का आभार जताया। इस अवसर पर फुलचंद साहू, उत्तम प्रसाद साहू, विजय कुमार साहू, झमन प्रसाद साहू समेत कई लोग उपस्थित थे।

### चतरा में अवैध अफीम की खेती नष्ट, पुलिस की बड़ी कार्रवाई



**हंटरगंज (चतरा)।** चतरा पुलिस ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र के संजनी गांव के जंगलों में अवैध रूप से उगाई गई 3 एकड़ अफीम की फसल नष्ट कर दी। पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम ने ट्रैक्टर चलाकर पूरी खेती को नष्ट कर दिया। यह अभियान चतरा एसपी विकास पांडे और वन क्षेत्र पदाधिकारी सूर्यभूषण कुमार के निर्देश पर चलाया गया। इसमें वशिष्ठ नगर थाना पुलिस, वन विभाग जोरी की टीम और जिला बल के जवान शामिल थे। पुलिस लगातार अवैध मादक पदार्थों की खेती और तस्करी के खिलाफ कार्रवाई कर रही है, जिससे नशे के कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी को अवैध गतिविधि की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस नियंत्रण कक्ष या निकटतम थाना को सूचित करें।इस अभियान में सब-इंस्पेक्टर विधायक प्रसाद यादव, वनकर्मी कपिलदेव कुमार मेहता, विवेक कुमार, रितेश बाखला, राजीव रंजन समेत कई पुलिसकर्मी शामिल थे।

### प्रदेश कांग्रेस सचिव ने बर्खास्त डॉ. कुमार सौरव का मानसिक जांच कराकर उचित कार्रवाई को लेकर सीएस को दिया आवेदन



**कोडरमा।** प्रदेश सचिव कांग्रेस कमेटी मनोज सहाय पिंकू ने अनर्गल बयानबाजी के विरुद्ध मानसिक जांच कराकर उचित कार्रवाई करने को लेकर सिविल सर्जन को आवेदन दिया है। आवेदन में उन्होंने कहा है कि जिला के एक बर्खास्त डॉ. कुमार सौरव द्वारा जो कोडरमा सदर अस्पताल से कार्य मुक्त किए गए हैं, लगातार झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री, स्थानीय विधायक, जिले के उपायुक्त एवं पदाधिकारियों के विरुद्ध बयानबाजी कर रहे हैं। जबकि विभिन्न राजनीतिक एवं सामाजिक संगठन के द्वारा मदनगुंडी टोल प्लाजा पर कोडरमा जिला एवं स्थानीय निवासियों को टोल से राहत दिलाने हेतु धरना प्रदर्शन पर बैठे थे, जिनके विरुद्ध भी डॉ. कुमार सौरव ने सभी राजनीतिक एवं सामाजिक जनों को टोल आंदोलन की आड़ में रोटी सेंकने का आरोप लगाया है, जो हम सभी का भारी अपमान है। ऐसे सरफिरे डॉक्टर जो कार्य मुक्त भी हैं, का उचित मानसिक इलाज कराने की जरूरत है, ताकि यह भविष्य में किसी पर अनर्गल बयानबाजी कर सम्मान पर ठेस नहीं पहुंचाएं।

### नेहरू युवा केंद्र ने किया राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन



**कोडरमा।** नेहरू युवा केंद्र द्वारा शारदा केमिस्ट्री क्लासेस झुमरीतिलैया में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में तिलैया थाना के सब इंस्पेक्टर क्लीमेंट लिंडा, विशिष्ठ अतिथि के रूप में शिक्षक विकाश कुमार, शिक्षक विजय यादव उपस्थित हुए। वहीं मुख्य अतिथि ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूकता के बारे में जानकारी युवाओं के बीच साझा किया और कहा कि वाहन चलाते समय हेलमेट पहने, सीट बेल्ट जरूर लगाएं। साथ ही उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति का दुर्घटना सड़क पर हो जाए, उसे सहायता कर एंबुलेंस को बुलाकर मदद करें। वहीं शिक्षक विकास कुमार ने रोड सेफ्टी के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की। वहीं पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक सनी राणा ने केंद्र से जुड़े सारे कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी एवं केंद्र से जुड़ने के लिए कहा। इसके बाद सड़क जागरूकता रैली निकाली गयी। जहां चौक चौराहों पर सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक किया गया। मौके पर रिंकी, अनुराधा, चंचला, कोमल, गुड्डू, मनीष, प्रेम, आशीष आदि मौजूद थे।

### अलगडीहा आयुष्मान आरोग्य मंदिर में एनक्वास प्रमाणन की प्रक्रिया प्रारंभ

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत अलगडीहा आयुष्मान आरोग्य मंदिर में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाणन के लिए स्वास्थ्य मानकों की जांच की प्रक्रिया प्रारंभ हुई। यह प्रखंड नीति आयोग के आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत आता है और स्वास्थ्य क्षेत्र में अपने उत्कृष्ट प्रयासों के लिए विख्यात है। यदि अलगडीहा आम भारत सरकार के 100 प्रतिशत गुणवत्ता मानकों पर खरा उतरता है, तो इसे एनक्वास प्रमाणन प्रदान किया जाएगा। यह प्रमाणन मिलने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित होंगी। यह सुविधा क्षेत्र के गरीब और वंचित लाभार्थियों को शहरी क्षेत्रों के समान स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में सक्षम बनाएगी। वहीं प्रमुख सेवाएं जो उपलब्ध होंगी जिसमें 24 घंटे प्रसव सेवाएं, सुरक्षित और संक्रमण-रहित प्रसव प्रक्रिया। जांच सेवाओं में बीपी, शुगर, हृदय रोग, हीमोग्लोबिन, स्तन और गर्भाशय कैंसर की जांच। टीकाकरण सेवाओं में नवजात और बच्चों के लिए, किशोर स्वास्थ्य एवं मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं, परिवार नियोजन परामर्श, स्तनपान और प्रसव पूर्व एवं पश्चात देखभाल पर जागरूकता। बताते चलें कि अस्पताल की जांच प्रक्रिया के लिए डॉ.आरिफ बैग और डॉ.नीलोफर बेगम के नेतृत्व में विशेषज्ञों की एक टीम उपस्थित थी। इनके साथ एचएससी प्रभारी, डीपीएम, बीपीएम, एमपीडब्लू, एएनएन समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### राज इंटरनेशनल स्कूल में अभिभावक-शिक्षक बैठक आयोजित



**कोडरमा।** राज इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को पीटी 3 का परीक्षाफल घोषित किया गया और अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) का आयोजन किया गया। बैठक में कक्षा नर्सरी से आठवी के बच्चों के अभिभावकों ने भाग लिया। कक्षाओं के आवधिक मूल्यांकन 3 के परिणाम उत्कृष्ट रहे। वहीं शिक्षकों ने अभिभावकों को बच्चों के प्रदर्शन की जानकारी दी और बच्चों की परिणाम रिपोर्ट साझा की। वहीं पीटीएम के दौरान अभिभावक बच्चों के परिणाम से काफी खुश व संतुष्ट नजर आए। वहीं प्रधानाचार्य राहुल घोष ने इस शानदार परिणाम के लिए सभी अभिभावकों को बधाई दी। वहीं स्कूल के सचिव सिद्धार्थ सिंह एवं निर्देशक सम्पा सिंह ने माता-पिता को धन्यवाद दिया। वहीं अभिभावकों ने कहा कि आने वाले समय में यह विद्यालय मील का पत्थर साबित होगा तथा शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करने में बहुत बड़ा योगदान देगा।

### बीडीओ की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न



**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड सभागार में बीडीओ गौतम कुमार की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में मनरेगा, अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, 15वें वित्त आयोग मद, सर्वजन पेंशन और मंईयां सम्मान योजना से संबंधित प्रगति की समीक्षा की गयी। वहीं बीडीओ श्री कुमार ने मनरेगा में अधिक-से-अधिक मजदूरों की 100 दिन की रोजगार गारंटी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं आवास योजनाओं में लगातार मॉनिटरिंग करते हुए जल्द से जल्द जियो टैगिंग करते हुए आवासों को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया, अर्हता रखने वाले सभी योग्य लाभुकों को सर्वजन पेंशन योजना से जोड़ने की बात कही। मौके पर बीपीओ रवि शंकर, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी बिरेंद्र कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनिल यादव, तानेश्वर राम, संदीप वर्मा, जॉन प्रसाद, रंजीत राणा, सुरेश चंद्र पासवान, प्रकाश साव, शिवकुमार यादव, विजय शर्मा, बिंदु कुमारी, चंदन गुप्ता, पिंटू कुमार, सुरेश प्रसाद, अशोक सिंह, रजनी साव, कुंदन कुमार, विमलेश पासवान, दिलीप यादव, श्याम सुंदर यादव, रामशरण पासवान, राजेश रविदास, जगरनाथ यादव आदि मौजूद थे।

### डीएवी पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया

## सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सभी को यातायात नियमों का पालन करने की आवश्यकता है : डीटीओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**कोडरमा।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के तहत डीएवी पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी और प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार शामिल हुए। वहीं सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत विद्यालय के बच्चों के द्वारा सड़क सुरक्षा से संबंधित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया और विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया।

वहीं जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सभी लोगों को यातायात नियमों का पालन करने की आवश्यकता है। लोगों में सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी और सतर्क रहना है। उनके द्वारा दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट का उपयोग, चार पहिया या भारी वाहन चालकों के बीच सीट बेल्ट लगाने, शराब पीकर वाहन नहीं चलाने, तेज रफ्तार में वाहन नहीं चलाने पर बल दिया गया। उन्होंने सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता एवं यातायात नियमों के पालन की जानकारी दी। वहीं प्रशिक्षु डीएसपी ने सड़क पर वाहन चलाने से पहले सभी सुरक्षा संबंधी बातों का ध्यान रखने की बात कही। उन्होंने यातायात नियमों का हमेशा खुद और अपने परिजनों से पालन करने, दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनने, कार चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट लगाने, कभी भी शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाने, वाहन चलाते समय कभी भी मोबाइल फोन पर बात नहीं करने, एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड गाड़ियों को पहले जाने के लिए रास्ता देने और सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने के लिए सदैव तत्पर रहने की बात कही। वहीं सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में आयोजित खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र दिया गया। मौके पर सड़क सुरक्षा दल के सदस्य आदि मौजूद थे।

## 50 डिसमिल विवादित जमीन पर ग्रामीणों ने हनुमान मंदिर निर्माण को लेकर किया भूमि पूजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- **जबरन कार्य करने वाले लोगों को चिन्हित कर होगी कार्रवाई : थाना प्रभारी**

**डोमचांच (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत मसनोडीह में करीब 50 डिसमिल विवादित जमीन पर गुरुवार को ग्रामीणों के एक पक्ष ने हनुमान मंदिर निर्माण को लेकर भूमि पूजन कर दिया। उक्त जमीन को अपनी रैयती भूमि बताकर विरोध जता रहे परिवार के दावे को दरकिनार कर ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में यह काम किया, जबकि एसडीओ स्तर से उक्त भूमि पर निर्माण कार्य पर रोक को लेकर भारतीय नागरिक न्याय संहिता 163 के तहत निर्देश जारी किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मसनोडीह निवासी पिंकू कुमार पिता भोला प्रसाद बर्णवाल ने उक्त जमीन पर अपना दावा बताते हुए अधिकारियों के समक्ष कागजात प्रस्तुत किया था, विवाद को देखते हुए प्रशासन ने उक्त जमीन पर बीएनएस 163 लगाया था, मगर गुरुवार की सुबह कई ग्रामीण वहां पहुंचे और मंदिर निर्माण को लेकर भूमि पूजन कर दिया। उक्त मामले की जानकारी मिलने पर सीओ रवींद्र कुमार और थाना प्रभारी प्रेम कुमार पुलिस बल के साथ वहां पहुंचे एवं कहा कि इस जमीन पर फिलहाल कोई काम नहीं किया जा सकता है, मगर एक पक्ष से सैकड़ों ग्रामीण उक्त जमीन पर मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन करते रहे, दोनों पक्ष के बीच कोई बड़ा विवाद न हो इसके लिए दिन भर पुलिस बल वहां मौजूद रही। वहीं सीओ ने बताया कि उक्त जमीन विवादित होने के कारण कार्य पर रोक है, दोनों पक्ष को नोटिस दिया गया है अगर कोई निर्माण कार्य कराता है, तो उन लोगों पर कार्रवाई होगी। वहीं थाना प्रभारी प्रेम कुमार ने कहा कि रोक के बावजूद ग्रुप बनाकर जमीन पर कार्य करना कानूनी प्रक्रिया में दखल देना है, जबरन कार्य करने वाले लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई होगी।

### बाल संरक्षण ईकाई ने जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन



**कोडरमा।** उपायुक्त के निर्देशानुसार बाल संरक्षण ईकाई कोडरमा द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय जयनगर में बाल विवाह, बाल मजदूरी, बाल श्रम, बाल शोषण एवं पोक्सो एक्ट के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम कराया गया। इसके साथ ही वन स्टॉप सेंटर और उसके टोल फ्री नंबर 181, बाल संरक्षण के टोल फ्री नंबर 1098 की सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। मौके पर, अर्चना ज्वाला, रिंकी कुमारी, दीपू कुमार व वार्डन सुनीता कुमारी मौजूद रहे।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में कोरेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से कक्षा 1 से 7 तक के छात्रों के लिए ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में रचनात्मकता को बढ़ावा देना, उनकी कलात्मक प्रतिभा को निखारना और उन्हें अपनी कल्पनाशक्ति को प्रदर्शित करने का एक मंच प्रदान करना था। प्रतियोगिता में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कलात्मकता और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया। वहीं प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने इस आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि ड्राइंग प्रतियोगिता ने हमारे छात्रों को अपनी कल्पनाशक्ति और रचनात्मकता को व्यक्त करने का अद्भुत अवसर प्रदान किया। इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों के समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं क्योंकि ये रचनात्मकता और आत्मविश्वास को बढ़ावा देती हैं। कोरेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग और हमारे निर्णायकों एवं समन्वयकों के योगदान के लिए विशेष धन्यवाद।

## विधायक डॉ. नीरा ने भाजपा कार्यकर्ताओं संग की चंचालिनी धाम में पूजा-अर्चना

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव संग कोडरमा स्थित प्रसिद्ध चंचालिनी धाम मंदिर में शनिवार को पैदल सीढ़ी चढ़ कर माता का दर्शन किए। वहीं डॉ. नीरा यादव ने मंदिर में पूर्ण विधि विधान से पूजा-अर्चना की और भक्तों एवं कार्यकर्ताओं के साथ आरती भी की। विधायक ने मंदिर परिसर का निरीक्षण किया और पुजारियों से बातचीत की एवं उन्होंने मंदिर के विकास के लिए शेष रहे हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। स्थानीय लोगों ने डॉ. नीरा यादव द्वारा दिए गए पानी टंकी, बोरिंग एवं कृष्णा शेड की सराहना की। वहीं विधायक ने कहा कि धर्म और संस्कृति हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं और वह अपने विधानसभा क्षेत्र के विकास में धर्म और संस्कृति का योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पूजन के पश्चात् भाजपा कार्यकर्ताओं ने भोजन किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि इस तरह का पूजन के साथ-साथ विधायक डॉ. नीरा यादव के साथ एकत्रित एक साथ भोजन करना हमलोगों के मजबूत सांगठनिक राजनीतिक एकता को दर्शाता है। सभी कार्यकर्ताओं ने उत्साह पूर्वक कार्यक्रम को सफल बनाया और उम्मीद किया कि ऐसे ही बराबर कार्यक्रम का आयोजन होता रहे और एकजुटता इसी तरह बरकरार रहे। मौके पर विधायक पति विजय यादव व परिवार के सदस्य, प्रकाश राम, रामचंद्र सिंह, महेश राय, विजय यादव, पिंटू यादव, विनोद कुमार मुन्ना, संजीव यादव, प्रवीण पांडे, बिरेंद्र सिंह, रंजीत सिंह, सुधीर यादव, राजकुमार यादव, बबलू सिंह, राजू सिंह, किशोर यादव, कालेश्वर यादव, उमेश राम, सुनील यादव, बंशीधर यादव, राजा यादव, अशोक सिंह, मुकेश राम, कुलदीप राम, बालमुकुंद सिंह, सुधीर सिंह, उमा देवी, रंजु यादव, मधु सिंह, चंदन सिंह, अंबुज मोहन, अजित बर्णवाल, नवीन चंद्रवंशी, महेंद्र यादव, कैलाश यादव, विजय शुक्ला, गंगाधर यादव, शिवशंकर यादव, अजय यादव, शंकर यादव, सुनील भारती, अजय पांडे, मिथलेश सिंह, अर्जुन यादव, काशी पंडित, पवन सिंह, शिवराम यादव, प्रकाश पंडित समेत सैंकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न

- **7 केंद्रों पर हुई परीक्षा, 249 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित**



**कोडरमा।** जवाहर नवोदय विद्यालय के कक्षा षष्ठ में नामांकन को लेकर को शनिवार को आयोजित प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई। वहीं कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा सम्पन्न करवाने को लेकर जिले में 7 केंद्र बनाए गए थे, इन केंद्रों में कुल परीक्षार्थियों 2163 में से 1914 परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 249 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं विभाग से मिली जानकारी के अनुसार परीक्षा केंद्र रा.मो.म.मो. प्लस टू चंदवारा में 270 के विरुद्ध 244 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 26 अनुपस्थित रहे। इसी तरह राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय जयनगर में 346 के विरुद्ध 310 उपस्थित, 36 अनुपस्थित, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में 312 के विरुद्ध 280 उपस्थित तथा 32 अनुपस्थित, राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय कोडरमा में 314 के विरुद्ध 276 उपस्थित रहे, जबकि 38 अनुपस्थित रहे, सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय मरकच्चो में 283 के विरुद्ध 231 उपस्थित 52 अनुपस्थित, राज्य सम्पोषित प्लस टू उच्च विद्यालय बासोडीह सतगावां में 335 के विरुद्ध 307 उपस्थित और 28 अनुपस्थित रहे, वहीं सीएम प्लस टू उच्च विद्यालय डोमचांच में 303 के विरुद्ध 266 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 37 अनुपस्थित रहे। परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न करवाने को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी अविनाश कुमार राम विभिन्न केंद्रों का औचक निरीक्षण कर विधि व्यवस्था का जायजा लिया।

स्पीड न्यूज

## अग्रवाल परिवार ने किया भोजन वितरण

**गढ़वा।** अग्रवाल परिवार के तत्वावधान में रंका मोड़ संकट मोचन के समीप लगातार 59वें सप्ताह प्रसाद रूपी भोजन का वितरण किया गया। मौके पर पुरुषोत्तम अग्रवाल ने कहा कि अग्रवाल परिवार सदा ही जरुरत मंदो और दिन हिनों की सेवा करता रहता है। हर्ष अग्रवाल ने कहा कि इस तरह के आयोजन से खुद में बहुत तशल्ली मिलती है।

## युवक ने किया जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ थाना क्षेत्र से सटे सिमरिया थाना क्षेत्र स्थित कासीयातू ग्राम में बैटरी का एसिड पानी पीकर एक युवक ने आत्महत्या करने का प्रयास किया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मो. सफीक 35 वर्ष पिता रफीक मियां ग्राम कासीयातु सिमरिया निवासी ने पारिवारिक विवाद में एसिड पीकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। घटना के बाद परिजनों द्वारा युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद युवक की गम्भीर स्तिथि को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

## घायल युवक की रांची रिम्स में ईलाज के दौरान हुई मौत

**बालूमाथ।** बालूमाथ-पांकी मुख्य पथ पर शुक्रवार की देर शाम एक अनियंत्रित हाईवा के धक्के से गंभीर रूप से घायल युवक की रांची रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। ज्ञात हो की बालूमाथ-पांकी मुख्य ब्रह्ममोरिया ग्राम के समीप एक अनियंत्रित हाइवा ने दो बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दिया था जिसमें शिवराज उरांव 25 वर्ष पिता राजदेव भगत ग्राम बरमोरिया थाना हेरहंज निवासी गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर की स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया था। जहां रिम्स में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## शांतिपूर्ण संपन्न हुई नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा

**चंदवा।** जवाहर नवोदय विद्यालय में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन शनिवार को किया गया। चंदवा प्रखंड में प्रवेश परीक्षा को लेकर 2 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इसमें गर्ल्स हाई स्कूल चंदवा एवं प्लस टू हाई स्कूल चंदवा शामिल थे। राजकीयकृत बालिका उच्च विद्यालय चंदवा में कुल 207 विद्यार्थियों में से 180 ने परीक्षा में भाग लिया जबकि 27 अनुपस्थित रहे वही प्लस टू हाई स्कूल चंदवा में कुल 360 विद्यार्थियों में से 299 विद्याथीयी ने परीक्षा में भाग लिया व 61 अनुपस्थित रहे। बताते चले कि प्रखंड से कुल 567 विद्यार्थियों ने परीक्षा के लिए आवेदन पत्र दिया था। इधर जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार सिंह ने परीक्षा केंद्रों का जायजा भी लिया। दोनो विद्यालयों में शांतिपूर्ण परीक्षा सम्पन्न हो गयी।

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन 2500 करने को लेकर ग्रामीणों ने प्रखण्ड कार्यालय का किया घेराव

# वृद्ध लोगों की समस्याओं की अनदेखी सामाजिक न्याय के खिलाफ है: कन्हाई

खबर मन्त्र संवाददाता



विरोध प्रदर्शन में शामिल हजारों वृद्ध महिलाएं व पुरुष

**बरवाडीह।** सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि 2500 रुपए करने की मांग को लेकर शनिवार को विभिन्न पंचायतों से आए हजारों की संख्या में ग्रामीण महिला और पुरुषों ने शनिवार को जिप सदस्य कन्हाई सिंह के नेतृत्व में प्रखण्ड कार्यालय का घेराव कर दिया। ग्रामीणों ने सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए वृद्ध लोगों के लिए आर्थिक मदद और सम्मान की गुहार लगाई। कन्हाई सिंह ने कहा कि सरकार ने महिलाओं को मईया सम्मान योजना के तहत 2500 रुपये की आर्थिक सहायता देने का सराहनीय कदम उठाया है। हम इसका समर्थन करते हैं। लेकिन सवाल यह है कि जिन वृद्ध लोगों को बुढ़ापे में सबसे ज्यादा सहायता की जरूरत होती है, उन्हें मात्र 1000 रुपए पेंशन देना कितना न्यायसंगत है? कन्हाई सिंह ने आगे कहा कि वृद्ध लोग अपने जीवन के अंतिम पड़ाव में कई आर्थिक, मानसिक और शारीरिक समस्याओं से जूझते हैं। उनके पास अक्सर कोई स्थायी सहारा नहीं होता। ऐसे में उनकी पेंशन राशि को बढ़ाकर कम से कम 2500 रुपये किया जाना चाहिए, ताकि वे सम्मानपूर्वक अपना जीवन जी सकें। कन्हाई सिंह ने सरकार से मांग किया कि वृद्ध लोगों के हितों को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि हम मईया सम्मान योजना का विरोध नहीं कर रहे हैं, लेकिन यह जरूरी है कि सरकार उन लोगों का भी ध्यान रखे जो सबसे ज्यादा असहाय हैं। वृद्धावस्था में हर व्यक्ति को सम्मान और सहायता मिलनी चाहिए। यह सरकार की जिम्मेदारी है कि वह उनकी जरूरतों को समझे और त्वरित कदम उठाए। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण एकजुट होकर अपने गुस्से का इजहार कर रहे थे।

**वृद्ध लड़ रहे है अपने सम्मान व अधिकार की लड़ाई :** प्रदर्शन में शामिल कई वृद्ध महिलाओं ने बताया कि सरकार की ओर से मिलने वाली 1000 रुपए में न तो दवा मिलती है, और न ही अन्य जरूरतें पूरी होती हैं। यह राशि इतनी कम है कि इससे किसी भी वृद्ध का गुजारा मुश्किल है। सरकार को इसे अविलंब बढ़ाना चाहिए। वहीं स्थानीय लोगों ने भी इस मांग का समर्थन करते हुए कहा कि मांग जायज है।

वृद्ध लोगों को सम्मान और सहायता मिलनी ही चाहिए। ग्रामीणों ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं, तो वे उग्र आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेंगे। बरवाडीह प्रखण्ड का यह प्रदर्शन सरकार को चेताने का प्रयास है कि वृद्ध लोगों की समस्याओं को अनदेखा करना सामाजिक न्याय के खिलाफ है। प्रदर्शनकारियों की मांगें न केवल जायज हैं, बल्कि यह समाज के एक महत्वपूर्ण वर्ग के सम्मान और उनके अधिकार की लड़ाई है। अब देखना यह है कि सरकार इस पर क्या कदम उठाती है।

## शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार के साथ लोगों की समस्याओं को दूर करना हो पहली प्राथमिकताः उपायुक्त

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता द्वारा शनिवार को बारियातु प्रखण्ड कार्यालय का निरीक्षण कर कार्यालय कर्मियों व कार्यालय के क्रियाकलापों का जायजा लिया गया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा प्रखण्ड कार्यालय व अंचल कार्यालय, बारियातु द्वारा किये जा रहे कार्यों एवं अभिलेखों के संधारण की जानकारी लेते हुए आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। उपायुक्त के द्वारा बारियातु प्रखण्ड अन्तर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का निरीक्षण के क्रम में बच्चों को दी जाने वाली विभिन्न सुविधाओं व व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। मौके पर प्रखंड सह अंचल कार्यालय के लाभुकों के बीच साइकिल, स्कूल ड्रेस, व जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। निरीक्षण के पश्चात उपायुक्त ने पंचायत सचिवालय बालुभांग में आमजनों की समस्याएं सुनी।

# अंचल कर्मचारियों द्वारा फर्जीवाड़ा का मामला प्रकाश में

खबर मन्त्र संवाददाता


जानकारी देते लोग

**रमना।** नवनिर्माणाधीन राष्ट्रीय राज्यमार्ग एनएच 75 में भू-अर्जन विभाग द्वारा इसके जद में आने वाले रैयतो के जमीन के बदले राष्ट्रीय मानक द्वारा तय मुआवजा राशि रैयतो को देती है। लेकिन इस मुआवजा राशि के लिए रैयतो का सत्यापन पंचायत के जनप्रतिनिधि और अंचल कार्यालय का मुख्य भूमिका होता तब ही रैयतो को मुआवजा राशि मिलता है। लेकिन अंचल कर्मचारी सीताराम बड़ाइक और उप मुखिया ने फर्जीवाड़ा करते हुए छह हिस्सेदारो को वंशावली से ही गायब कर एक हिस्सेदार को मुआवजा दिला दिया। जानकारी के अनुसार बहियार खुर्द में एक ही वंश के छह हिस्सेदारो को वंशावली से नाम गायब कर एक हिस्सेदार को ही 14 डिसमिल भूमि का रैयत बना दिया और भू-स्वामित्व प्रमाण पत्र दे दिया। इस बात का पता शेष छह हिस्सेदारों को तब चला ज़ब चनारिक यादव के पुत्रों के नाम भू-अर्जन विभाग से नोटिस मिला। ज्ञात हो की वर्षो पहले ही खाता संख्या 01 प्लट 87 रकबा 14 डीसमील को लेकर पट्टीदारों में जमीनी विवाद हुआ था, जिसमे जगदीश यादव के पुत्र सुदर्शन यादव की जान चली गयी थी उसका केश अभी चल ही रहा है और अंचल कार्यालय की घोर लापरवाही के कारण विाि व्यवस्था बिगाड़ने की एक और कारनामें से इस पीड़ित परिवार के लोग भयभीत है। उक्त जमीन रिझन महतो (यादव) के नाम से है, जिसके सात वंशज है और इस जमीन का सात हिस्सा है लेकिन अंचल कार्यालय ने सात हिस्सेदारो के जगह एक हिस्सेदार को ही मालिक बना दिया।

## महिला से की 25000 रुपए की छिनतई

**चंदवा।** चंदवा शहर के बीचों बीच स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के समीप रांची चतरा मार्ग में शनिवार की दोपहर बाइक सवार अपराधियों द्वारा एक महिला से 25 हजार रुपये की छिनतई किये जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद भुक्तभोगी ने चंदवा थाना में आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग की है।

## सेकलेतरी में जंगली हाथियों ने 4 घरों को किया ध्वस्त

**चंदवा।** प्रखण्ड के माल्हन अंतर्गत सेकलेतरी गांव में एक बार फिर से जंगलीप हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। शुक्रवार की देर रात्रि झुंड से बिछड़ा एक हाथी अचानक आ धमका। गांव में जंगली हाथी के घुंसने के बाद गांव के लोग भयभीत हो गए व सुरक्षित ठिकानों में अपनी जान बचाई। इस दौरान गांव से घूंसे हाथी ने कर्मा भगत, महेंद्र भगत, विकास भगत व नंदे भगत के घर को ध्वस्त कर दिया व घर में सामानों को भी क्षति पहुंचायी। इधर शनिवार की सुबह ग्रमीणों द्वारा घटना की सूचना विभाग के अधिकारियों को दी व मदद की गुहार लगाई है।

## 12 वर्ष पूर्व बस स्टेंड में बनी 59 दुकानों का होगा एग्रीमेंट

**बरवाडीह।** शुक्रवार को जिला परिषद की बैठक में जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर के द्वारा बरवाडीह पुराने ब्लॉक परिसर में बनी 59 दुकानों को जिला परिषद को सौंपते हुए एग्रीमेंट कराते हुए राजस्व वसूली करने और बस स्टेण्ड में दुकान निर्माण कराने का मामला उठाने के बाद शनिवार को जिला परिषद के कार्यपालक अभियंता सूरज चौधरी बरवाडीह पहुँचे। जिला परिषद के कार्यपालक अभियंता नें बरवाडीह पहुँच पुराने ब्लॉक परिसर में 12 वर्ष पूर्व बनी दुकानों का निरीक्षण करने के साथ दुकानदारों से भी मुलाकात की। कार्यपालक अभियंता सूरज चौधरी ने कहा कि जल्द ही सभी दुकानों को जिला परिषद के अधीन लेने की प्रकिया की जाएगी। जिसके बाद सभी दुकान का एग्रीमेंट किया जायेगा। इस दौरान मौके पर बिबेक सिंह, उपेद्र ठाकुर, गुड्डू अंसारी, सुजीत कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## एक नजर में

## 40 जरूरतमंदो के बीच कंबल वितरण

**चंदवा।** लायंस क्लब चंदवा के सदस्यों के द्वारा शनिवार को स्थानीय शनि मंदिर परिसर में गरीब व असहाय लोगों के बीच 40 कंबल का वितरण किया गया। क्लब के सदस्यों के द्वारा इन्हें खाने के लिए चूड़ा गुड भी दिया गया। निर्मल भारती ने बताया कि लायंस क्लब समाज मे वैसे वर्ग जो अथार्भाव के कारण इलाज, जरूरी कार्यो में परेशानी उठा रहे होते हैं उन्हें मदद पहुंचाने का प्रयास करती है। संस्थान का यह प्रयास आगे भी जारी रहेगा। कंबल वितरण में लायंस क्लब के निर्मल कुमार भारती, संदीप कानोडिया, प्रदीप नाथ शाहदेव, विपिन अग्रवाल सुधीर प्रसाद, राजकुमार पांडा, अजीत कुमार, धर्मेंद्र भारती समेत कई लोग उपस्थित थे।

## बैठक कर झंडोत्तोलन की समय सारणी निर्धारित की गयी

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड सह अंचल कार्यालय में शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उराँव की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस को लेकर बैठक रखी गई। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं सरकारी कार्यालय के कर्मी मौजूद रहे। मौके पर बोलते हुए बीडीओ सोमा उराँव ने बताया कि गणतंत्र दिवस को धूमधाम से मनाने को लेकर बैठक रखी गई है। जिसमें विभिन्न कार्यालय स्कूल, बैंठक, अस्पताल, थाना में झंडोतोलन को लेकर समय सारणी निर्धारित की गई। जिसके तहत सबसे पहले बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में सुबह 7:45 में वही सबसे अंत में उच्च विद्यालय में 10:00 बजे सुबह झंडातोलन किया जाएगा। वही गणतंत्र दिवस के मौके पर सुबह 7:00 से 11:00 बजे तक बालूमाथ शहर में बड़े वाहनों के प्रवेश लेकर नो एंट्री लगाया जाएगा। बैठक में बालूमाथ अंचलाधिकारी विजय कुमार, बीपीओ मुज्जफर कमाल, प्रखंड बीस सूत्री नागदेव उराँव, उप-प्रमुख कामेश्वर राम,प्रमुख प्रमिला देवी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अमीर हयात, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर उरांव, प्रेम गंझु, एमओ रघु प्रजापति, संतोष बेक, महेश मुंडा समेत कई लोग मौजूद थे।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा में 20 छात्र अनुपस्थित

**बारियातू।** परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय बारियातू मे जवाहर नवोदय विद्यालय मे नामांकन के लिए आंकलन परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न। पाँचवी पास छठा वर्ग मे नामांकन के लिए 240 छात्र छात्रा ने आवेदन किया था जिसमे 220 छात्र छात्रा परीक्षा मे शामिल हुए। जबकि 20 छात्र अनुपस्थित रहे। केन्द्राधीक्षक रुपेश कुमार साव विक्षकों द्वारा परीक्षा केंद्र मे कदाचार मुक्त परीक्षा लिया गया। वहीं केंद्र स्तरीय पर्यवेक्षक संदीप कुमार ओझा, मजिस्ट्रेट सत्येंद्र उरांव भी मौजूद थे।

## गरीब आसहाय व्यक्तियों के बीच ठंड से बचने के लिए किया कंबल वितरण

**बारियातू।** राजद प्रखंड अध्यक्ष लवकुश यादव ने 35 वृद्ध गरीब असहाय महिला पुरुषों के बीच कंबल वितरण किया। जानकारी देते हुए राजद प्रखंड अध्यक्ष लवकुश यादव ने बताया की बढ़ते ठंड को देखते हुए प्रखंड प्रशासन द्वारा राजद को 35 कंबल वितरण करने के लिए दिया गया था। जिसे लोदमदाग, भंडार टोले के गरीब वृद्ध असहाय के बीच वितरण कर दिया गया। कंबल पाकर लोगों ने राजद प्रखंड अध्यक्ष व प्रखंड प्रशासन को धन्यवाद दिया। मौके पर कई ग्रामीण मौजूद थे।

CCL सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कंपनी
(कोल इंडिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)
सूचना
"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

### हाईवा से उड़ते धूलकण, जाम एवं सड़क दुघर्टनाओं से लोग परेशान

# ग्रामीणों ने विरोध में दुकानें रखी बंद

खबर मन्त्र संवाददाता



विरोध करते लोग

**बालूमाथ।** डीवीसी द्वारा संचालित तुबैद कोलियरी से चलने वाले कोयला लोड हाईवा वाहनों से उड़ते धूलकण,घंटो जाम एवं सड़क दुर्घटनाओं में बढ़ोतरी से परेशान ग्रामीणों ने शनिवार को एक दिवसीय बालूमाथ बाजार बंद रखने का निर्णय लिया। जिसमें बड़ी संख्या में दुकानदार शामिल हुए और घूम-घूम कर लोगों से दुकान बंद करने का अपील किया। जहां बंद का अपार जन समर्थन मिला और सुबह से दोपहर दो बजे तक दुकाने बंद रही। इसके अलावा नवादा, चिरु, बरमोरिया, झाबर ग्राम में भी लोगों ने विरोध स्वरूप अपनी दुकान स्वतः बंद कर दी।मौके पर जानकारी देते पूर्व उप-प्रमुख संजीव सिन्हा ने बताया कि तुबैद कोलियरी से चलने वाले हाइवा से उड़ते धूलकण और घंटो जाम से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। वहीं आए दिन लोग दुर्घटना में अपनी जान गवां रहे है। इसलिए हम लोग पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बंद को सफल बनाने में लगे हुए हैं। वही रवि रजक ने कहा कि हाईवा का परिचालन ग्रामीण सड़क की जगह ट्रांसपोटिंग सड़क बनाकर किया जाये। अगर उनकी मांगे नहीं मानी जाती है। तो शाम में मशाल जुलूस निकाला जाएगा एवं रविवार से अनिश्चितकालीन धरना देते हुए हाईवा का परिचालन बाधित कर दिया जाएगा। ज्ञात हो की तुबैद कोलियरी से चलने वाले हाईवा वाहन से उड़ते धूलकण एवं सड़क दुर्घटनाओं में लोग शिकार हो रहे हैं।

## पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा का भाजपाइयों ने किया भव्य स्वागत

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के सिंजो पंचायत स्थित भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता के आवास पर दिन शनिवार को झारखंड प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा का पलामू जाने के दौरान आगमन हुआ। वहीं मंडल अध्यक्ष मनदीप कुमार के अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ो कार्यकताओं ने पुष्प माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र देकर उनका भव्य स्वागत किया। मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने सभी कार्यकताओं से मुलाकात कर क्षेत्र में संचालित जन सुविधाओं का जायजा लिया।

उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़।
(खनन शाखा)

आम सूचना

मौजा कडरू, बारीडीह रेलवे लाईन दाडीदाग से हेहल Poll No. 157/22 to 157/27 तक के बीच रेल निर्माण कार्य में उत्खनित पत्थर बोल्डर खनिज भण्डारित कुल 11211.22 घन मीटर (ग्यारह हजार दो सौ ग्यारह दशमलव बाईस) की आम नीलामी हेतु सूचना।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा कडरू, बारीडीह रेलवे लाईन दारीदाग से हेहल Poll No. 157/22 to 157/27 तक के बीच रेल निर्माण कार्य में उत्खनित पत्थर बोल्डर खनिज भण्डारित कुल 11211.22 घन मीटर (ग्यारह हजार दो सौ ग्यारह दशमलव बाईस) लघु खनिज पत्थर बोल्डर का झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 यथा संशोधित नियमावली 2017 एवं 2019 के नियम 54 A के तहत उक्त स्थल पर भण्डारित पत्थर बोल्डर खनिज का आम नीलामी दिनांक 29.01.2025 को समय 01.00 बजे अपराह्न में अपर समाहर्ता, रामगढ़ की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय के सभागार कक्ष में सम्पन्न की जायेगी। भण्डारण का विवरण, लोक नीलामी की प्रक्रिया एवं शर्त्त निम्नवत् है–

| क्र0 | भण्डारण स्थल | भण्डारित पत्थर बोल्डर की मात्रा | सुरक्षित जमा राशि | सुरक्षित जमा राशि का 10% प्रतिभूति राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मौजा कडरू, बारीडीह रेलवे लाईन दारीदाग से हेहल Poll No. 157/22 to 157/27 तक | लगभग 11,211.22 $m^3$ / 395924 cft | ₹ 15.79 x 3,95,924 cft = ₹ 62,51,640.00 | 6,25,164.00 |

2. नीलामी में भाग लेनेवाले व्यक्ति/संस्था भारत के नागरिक होंगे तथा उनके पक्ष में रामगढ़ जिलान्तर्गत कोई निर्माण/विकास कार्य आवंटित/रामगढ़ जिलान्तर्गत खनिज अनुज्ञप्तिधारी हो।
3. नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति/संस्था को निर्धारित सुरक्षित जमा राशि का 10% प्रतिभूति राशि के रूप में नीलामी में भाग लेने के लिये नीलामी की तिथि से दो दिन पूर्व कार्यालय अवधि में जिला खनन पदाधिकारी, रामगढ़ के पदनाम से रेखांकित बैंक ड्राफ्ट एवं अन्य आवश्यक कागजात के साथ जमा करना होगा, अन्यथा व्यक्ति/संस्था को डाक में भाग लेने से वंचित कर दिया जायेगा। सफल डाकवक्ता (अधिकतम राशि) की प्रतिभूति रकम को छोड़कर अन्य डाकवक्ता द्वारा जमा प्रतिभूति राशि का बैंक ड्राफ्ट नियमानुसार वापस कर दिया जायेगा।
4. नीलामी में बोली गयी उच्चतम डाक की राशि का 10% में से प्रतिभूति राशि को छोड़कर शेष राशि डाक की समाप्ति पर उपायुक्त/प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा निदेश दिये जाने पर नीलामी वाले राशि को राशि को बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक/ऑनलाईन के माध्यम से उच्चतम डाकवक्ता द्वारा जमा करना होगा, अन्यथा उच्चतम डाकवक्ता को भविष्य में नीलामी में भाग लेने से वंचित कर दिया जायेगा।
5. उच्चतम डाक की पूर्ण राशि नीलामी की तिथि से 10 कार्य दिवस के अन्दर कार्यालय अवधि में ही भुगतान करना होगा। पूर्ण राशि के भुगतान में असफल रहने की स्थिति में दूसरे नम्बर के डाकवक्ता को उच्चतम डाक की राशि पर सहमति हेतु प्रस्ताव दिया जायेगा एवं उनके समर्थन या स्वीकार होने की स्थिति में यह नीलामी उनके पक्ष में घोषित किया जायेगा।
6. नीलामी के उपरान्त उच्चतम डाक की राशि के पूर्ण भुगतान के पश्चात, ही सफल डाकवक्ता के पक्ष में झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 यथा संशोधित नियमावली के सुसंगत नियमों के तहत आदेशानुसार, सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत किया जायेगा।
7. उक्त खनिज की नीलामी सम्पन्न होने के उपरान्त नीलामी की राशि पूर्ण रूप से जमा किये जाने के उपरान्त पत्थर खनिज का निष्पादन/प्रेषण हेतु JIMMS Portal द्वारा अस्थायी आई0डी0 सृजित किया जायेगा।
8. उक्त खनिज का उठाव/प्रेषण JIMMS Portal से निर्गत परिवहन चालान के माध्यम से आदेश निर्गत होने की तिथि से छः माह के अन्दर अनिवार्य रूप से कर लेना होगा। विशेष परिस्थिति में कारणों सहित लिखित आवेदन पर समीक्षोपरांत अवधि विस्तार पर निर्णय लिया जायेगा।
9. पत्थर खनिज के प्रेषण के क्रम में यदि रैयती भूमि का उपयोग किया जाता है तो उसकी क्षतिपूर्ति का भुगतान नीलामीधारी द्वारा ही किया जायेगा।
10. अन्य शर्त्त एवं बंधेज झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 (सभी संशोधनों सहित) एवं The Jharkhand Minerals (Prevention of Illegal Mining, Transportation & Storage) Rules, 2017 के प्रावधानों के अनुसार होगा।

नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति/संस्था दिनांक 18.01.2025 समय 11.30 बजे पूर्वाह्न से दिनांक 28.01.2025 समय 05.00 बजे अपराह्न तक जिला खनन कार्यालय, रामगढ़ में आवेदन दाखिल कर सकते हैं। आवेदन के साथ निम्नांकित वांछित कागजात स्व अभिप्रमाणित कर संलग्न करना होगा।

(i) सुरक्षित जमा का 10% राशि निर्धारित प्रतिभूति रकम के रूप में जिला खनन पदाधिकारी के नाम से बैंक ड्राफ्ट।
(ii) पैन कार्ड की छायाप्रति।
(iii) विगत तीन वर्ष का आयकर रिटर्न की छायाप्रति।
(iv) GST निबंधित प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
(v) आवंटित कार्य के कार्यादेश की छायाप्रति/डीलर्स निबंधन की छायाप्रति।
(vi) पासपोर्ट साईज फोटो की दो प्रति।
(vii) आवेदन के साथ इस आशय का शपथ पत्र जमा करना होगा कि खनन विभाग से संबंधित भुगतान बकाया/लंबित नहीं हो एवं किसी विभाग द्वारा उनका नाम/संस्था का नाम काली सूची में दर्ज न हो।

नोटः– विशेष जानकारी के लिये जिला खनन कार्यालय, रामगढ़ में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
अपर समाहर्ता
रामगढ़।

PR 344592 (Mines and Geology) 24-25 (D)

# हिंसक मारपीट में एक की मौत, तीन घायल



घटना के बाद पहुंचे पूर्व मंत्री व इन्सेट फोटो में घायल प्यारे हसन व कौशर अंसारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के ऊंचरी बाजार समिति गेट पर शनिवार दोपहर दो गुट के बीच हुई हिंसक मारपीट में एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं तीन लोग घायल हो गए। मृतक की पहचान गढ़वा इंदिरा गांधी रोड निवासी छोटू रंगसाज 40 वर्ष के रूप में की गई है। वहीं घायल साईं मोहल्ला निवासी जलालुद्दीन खान, इरशाद खान 35 वर्ष जबकि दूसरे गुट के सुखबाना गांव निवासी मो. जान अंसारी का पुत्र प्यारे हसन अंसारी उर्फ झाबरा एम इम्तियाज अंसारी का पुत्र कौशर अंसारी का नाम शामिल है। घटना के बाद सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां से प्राथमिकी उपचार के बाद प्यारे हसन अंसारी व कौशर अंसारी को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार दो गुटों के बीच कुछ दिन पूर्व से भूमि विवाद चल रहा था। इसी बात को लेकर बाजार समिति बाजार स्थित कर्बला के पास दोनों गुटों के बीच मारपीट शुरू हो गई। इस घटना में एक गुट के द्वारा छोटू रंगसाज के सिर में रड से वार करने पर छोटू की मौत हो गई। जबकि इस घटना में इशाद अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना में दूसरे गुट के भी दो लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया है कि सुखबाना गांव स्थित एक भूमि को लेकर 10 से 12 लोग एक जुट होकर मृतक पर लोहे के रड से हमला कर दिया। जब तक स्थानीय लोग बीच बचाव करते तब तक मृतक को लोहे के रड से मारकर हत्या कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही लोग काफी संख्या में इकट्ठा हो गए। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमर्टम के लिए पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। जहां मेडिकल टीम के द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराकर शव उसके परिजन को सौप दिया गया। खबर लिखे जाने तक मृतक के परिजन के द्वारा प्राथमिकी दर्ज नहीं किया गया था। इार घटना की सूचना मिलने पर पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर सदर अस्पताल पहुंच कर घटना की जानकारी ली।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज



## बरसोल में गांजा बरामद एक अपराधी गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** अवैध रूप से गांजा की खरीद बिक्री की मिली गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बरसोल थाना अंतर्गत पुलिस बल ने एक बस से एक अपराधी को लगभग 8 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने प्रेस वार्ता कर मामले की विस्तृत जानकारी दी।

## मजदूर एकता दिवस पर होगा पुतला दहन

**जमशेदपुर।** किसान मजदूर एकता दिवस पर 19 जनवरी को राज्यों भर मांगों को लेकर मजदूर विरोधी कॉर्पोरेट्स के पुतले फूंके जायेंगे। जमशेदपुर में साकची स्थित बिरसा चौक में सुबह 11:30 बजे नुक्कड़ सभा की जायेगी। उपरोक्त जानकारी सीटू कोल्हान कमिटी के संजय कुमार एवं किसान सभा, पूर्वी सिंहभूम जिला कमेटी के लोटन दास ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है।

## विधायक सविता महतो बनी कल्याण संस्कृति व पर्यटन विभाग सभापति

**चांडिल।** ईंचागढ़ विधायक सविता महतो को झारखंड विधानसभा के कल्याण संस्कृति और पर्यटन विभाग का सभापति बनाया गया है। सभापति बनाये जाने पर झामुमो नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी। इस दौरान विधायक ने कहा जो दायित्व उन्हें विधानसभा अध्यक्ष द्वारा सौंपा गया है उसे बखूबी निभाने का प्रयास करुंगी।

## सरायकेला खरसावां में संयोजक मंडली गठित

**गम्हरिया।** झामुमो केंद्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार सरायकेला खरसावां, गोड्डा तथा सिमडेगा जिला के संयोजक मंडली का गठन किया गया है। इसमें सरायकेला-खरसावां जिला के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ शुभेंदु महतो को संयोजक प्रमुख बनाया गया है। इसके अलावा गणेश चौधरी, चारु चांद किस्कू, सुधीर महतो, गुरुचरण किस्कू, कृष्णा बास्के, काबुल महतो, सुधीर महतो सिन्नी, वीरेंद्र प्रधान, दसमत, भगलू सोरेन डब्बा, रानी हेंब्रम, शंभू आचार्य, सोनामुनि देवी बनाये गये।

## राजेंद्र विद्यालय में हुआ विंटर कार्निवाल

**जमशेदपुर।** साकची स्थित राजेंद्र विद्यालय परिसर में विंटर कार्निवाल मनाया गया। मौके पर बिहार एसोसिएशन के ज्वॉइंट सेक्रेटरी अमरेश सिन्हा ने मेला का उद्घाटन किया। विंटर कार्निवल में बच्चो के लिए लुभावने झूले, लजीज व्यंजनों से सजे स्टाल लगे हुए थे। वही विभिन्न स्टाल पर हो रहे खेलों का एलकेजी से कक्षा 12वीं तक के बच्चों ने भरपूर आनंद उठाया, और इनाम भी जीते। मौके पर बिहार एसोसिएशन के अध्यक्ष बी जन चौधरी, महासचिव सीपीएन सिंह, उपाध्यक्ष डॉ एस के सिंह, प्राचार्या अनीता तिवारी, उप प्राचार्या पियाली मुखर्जी, कोर्डिनेटर किरण सिन्हा, डी वाणी समेत भूगोल शिक्षिका ईला पात्रा व अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं थे।

## विद्या भारती चिन्मया में कॉम्फेस्ट का आयोजन

**जमशेदपुर।** टेल्को स्थित विद्या भारती चिन्मया विद्यालय में शनिवार को वाणिज्य विभाग की ओर से कॉम्फेस्ट 2025 का आयोजन किया गया। आयोजन में कक्षा नौवीं एवं ग्यारहवीं के 188 विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित की। विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव विष्णु चंद्र दीक्षित एवं प्राचार्या मीना विल्खू के मार्गदर्शन में कॉम्फेस्ट का आयोजन किया गया।

## कानू जागरण मंच का वनभोज आज

**जमशेदपुर।** कानू जागरण मंच जमशेदपुर झारखंड के अंतर्गत वार्षिक पारिवारिक सम्मिलन-सह वनभोज आगामी 19 जनवरी को गम्हरिया के देवनगरी में आयोजित होने जा रहा है, जिसमें राज्य के बाहर से भी गणमान्य अतिथि शामिल होंगे। मंच के अध्यक्ष आरके शशि, उपाध्यक्ष रमेश प्रसाद एवं महासचिव उपेंद्र कुमार ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज का शैक्षणिक विकास करना है।

# भारतीय नौसेना और बजाज ऑटो पल्सर की डेयर-2 रैली पहुंची जमशेदपुर

- विशाखापत्तनम से अयोध्या तक 13 दिवसीय रैली, 1649 किलोमीटर की दूरी तय कर गणतंत्र दिवस पर अयोध्या में डोगरा रेजिमेंट में होगी समाप्त

**खबर मन्त्र ब्यूरो**







**जमशेदपुर।** बजाज ऑटो और भारतीय सशस्त्र बलों के साथ साझेदारी में विशाखापत्तनम से अयोध्या तक 13 दिवसीय संयुक्त रैली ह्यडेयर2ह्व शनिवार को जमशेदपुर पहुंची। इस दौरान रैली टीम डीएवी स्कूल कैंपस बिष्टुपुर में मैरीटाइम अवेयरनेस ड्राइव सह इंटरेक्शन विथ स्टूडेंट प्रोग्राम में शामिल हुए। इस अवसर पर कमांडर मुकुल राय, इंजीनियर ऑफिसर, आईएनएस रणविजय, लेफ्टिनेंट कमांडर आदित्य वशिष्ठ जी ऑफिसर, आईएनएस रणविजय, लेफ्टिनेंट विशाल प्रताप एएलओ, आईएनएस रणविजय, डीएवी स्कूल की प्रिंसिपल प्रज्ञा सिंह समेत कई टीचर और स्कूल के बच्चे शामिल हुए।

मैरीटाइम अवेयरनेस ड्राइव में बच्चों के बीच भारतीय नौसेना में करियर को लेकर उन्हें जागरूक किया गया। रैली पल्सर एनएस400जेड की गतिशीलता से लैस, भारतीय नौसेना के 15 निडर सवार 1600 किलोमीटर से अधिक की यात्रा करेंगे।

इससे पूर्व रैली (डेयर2) को वाइस एडमिरल समीर सक्सेना, एवीएसएम, एनएम, चीफ ऑफ स्टाफ, पूर्वी नौसेना कमान ने विशाखापत्तनम में पूर्वी बेड़े के मुख्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो भारत के प्रमुख समुद्री रक्षा मोर्चों में से एक ओडिशा में आईएनएस चिल्का की ओर आगे बढ़ा। यह रैली सशस्त्र बलों को स्थानीय समुदायों से जुड़ने का मौका देती है, ताकि भारतीय नौसेना के बारे में जागरूकता पैदा की जा सके और युवाओं को सर्वोच्च सम्मान के साथ अपने देश की सेवा करने के लिए प्रेरित किया जा सके। रैली 26 जनवरी को अयोध्या में डोगरा रेजिमेंट में समाप्त होगी, जो 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर एकता को मजबूत करने और 'साहसी' भावना को बनाए रखने में सशस्त्र बल की भूमिका को रेखांकित करेगी।

इस सहयोग के बारे में बात करते हुए, बजाज ऑटो लिमिटेड के मार्केटिंग अध्यक्ष सुमीत नारंग ने कहा, 'हम भारतीय नौसेना के साथ हाथ मिलाकर बेहद सम्मानित महसूस कर रहे हैं, जिसका प्रतिनिधित्व अंतिम विध्वंसक-आईएनएस रणविजय द्वारा किया जाता है, ताकि डेयर2 मोटरसाइकिल रैली में भाग लिया जा सके। पहल को समय की मांग बताते हुए पूर्वी नौसेना कमान के चीफ ऑफ स्टाफ वाइस एडमिरल समीर सक्सेना, एवीएसएम, एनएम ने कहा, डेयर 2 युवा भारतीयों में सशस्त्र बलों के प्रति जुनून जगाने का एक संयुक्त प्रयास है और हम दोनों सशस्त्र बलों और पल्सर एनएस400जेड की ह्यसाहसिकह्व भावना का जश्न मनाने के लिए इस 13 दिवसीय रैली में बजाज ऑटो लिमिटेड के साथ भागीदारी करके रोमांचित हैं। हम बजाज ऑटो लिमिटेड को उनकी कुशल भागीदारी और देशभक्ति और एकता के संदेश को फैलाने में मदद करने के लिए धन्यवाद देते हैं।

### डीसी की हिदायत के बाद सक्रिय हुए पदाधिकारी, सरकारी संस्थाओं का किया निरीक्षण

# नोडल पदाधिकारियों ने जिला के विकास कार्यों की जानी हकीकत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार सभी 11 प्रखंडों एवं नगर निकायों के लिए नामित नोडल पदाधिकारी द्वारा प्रत्येक शनिवार को अपने प्रखंड व नगर निकाय क्षेत्र के किसी एक पंचायत/ वार्ड का निरीक्षण किया जाता है। इसी क्रम में अपर उपायुक्त भगीरथ प्रसाद ने पटमदा के खेड़ुआ पंचायत, कार्यपालक दण्डाधिकारी सुदीप्त राज ने घाटशिला के बड़ाजुड़ी पंचायत, जिला नियोजन पदाधिकारी ने बोड़ाम के कुईयानी पंचायत, जिला कल्याण पदाधिकारी शंकराचार्य समद ने मुसाबनी के कुईलीसुता पंचायत, कार्यपालक दण्डाधिकारी अमन कुमार ने धालभूमगढ़ के महुलीशोल पंचायत, जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने डुमरिया का कांटाशोल पंचायत, कार्यपालक दण्डाधिकारी धालभूम चंद्रजीत सिंह ने जमशेदपुर सदर के बड़ाबांकी पंचायत, एलआरडीसी धालभूम गौतम कुमार ने पोटका के हेंसल आमदा पंचायत, एलआरडीसी घाटशिला ने बहरागोड़ा के ब्राह्मणकुंडी पंचायत, एसडीओ घाटशिला सुनिल चंद्र ने चाकुलिया के लोधाशोली पंचायत, निदेशक एनईपी संतोष गर्ग ने गुड़ाबांदा के अंगारपाड़ा पंचायत का निरीक्षण किया वहीं जिला परिवहन पदाधिकारी धनंजय ने जुगसलाई नगर परिषद में विकास कार्यों के क्रियान्वयन का जायजा लिया तथा सरकारी संस्थाओं के माध्यम से आमजनों को दी जाने वाली सुविधाओं व सेवाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।




निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते पदाधिकारी।

निरीक्षण में सभी नोडल पदाधिकारियों ने प्रत्येक पंचायत में क्रियान्वित मनरेगा की योजनाएं, स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र, हेल्थ सब सेंटर, जन वितरण प्रणाली का निरीक्षण किया। सरकारी संस्थाओं के माध्यम से किस प्रकार लोग लाभान्वित हो रहे हैं, इसके जांच के उद्देश्य से क्षेत्र भ्रमण किया जा रहा है। विद्यालयों में पठन-पाठन के अलावा उपलब्ध संसाधनों का रखरखाव, स्कूली बच्चों को मिलने वाली सरकार की योजनाओं का लाभ, आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से पोषाहार वितरण, बच्चों एवं गर्भवती माताओं के सेहत की निगरानी व उचित परामर्श, स्वास्थ्य केन्द्रों में दवाओं की उपलब्धता व अन्य चिकित्सीय सेवाओं, चिकित्सक व पारा मेडिकल स्टाफ की उपस्थिति की जांच की जा रही है। वहीं जन वितरण प्रणाली दुकानों से ससमय खाद्यान्न का वितरण, साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करती मनरेगा की योजनाओं का सघन अनुश्रवण इस पंचायत स्तरीय निरीक्षण का उद्देश्य है।

## जिला पुलिस मुख्यालय से महज 50 मीटर दूरी से टेंपो की चोरी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** बिस्टुपुर थाना अंतर्गत वाणिज्य कर विभाग के कार्यालय के समीप से मंगलवार को प्रातः 9:30 बजे दिनदहाड़े मानगो कृष्णा नगर के रहने वाले सुरेंद्र गिरी की सवारी टेंपो चोरी हो गयी। तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिसिया कार्रवाई नहीं हो पाने के बाद सुरेंद्र गिरी ने भाजपा के पूर्व नेता विकास सिंह को मामले की जानकारी दिया जानकारी मिलते ही विकास सिंह सुरेंद्र गिरी की आवास में जाकर मामले की जानकारी ली। सुरेंद्र गिरी ने बताया की प्रतिदिन वह सुबह सवारी लेकर साकची जाया करते थे उनके मोहल्ले में पानी की घोर किल्लत है इसलिए सवारी छोड़ने के बाद अपने गाड़ी में रखे गैलन में पानी भरने वाणिज्य कर विभाग के कार्यालय में जाया करते थे पानी भरने में महज उन्हें पांच मिनट ही लगता था। मंगलवार के दिन प्रातः 9:30 बजे वह सवारी उतार कर वाणिज्य कर विभाग के अंदर गैलन में पानी भरने गये मात्र पांच मिनट के बाद जब पानी लेकर मुख्य सड़क पर आए तो देखा उनका टेंपो मौके में नहीं है।

## गरीब मरीज की चिकित्सा को डीसी और सिविल सर्जन ने लिया संज्ञान

›› शहीद स्मारक समिति की पहल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शहीद स्मारक समिति के सदस्यों के पहल पर गरीब मरीज के चिकित्सा हेतु उपायुक्त एवं सिविल सर्जन ने संज्ञान लिया है। पटमदा प्रखंड अन्तर्गत बिड़रा ग्राम निवासी इंद्रराज महतो अत्यंत गरीब परिवार से है। पिछले कई महीनों से पेट की बीमारी से ग्रसित है जिससे पूरा शरीर फूल गया है एवं अत्यंत पीड़ा में है। परिवार में कमाने वाला एक ही आदमी है जो कई महीने से बिस्तर पर है जिससे जीवन यापन की लिए विकट परिस्थिति बन गं; है। उप मुखिया श्री गोपाल गोराई से सूचना प्राप्त होते ही शहीद स्मारक समिति के विश्वनाथ महतो एवं स्वपन कुमार मरीज के घर पहुंचे। मरीज का स्थिति देख कर विश्वनाथ ने तुरंत उपायुक्त महोदय एवं सिविल सर्जन महोदय को दूरभाष के माध्यम से इसकी जानकारी दी।पदाधिकारियों द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए आज क्षेत्र के स्वस्थ कर्मियों को मरीज की स्थिति से अवगत होने का निर्देश दिया गया। अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के द्वारा उक्त मरीज का इलाज कराने का आश्वासन दिया गया।



## काशीदा फुटबॉल टूर्नामेंट में अर्जुन मेमोरियल को हराकर गोलमाल एफसी बनी विजेता

- मुख्य अतिथि सांसद जोबा माझी ने विजेता टीम को दिया पुरस्कार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** एएनएसएस क्लब काशीदा, राजनगर के तत्वावधान में शनिवार को तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता में फाइनल मुकाबला अर्जुन मेमोरियल भालुपानी और गोलमाल एफसी के बीच खेला गया जिसमें टॉस के सहारे गोलमाल एफसी की टीम विजेता बनी। इससे पूर्व निर्धारित समय में दोनों टीमें एक भी गोल नहीं कर पायी थी। जिसके बाद टाईब्रेकर का सहारा लिया गया, लेकिन टाईब्रेकर में मुकाबला बराबरी पर रहा। जिसके बाद टॉस का सहारा लिया गया और गोलमाल एफसी विजेता बनी। फाइनल मुकाबला सह पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि सिंहभूम सांसद जोबा माझी उपस्थित रही।

## मानहानि मामले में भूपेंद्र सिंह व राकेश सिंह न्यायालय से बरी

- जमशेदपुर पश्चिमी विधायक सरयू राय के मानहानि शिकायत मामले में न्यायालय का फैसला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** सरयू राय विधायक जमशेदपुर (ईस्ट) के द्वारा नवंबर 2022 में एक परिवाद पत्र न्यायालय में दाखिल कर सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह और भाजपा जमशेदपुर महानगर के पूर्व जिला महामंत्री राकेश सिंह को अभियुक्त बनाया गया था। सरयू राय के द्वारा दोनों के विरुद्ध यह आरोप लगाया गया था कि इन लोगों ने फेसबुक में इनके विरुद्ध लिखा गया था कि खाद्य आपूर्ति विभाग में घोटाले के पैसे से बना भ्रष्टाचार का राय विल्ला, विधायक दूसरों के घरों की तस्वीर ले के उस पर जांच के लिए चिठ्ठी लिखते हैं अपने और अपने भतीजे के भ्रष्टाचार के पैसों से बनाये गये करोड़ों के मकान के लिए कब चिठ्ठी लिखेंगे।

## पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस मुख्यालय तिलक पुस्तकालय के नवनिर्मित भवन का भव्य उद्घाटन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में नवनिर्मित जिला कांग्रेस मुख्यालय तिलक पुस्तकालय के नवनिर्मित भवन का भव्य उद्घाटन समारोह का आयोजन जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के अध्यक्षता में आयोजित हुआ। नवनिर्मित भवन का उद्घाटन प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश जी के कर कमलों से एवं बन्ना गुप्ता पूर्व मंत्री झारखंड सरकार डॉ प्रदीप कुमार बालमुचू पूर्व सांसद राज्यसभा के गरिमामयी उपस्थिति में शिलापट्ट अनावरण तथा फीता काटकर सम्पूर्ण विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न हुआ। कांग्रेस कार्यालय के सभागार में सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने भव्य भवन निर्माण के लिए जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे एवं जिला पदाधिकारी को बधाई दी।



फीता काटकर पुस्तकालय का उद्घाटन करते अतिथि।

बताया कि पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस मुख्यालय तिलक पुस्तकालय का नवनिर्मित भवन के उद्घाटन के शुभ अवसर पर मुझे उद्घाटनकर्ता के रूप शामिल होने का गौरव प्राप्त हुआ। इस भवन का निर्माण 1923 में हमारे स्वतंत्रता आंदोलन के सेनानियों के सहयोग से निर्मित हुआ था। जो विगत कई वर्षों से जर्जर अवस्था में थी। नवनिर्मित भवन से कांग्रेस संगठन को अवश्य मजबूत मिलेगी। इस भवन से पार्टी कार्यकत्ताओं को गुणवत्तापूर्ण मार्ग दर्शन प्राप्त होंगे। जिनके माध्यम से देशहित, राज्यहित एवं जिलेवासियों के जनहित के कार्य संपादित होंगे।

समारोह को संबोधित करते हुए बन्ना गुप्ता पूर्व मंत्री झारखंड सरकार ने कहा कि पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस मुख्यालय तिलक पुस्तकालय का नवनिर्मित भवन के उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होने का गौरव प्राप्त हुआ। इसके लिए जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे एवं जिला कांग्रेस कमेटी के प्रति आभार प्रकट करता हूं। 102 वर्ष पूर्व निर्मित भवन वर्तमान में जर्जर हो चुकी थी। आज भवन नये स्वरूप में निर्मित हुआ है। जिसके उद्घाटन का साक्षी होने का गौरव प्राप्त हुआ है। निश्चित रूप से इस नवनिर्मित भवन से कांग्रेस संगठन को मजबूत मिलेगी। यहां से कांग्रेस कार्यकर्त्ता 140 वर्ष पुरानी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नीति सिद्धांत को सीखेंगे और देश एवं समाजहित के कार्य को आगे बढ़ायेंगे।

## एक नजर में

### जमशेदपुर डेयरी में संक्रांति पर मिलन समारोह



**गम्हरिया।** औद्योगिक क्षेत्र स्थित जमशेदपुर डेयरी में संक्रांति पर मिलन समारोह सह चूड़ा-दही भोज मनाया गया। भोज में डेयरी के सभी कर्मचारी और वितरक उपस्थित थे। मौके पर डेयरी के मुख्य कार्यपालक दिनेश शर्मा ने कई नये उत्पादों और योजनाओं की घोषणा की। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही जमशेदपुर डेयरी अपने अन्य गुणवत्तापूर्ण उत्पादों के साथ बाजार में दिखेगी। इस दौरान उन्होंने कई नये उत्पादों की विस्तृत जानकारी भी दी। आयोजित चूड़ा-दही भोज का कर्मचारियों और वितरकों ने भी काफी आनंद लिया। मौके पर विपणन पदाधिकारी डी कुंडू, प्रोसेसिंग प्रभारी नित्यानंद, एकाउंट्स अधिकारी राजेश्वर राम, अभियंत्रण शाखा के राम नरेश प्रसाद समेत सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### भाजपा, झामुमो और आजसू के नेता हुए बरी



**जमशेदपुर।** शनिवार को प्रथम श्रेणी न्यायालय 306 अरविंद कुमार ने गोलमुरी थाना कांड सं. 2812/12 मामले में साक्ष्य के अभाव में सभी आरोपियों को बरी कर दिया। उक्त मामले का बचाव कर रहे अधिवक्ता हरेंद्र बहादुर सिंह और अमित तिवारी ने कहा कि वृद्ध महिला को बड़े वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया था। उसके बाद आक्रोशित भीड़ ने वाहन को आग के हवाले कर दिया, जिसमें थाना प्रभारी ने आजसू नेता अप्पू तिवारी, भाजपा नेता सूर्यकांत झा, सत्येंद्र पासवान, संतोष तिवारी, विशु सिंह, महिला नेत्री उषा सिंह, झामुमो नेत्री सविता सिंह के साथ अज्ञात के खिलाफ सड़क जाम और पुलिस प्रशासन के कार्य में अवरुद्ध करने का मामला दर्ज कराया था। 2012 के मामले में गवाहों के न्यायालय में उपस्थित न होने व साक्ष्य के अभाव में सभी को बाइज्जत बरी कर दिया। मामले में अधिवक्ता हरेंद्र बहादुर सिंह और अमित तिवारी ने नि:शुल्क पैरवी की।

### टिस्को जनरल कॉपरेटिव सोसाइटी ने 104वां स्थापना दिवस मनाया, कई स्कीम शुरू



**जमशेदपुर।** टिस्को जनरल कॉपरेटिव सोसाइटी ने 104वां स्थापना दिवस मनाते हुए अपने सदस्यों का साथ देने के साथ-साथ सोसाइटी के कर्मचारियों के लिए कल्याणकारी स्कीम की शुरुआत की। टाटा स्टील, जमशेदपुर वर्क्स को अनुकरण करते हुए अपने सोसाइटी कर्मचारियों के लिए फैमिली बेनिफिट सुविधा लागू किया गया। जिसके तहत किसी भी कर्मचारी के दुर्घटना के बाद पीड़ित परिवार का सुविधा के लिए यह स्कीम के तहत उनके परिवार को नौकरी देने के साथ फाइनेंशियल सपोर्ट का सुविधा दिया गया है। सोसाइटी का प्रबंध समिति ने 104 स्थापना दिवस के उपरांत कर्मचारियों को उपहार स्वरूप कल्याणकारी स्कीम देने का काम किया। प्रबंधन समिति से चेयरमैन सुब्रत सिन्हा, वाइस चेयरमैन अश्विनी मथान, विनोद ठाकुर, सोनम राजपूत, त्रिलोचन परीदा, शोभ रानी हसदा, अमरजीत सिंह, शशिभूषण पिंगुआ, विद्या भूषण झा, मधु शर्मा, फाल्गुनी चटर्जी, नीतू सिंह, अनंत ठाकुर, पुष्पा रानी महतो, रीना कुमारी एवं सोसाइटी कर्मचारी में सचिव कमलेश यादव, शुभजीत गुहा, अरविन्द सिंह, मधु सिंह उपस्थित थे।

### एडीएलएस सनशाइन में विद्यार्थियों का समारोह

**जमशेदपुर।** एडीएलएस सनशाईन ने बारहवीं के विद्यार्थियों का स्नातक समारोह विद्यालय प्रांगण में आयोजित किया। मौके पर विद्यालय समिति के सदस्यगण, प्राचार्या, विद्यालय कर्मचारी, अभिभावक एवं विद्यार्थी मौजूद थे। समारोह में गत वर्ष के सराहनीय प्रयास एवं सुनहरे भविष्य के सपनों को नये आयाम दिये गये। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय गान से किया गया। प्राचार्या मंजू सिंह ने छात्रों को नए जीवन के लिए अभिप्रेरित कर स्वागत भाषण दिया एवं छात्रों को गत वर्ष के शैक्षणिक योग्यता के लिए बधाईयों दी एवं सुनहरे भविष्य के लिए उन्हें प्रोत्साहित भी किया। इस दौरान प्रेरक गान, बॉलिवुड मैश अप, कवाली ने इस कार्यक्रम को और भी यादगार बना दिया। इस अवसर पर छात्रों को इयर बुक, प्रमाण पत्र एवं विद्यालय स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। शैक्षणिक स्तर पर शानदार प्रदर्शन एवं पाठ्य क्रम गतिविधियों में भी प्रतिभाशाली प्रदर्शन के लिए विशेष पुरस्कार 'द प्रिंसिपल अवार्ड आयशा आलम को दिया गया, जो 12वीं विज्ञान का छात्र है। विदाई भाषण में एडीएलएस सनशाईन स्कूल के सेनेट प्रेसिडेंट आयशा आलम ने अपने जीवन के अनुभवों एवं यादगार क्षणों को साझा किया। समापन विद्यालय गान के द्वारा हुआ।

### भोजपुरी आइडल सीजन - 2 का दूसरा ऑडिशन आज

**जमशेदपुर।** भोजपुरी संस्कृति मंच के संयोजक सह गीतकार तोमर सत्येन्द्र सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि भोजपुरी संस्कृति मंच द्वारा भोजपुरी कला संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भोजपुरी आइडल सीजन - 2 गीत-संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसका ऑडिशन 12 जनवरी 2025 को हो चुका है पर लोगों की मांग को देखते हुए19 जनवरी को सुबह 10 से शाम 4 बजे तक फिर एक बार ऑडिशन का आयेजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में भाग लेने के वैसे इच्छुक प्रतिभागी जो पहले ऑडिशन में नहीं आ पाए थे, 19 जनवरी को होने वाले ऑडिशन में आकर अपना ऑडिशन दे सकते हैं। फॉर्म साकची स्थित भरत सिंह का कार्यालय, बिन्दा अपार्टमेन्ट, मिल एरिया, साकची, जमशेदपुर, पूर्वी सिंहभूम, झारखण्ड - 831001 में उपलब्ध है। इच्छुक प्रतिभागी अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए 7903772552, 9234970248, 9334043961 पर संपर्क कर सकते हैं।

### ईसीएचएस के नये ओआईसी का हुआ स्वागत

**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, जमशेदपुर द्वारा ईसीएचएस के नए ओआईसी को पुष्पगुच्छ और शॉल दे सम्मानित एवं स्वागत किया गया। मौके पर संगठन के प्रांत महामंत्री सिद्धनाथ सिंह के साथ संस्थापक वरुण कुमार एवं अध्यक्ष विनय के यादव के नेतृत्व में तीनों सेना से सेवानिवृत्त सैनिक साथियों ने इसीएच्एस सोनारी के नए ओआईसी कोल जीके समद को पदभार ग्रहण करने पर सैन्य समाज की शुभकामनाएं प्रेषित की।

# बढ़ती सड़क दुर्घनाओं को रोकने के लिए चलाया जा रहा है सड़क सुरक्षा अभियान: डीटीओ

## वाहन चलाते समय लोग हेलमेट जरूर पहनें, नशापान कर वाहन न चलायें, पूरे जिले में यातायात नियमों को लेकर चल रहा है विभिन्न तरह का जागरूकता कार्यक्रम

● डीटीओ व मोटरयान निरीक्षक ने किया प्रेस कान्फ्रेंस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** सड़क सुरक्षा या सड़क दुर्घटना में मौतों के बढ़ते आंकड़ों को देखते हुए डीटीओ राकेश कुमार गोप, मोटरयान निरीक्षक अजय रॉबिन सिंह और प्रदीप तिर्की के द्वारा शनिवार को अपने कार्यालय कक्ष में संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया। जिसमें डीटीओ ने बताया कि बीते वर्ष 235 मामले सड़क दुर्घटना का संज्ञान में आये। जिनमें 221 मौतें दर्ज हुई हैं। अधिकतर मामलों में मौतों का कारण हेलमेट नहीं पहनना या सिर पर चोट लगने के कारण ही मौत हो जाना बताया गया है।

डीटीओ राकेश कुमार गोप ने कहा कि जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिला प्रशासन एवं मीडिया के सहयोग से आम लोगों को जागरूक करने हेतु अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें



प्रेस कान्फ्रेंस में शामिल डीटीओ व मोटरयान निरीक्षक

लापरवाही बरतने वालों पर कार्यवाही भी की जा रही है। 1 जनवरी से 17 जनवरी तक लगभग 5 लाख 50 हजार रुपए से ज्यादा के चलान निर्गत किए जा चुके हैं। ये पैसा भी बचाया जा सकता था। अगर लोगों ने हेलमेट पहना होता। जागरूकता तो एक तरफ चालू है और इधर दण्ड शुल्क भी अधिरोपित किया जा रहा है। गुमला जिला में सभी प्रखंड एवं गांवों में जागरूकता रथ अपने ऑडियो क्लिप और जगह जगह पम्पलेट डिस्ट्रीब्यूशन के माध्यम से आम लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। नुक्कड़ नाटक का आयोजन हो या सड़क किनारे पोस्टर के माध्यम से, बैनर हो या बड़े बड़े होर्डिंग्स, हर चौक-चौराहे पर आपको दिख ही जाएगा। हेलमेट पहनने और पहनाने पर ज्यादा जोर दिया जा रहा है। वाहन चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट पहने लोगों को गुलाब का फूल एवं माला पहना कर यातायात नियमों का पालन करने का आग्रह किया जा रहा है।

सड़क सुरक्षा के द्वारा रोड सेफ्टी काउन्सलिंग किया जा रहा है एवं सभी ब्लॉक एवं प्रखंडों, हाट बाजार में सड़क सुरक्षा संबंधित नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही साथ फुटबॉल मैच, क्रिकेट मैच, स्कूलों के द्वारा प्रभातफेरी, बाइक रैली एवं पतंग महोत्सव के माध्यम से भीड़भाड़ वाले इलाकों में अनेकों कार्यक्रमों के माध्यम से सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। जिससे दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। जिलेवासियों से अपील है कि वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन जरूर करें। सिर्फ हेलमेट पहनने की तो बात है। आप नहीं पहनोगे तो आपकी अगली पीढ़ी भी नहीं ही सीख पाएगी। इसलिए देर ना करें आज और अभी से पहनें हेलमेट और बचें और बचाएं अपने परिवार को।

# लंबित लोन आवेदनों का समयबद्ध तरीके से समाधान सुनिश्चित करें : उपायुक्त

● उपायुक्त की अध्यक्षता जिला स्तरीय पुनरावलोकन एवं परामर्श समिति की बैठक आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में आरसेटी भवन में जिला स्तरीय पुनरावलोकन एवं परामर्श समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए।

उन्होंने मुख्यतः एफपीओ (किसान उत्पादक संगठन) के सदस्यों को प्रशिक्षण प्रदान करने, प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से एफपीओ के सदस्यों को सशक्त बनाने पर चर्चा की।



वहीं लंबित लोन आवेदनों का शीघ्र निष्पादन हेतु उपायुक्त ने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि लंबित लोन आवेदनों का समयबद्ध तरीके से समाधान सुनिश्चित किया जाए। प्रशिक्षित प्रशिक्षुओं को सरकारी योजनाओं से जोड़कर लाभ दिलाने के लिए कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिये। बैठक के दौरान आरसेटी में किशोरी दीदियों हेतु 6 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम प्रशिक्षण का उदघाटन किया गया।

इस अवसर पर उपायुक्त ने प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला और उपस्थित प्रतिभागियों को प्रेरित किया। उपायुक्त ने वर्तमान में चल रहे सब्जी नर्सरी बैच के प्रशिक्षुओं से संवाद किया। उन्होंने प्रशिक्षुओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि स्वरोजगार के क्षेत्र में प्रशिक्षण बेहद उपयोगी साबित होगा।

बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक पवन कुमार, डीपीएम जेएसएलपीएस शैलेंद्र जारीका, डीएम एफआई जेएसएलपीएस संदीप कुमार, जिला समन्वयक जेएसएलपीएस जय सिंह बारला, महाप्रबंधक डीआईसी सुरेश तिर्की, पशुपालन विभाग की डॉक्टर सुषमा परधीया, जिला नियोजन पदाधिकारी श्रीराम बारी, झारखंड ग्रामीण बैंक के मुख्य प्रबंधक पंकज कुमार और योगेश कुमार, निपुण गुप्ता, फैकल्टी प्रतुल्य कुमार और संजय केरकेट्टा उपस्थित थे।

# कांग्रेसियों ने घाघरा में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर सम्मान मार्च का किया आयोजन



**घाघरा।** बाबा साहब भीमराव अंबेडकर सम्मान मार्च का आयोजन प्रखंड कांग्रेस कमेटी द्वारा घाघरा में किया गया। घाघरा जग बगीचा से शुरू होकर सम्मान मार्च प्रखंड मुख्यालय के विभिन्न चौक-चौराहे होते हुए ब्लॉक परिसर चबूतरा के समीप पहुंचा। जहां कांग्रेस नेत्री बॉबी भगत के पुत्र के निधन पर 2 मिनट का मौन धारण किया गया और कार्यक्रम का समापन किया गया। इस क्रम में जिला कांग्रेस महासचिव कृष्णा कुमार लोहरा ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी देश के संविधान, सामाजिक न्याय, समानता के मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध है। इन मूल्य पर हो रहे हमले के खिलाफ हमारी मांग है कि देश के गृह मंत्री अमित शाह इस्तीफा दें। प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार पांडे ने कहा कि देशभर में भीमराव अंबेडकर के सम्मान में कई कार्यक्रम किये जा रहे हैं। वहीं युवा कांग्रेस बिशनपुर विधानसभा उपाध्यक्ष आदित्य भगत ने कहा कि संविधान के रचयिता के प्रति इस तरह का विवादित बयान देश के गृह मंत्री के द्वारा दिया जाना अशोभनीय है।

मौके पर ज़िला महासचिव कृष्णा कुमार लोहरा, राजू उरांव, जिला शिक्षा प्रकोष्ठ अध्यक्ष अगस्टीन महेश कुजूर, अल्पसंख्यक अध्यक्ष नसीम अंसारी, आदित्य भगत, दिलबहार अंसारी, सौरभ भगत, सत्यदेव सिंह, शिव साहू, कलीम अंसारी, सोमनाथ भगत, इलाही राय, कयूम अंसारी, बिनू राम, रुबेंन भगत, सुमन्त ठाकुर सहित कई कांग्रेसी उपस्थित थे।

# गणतंत्र दिवस से पूर्व भाजपा मनाएगी संविधान दिवस : विनय लाल



**गुमला।** जिला भाजपा की बैठक शनिवार को जिलाध्यक्ष विनय कुमार लाल की अध्यक्षता में पर्यटन भवन परिसर में हुई। बैठक में शामिल पार्टी कार्यकर्ताओं व नेताओं को संबोधित करते हुए श्री लाल ने कहा कि गणतंत्र दिवस से पूर्व भाजपा संविधान गौरव दिवस मनाएगी। उन्होंने आगामी 26 जनवरी के पूर्व सभी मंडलों के दलित बस्ती में जोर-शोर से संविधान गौरव दिवस मनाने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहाा कि पूरे देश में विपक्षी दलों ने भाजपा पर संविधान बदल देने का झूठा नैरेटिव फैलाने का काम किया। जबकि कांग्रेस जब तक सत्ता में रही बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर को भारत रत्न नहीं दिया और जब जब सत्ता में रही तो संविधान को अनेकों बार संसोधन कर बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान करते रहे। बैठक को पूर्व जिला अध्यक्ष अनुपचन्द्र अधिकारी ने भी संबोधित किया। वरिष्ठ नेता विनोद कुमार ने कहा कि सदस्यता अभियान को सभी मंडलों में आगामी 30 जनवरी तक समय पर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए पूरा करें। जो भी कार्यकर्ता 50 सदस्य बना लेगा वही सक्रिय सदस्य कहलाएगा और प्रत्येक बूथ से कम से कम दो-दो सक्रिय सदस्य बनेंगे। वरिष्ठ नेता भूपन साहू ने विपक्षी दलों पर संविधान बदल देने और भाजपा को बदनाम करने का आरोप लगाया। संचालन जिला महामंत्री यशवंत सिंह ने एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला कोषाध्यक्ष निर्मल गोयल ने किया। बैठक में जिला अध्यक्ष विनय लाल के अलावे संविधान गौरव दिवस के जिला संयोजक अनुपचन्द्र अधिकारी, सह संयोजक पायल तिवारी, जिला महामंत्री यशवंत सिंह, सदस्यता अभियान-24 के जिला संयोजक सागर उरांव, जिला कोषाध्यक्ष निर्मल गोयल, वरिष्ठ नेता भूपन साहू, विनोद कुमार, गायत्री देवी, दामोदर कसेरा, जिला मंत्री संजय कुमार साहू, रामचरित्र सिंह, पप्पू लाल गुप्ता, दिनेश चौधरी, योगेंद्र सिंह, कर्मपाल सिंह, नरेश सिंह, हरिशंकर शाही, लक्ष्मी यादव, शम्भू नायक, सुरेश भगत, संतोष देवघरिया, बुधराम नायक व अन्य मौजूद थे।

# उपभोक्ताओं की समस्या लेकर बीएसएनएल के एसडीओ से मिले चेंबर अध्यक्ष

● बकाया बिल का चालीस प्रतिशत जमा कर उपभोक्ताओं को मामले से मुक्त करने पर बनी सहमति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह के नेतृत्व में शनिवार को चेंबर सदस्य बीएसएनएल गुमला के एसडीओ राजीव रंजन से मुलाकात की और उपभोक्ताओं की समस्याओं के निदान हेतु चर्चा की। ज्ञात हो कि विगत दो-तीन दिनों से बीएसएनल का जो पुराना कनेक्शन था, उसके उपभोक्ताओं को बकाया राशि के लिए नोटिस दिया जा रहा था। जिसकी जानकारी चेंबर अध्यक्ष तक पहुंची। उपभोक्ताओं की शिकायत थी कि आज 12



से 13 साल के बाद इतना बिल आ रहा है। इसके लिए कोई रास्ता निकाला जाए। चेंबर अध्यक्ष ने संज्ञान में लेते हुए बीएसएनल ऑफिस पहुंचे उनके साथ राजेश लोहानी, अभिजीत जायसवाल, मोहम्मद इम्तियाज मिनी, लालचन्द फोगला शामिल थे। अध्यक्ष ने बीएसएनल एसडीओ पर दबाव बनाया कि जो भी बकाया राशि का बिल आ रहा है उसका 20 परसेंट लेकर ही उपभोक्ताओं को बरी किया जाए। चर्चा होने के बाद यह तय हुआ कि बकाया राशि का सिर्फ 40% दिया जाए और मामला यहीं खत्म किया जाय। जिस पर सब की सहमति बनी। विभाग के तरफ से एसडीओ के अलावा मोहम्मद तबरेज और रायधर साहू उपस्थित थे। इसी दौरान लालचंद फोगला, राजू नर्सरियां, प्रकाश कुमार, पंकज कुमार आदि ने अपने बिल का 40% देकर राशिद प्राप्त किया और मामले से मुक्त हुए। चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह ने बाकि उपभोक्ताओं से आह्वान किया कि जिनका भी बिल आया है। वह बिल का 40% देकर अपना रसीद प्राप्त करें और इस मामले से मुक्त हो।

# विश्व कल्याण रुद्र महायज्ञ को लेकर शोभा यात्रा सह ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित



**कैरो।** कैरो प्रखंड के उतका गांव स्थित शिव मंदिर परिसर में आगामी 16 मई से 25 मई तक आयोजित विश्व कल्याण रुद्र महायज्ञ को लेकर शनिवार को नगर भ्रमण शोभायात्रा सह ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसको लेकर प्रारम्भ में नगर भ्रमण के बाद ध्वजारोहण व रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। जिसमें यजमान, आयोजक समिति, जनप्रतिनिधियों व धर्मप्रेमी एक स्वर में भगवान का मंत्र लेते हुए आगे आगे अश्व व पीछे से धर्मप्रेमी महिला, पुरुष, बच्चे व भक्त उतका शिव मंदिर से कैरो मुख्य चौक होते हुए हरिजन मुहल्ला, प्रखंड कार्यलय से पुनः उतका शिव मंदिर प्रांगण तक आया गया। पूरे कार्यक्रम में श्री श्री 108 श्री कल्याण जी महाराज के मार्गदर्शन में आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर आयोजक समिति की अध्यक्ष सह यजमान बिपिन कुमार सिंह सहित यजमानों ने नगर भ्रमण के क्रम में पड़ने वाली देवालयों में पूजा अर्चना किया गया। कार्यक्रम में यज्ञाचार्य श्री श्री 108 श्री कल्याण जी महाराज, कौशल कांत त्रिपाठी,दीपक मिश्रा, आशीष बैध, सूर्यकान्त त्रिपाठी, अध्यक्ष बिपिन कुमार सिंह, शरत कुमार विद्यार्थी, गंगा प्रसाद, सुनील तिवारी, लखन उरांव, राजेन्द्र यादव, किशोर उरांव, बाली सिंह, सुरेंद्र साहू, दिलीप सिंह, प्रकाश सिंह, दीपक दुबे, कमलेश साहू, पपु गुप्ता, कृष्णमनी यादव, सूरज मोहन साहू, प्रवीण साहू सहित दूर दूर से भक्तजन उपस्थित थे। नगर भ्रमण कार्यक्रम में शांति व्यवस्था को लेकर एएसआइ संजय कुमार सिंह दल बल के साथ मौजूद थे।

# झारखंड में फ्लॉप पार्टी बन गई है बीजेपी: शिल्पी नेहा तिर्की



**लोहरदगा।** हेमंत सरकार द्वारा राज्य में मईया सम्मान योजना लागू की गई है जिसे लेकर झारखंड की सियासत तेज है। बीजेपी मईया सम्मान योजना को लेकर लगातार झारखंड सरकार पर हमलावर नजर आती है। वही झारखंड सरकार की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने मईया सम्मान योजना और केंद्र सरकार पर राज्य का बकाया 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपए को लेकर बीजेपी पर पलटवार करते हुए बीजेपी को फ्लॉप पार्टी बता दिया है। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने राज्य में बीजेपी ही फ्लॉप हो चुकी हैं हमारे मईया सम्मान योजना को बीजेपी ने बहुत ललकारा चुनाव के समय भी बहुत ललकारा और इसका परिणाम देख ही रहे हैं कितने कम सीटों पर भाजपा सिमट कर रह गई है यहां के महिलाओं ने हमारे ऊपर विश्वास किया है हमारा यह जिम्मेदारी है की हम वो वादों को पूरा करे जहां तक बात पैसे की है तो भाजपा ये चिंता करे यहां पर जो इस राज्य का 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपए जो केंद्र के पास बकाया है उसे

# जिला प्रशासन ने की सीलिंगा गांव में समस्याओं के समाधान की पहल

● आईटीडीए निदेशक ने गांव का किया दौरा, समस्याओं के समाधान का दिया अश्वासन

**गुमला।** परियोजना निदेशक आईटीडीए रीना हांसदा ने रायडीह प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र स्थित सीलिंगा गांव का दौरा किया। गांव की आबादी लगभग तीन सौ है। दौरे के दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का



आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने बिजली, पानी, सड़क और पुलिया निर्माण जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी को प्रमुख समस्याओं के रूप में रखा। सुश्री हांसदा ने गांव की वर्तमान स्थिति का भी गहन निरीक्षण किया और स्थानीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्रामीणों की समस्याओं के निवारण हेतु त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सुश्री हांसदा ने गांव में 28 जनवरी को एक स्वास्थ्य जांच शिविर के आयोजन का निर्देश दिया। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी और उन्हें आवश्यक चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जाएंगी। साथ ही, उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि ग्रामीणों को सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले। इस अवसर पर परियोजना निदेशक ने कहा कि जिला प्रशासन जिले के नागरिकों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। जल्द ही ग्रामीणों को उनकी समस्याओं से निजात दिलाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। जिला प्रशासन की यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास और नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

# प्रेरणा शाखा में किया पौधरोपण

गुमला। अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के 40वें स्थापना दिवस के अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा शाखा गुमला के द्वारा शनिवार को चंचल सिग्नेस स्कूल अरमई जाकर पौधरोपण किया गया। इस कार्यक्रम में प्रेरणा शाखा अध्यक्ष अंचल अग्रवाल, सचिव ज्योति फोगला, सदस्य पूनम अग्रवाल, स्वाति गोयल, अंबिका अग्रवाल उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष सुबोध कुमार लाल का सराहनीय सहयोग रहा।

# अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए सरकार को गंभीरता से कदम उठाना चाहिए : राजेंद्र कृष्णा

● अधिवक्ता संघ ने किया अधिवक्ता सम्मान समारोह का आयोजन

**खबर मंत्र संवाददाता**







**लोहरदगा।** जिला अधिवक्ता संघ के बैनर तले शनिवार को अधिवक्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम का शुभारंभ झारखंड स्टेट बार काउंसिल अध्यक्ष राजेंद्र कृष्णा, पीडीजे राजकमल मिश्रा, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय सुभाष, मेंबर झारखंड स्टेट बार काउंसिल संजय कुमार विद्रोही, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ डा प्रमोद कुमार पुजारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं कार्यक्रम में सभी न्यायिक पदाधिकारी, लोक अभियोजक, अधिवक्तागण, अधिवक्ता लिपिक आदि उपस्थित थे। वहीं सम्मानित वरिष्ठ अधिवक्ता किशन साहू, राकेश अखौरी, अब्दुल रब, अनूप राय, राज ललित प्रसाद, नवल किशोर अग्रवाल, देवाशीष कार, चंद्र प्रकाश पाठक, जमील अख्तर, अजय कुमार मित्तल और भोले शंकर वर्मा को बुके, शॉल और उपहार देकर सम्मानित किया गया। वहीं वनांचल कला मंडली द्वारा पारंपरिक नृत्य और गायन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में झारखंड स्टेट बार काउंसिल अध्यक्ष राजेंद्र कृष्णा ने कहा कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए सरकार को गंभीरता से कदम उठाना चाहिए। वहीं अधिवक्ता कॉलोनी की भी मांग की गई। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जो पेंशन योजना अधिवक्ताओं के लिए लाया गया है उसकी राशि बढ़ाई जानी चाहिए ताकि कमजोर अधिवक्ताओं को आर्थिक सहयोग मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह एकेडमी डेवलपमेंट प्रोग्राम होना चाहिए ताकि अधिवक्ताओं को इसका लाभ मिल सके। पीडीजे राजकमल मिश्रा ने कहा कि अनुभव और ज्ञान दो अलग-अलग विषय है। अनुभव समय के साथ अर्जित करते हैं। अपने अनुभव को अपने तक सीमित नहीं रखें बल्कि इसे अन्य के साथ साझा करें ताकि इसका लाभ सभी को मिले।

मेंबर झारखंड स्टेट बार काउंसिल संजय कुमार विद्रोही ने कहा कि बेंच को कभी दिक्कत होने पर संघ कंधे से कंधा मिलाकर चलने के लिए तैयार रहेगा। वहीं उन्होंने अधिवक्ताओं का हेल्थ इंश्योरेंस, पेंशन कम से कम बीस हजार रुपए, बजट में अधिवक्ताओं के लिए प्रावधान की बात कही। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष डा प्रमोद कुमार पुजारी ने कहा कि अधिवक्ताओं को सम्मानित कर संघ गौरवान्वित महसूस कर रहा है। वहीं नये अधिवक्ताओं का प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। वहीं मंच संचालन संघ के प्रशासनिक सचिव लाल धर्मेंद्र देव ने किया। साथ ही धन्यवाद ज्ञापन संघ के महासचिव लाल दीपक नाथ शाहदेव ने किया। मौके पर जिले के अधिवक्तागण मौजूद थे।

# भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर सोसाइटी ने किया सर्वधर्म सामूहिक विवाह का आयोजन

● 207 जोड़ी बंधे विवाह सूत्र में



**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार टांड़ मैदान में शनिवार को भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में सर्वधर्म सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। जिसको लेकर सोसाइटी द्वारा पूर्व में इच्छुक युवक युवतियों के पंजीयन करवाया गया था जिसके बाद शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में 151 का लक्ष्य के स्थान पर 207 जोड़ी का विवाह संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी छंदा भट्टाचार्य ने कहा कि इस विवाह से वैसे जोड़े जो किसी कारण से विधिवत विवाह नहीं कर पाए थे उनको आज के बाद समाज में उचित व पवित्र स्थान मिलेगा। अंचल अधिकारी कुमारी शीला उरांव ने कहा कि समय-समय पर इस तरह का आयोजन होने से निश्चित रूप में समाज के बीच एक अच्छा संदेश जाएगा। मौके पर थाना प्रभारी कुलदीप टोप्पो ने कहा कि आज भी समाज में गरीबी व अन्य कारणों से कई परिवार बिना विवाह के साथ रहते हैं वैसे सभी परिवार को सामाजिक महत्व मिलेगा। कार्यक्रम में भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष धर्मराज महतो, सचीव गोकुल उरांव, डॉ टी साहू, मुन्नी उरांव, एसआई मनोज गुप्ता, पुरोहित कौशल कांत त्रिपाठी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### जिला प्रशासन की कार्रवाई, बसिया में अवैध संचालित क्रशर मशीन सील



**गुमला।** उपायुक्त के निर्देशानुसार शनिवार को बसिया अनुमंडल क्षेत्र में खनन पट्टे, क्रशरों और अवैध उत्खनन के विरुद्ध औचक निरीक्षण और छापेमारी अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई अनुमंडल पदाधिकारी, बसिया के नेतृत्व में जिला खनन पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, बसिया और शशस्त्र पुलिस बल की उपस्थिति में की गई। निरीक्षण के दौरान मौजा बसिया के दो प्लॉटों पर स्थित क्रशर मशीनों को संचालनरत पाया गया, जबकि उनका स्वीकृति पत्र (सीटीओ) पहले ही समाप्त हो चुका था। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर दोनों क्रशर मशीनों के इंजन रूम को सील कर दिया गया। इसके अतिरिक्त, छापेमारी के समय पत्थर का अवैध परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया। ट्रैक्टर को बसिया थाना भेजकर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई शुरू की गई है। धारित खनन पट्टों की भी जांच की गई और अनियमितताओं के लिए नोटिस जारी किए जा रहे हैं।

### सांसद सुखदेव भगत का युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



सिसई। सांसद सुखदेव भगत एकदिवसीय दौरे पर सिसई पहुंचे। जहां गुमला जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आजाद अंसारी के नेतृत्व में बस स्टैंड के समीप युवा कांग्रेस के कार्यकताओं ने माला पहनाकर कर स्वागत किया। मौके पर सांसद सुखदेव भगत ने सभी युवा कार्यकताओं का चुनाव में किए गए सहयोग के लिए आभार जताया और हर समय उनके साथ खड़ा रहने और समस्याओं के निदान का अश्वासन दिया। मौके पर सिसई प्रमुख मीना टोप्पो, उप प्रमुख सह विधानसभा अध्यक्ष निलेश उरांव, युवा अध्यक्ष मनीष तिर्की, जिला उपाध्यक्ष अंजलिता बाड़ा, जय सिंह, बेनाम उरांव, रजब अंसारी, राजनील तिग्गा, सुजीत जायसवाल, करीम अंसारी, देवीचरण उरांव, सफीक अंसारी, मोहम्मद होदा, विकास महली, राशिद करीम, निके उरांव, जब्बार खान, उत्तम महली, रेजाबुल अंसारी, पत्रसिया मिंज, इस्तियाक अंसारी, मनोरंजन लकड़ा आदि उपस्थित थे।

### कार्तिक उरांव महाविद्यालय बीएड संकाय में टीबी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**गुमला।** कार्तिक उरांव महाविद्यालय बीएड संकाय में शनिवार को यक्ष्मा विभाग सदर अस्पताल गुमला के द्वारा टीबी मुक्त अभियान को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में पीपीएम कोर्डिनेटर हरिशंकर मिश्र ने विद्यार्थियों को टीबी रोग से जुड़ी जानकारी दी गई। साथ टीबी से जुड़ी सरकारी योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। श्री मिश्र ने कहा कि गुमला जिला को टीबी मुक्त बनाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें विद्यार्थियों की भूमिका भी अहम है। टीबीएचभी अंशु निधि ने भी विद्यार्थियों को टीबी रोग से संबंधित जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन बीएड द्वितीय वर्ष की छात्रा महिमा उरांव व धन्यवाद ज्ञापन मंती कुमारी ने किया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश प्रसाद, प्रो. मंती कुमारी, प्रो. नीलम प्रतिमा मिंज, सरिता टोप्पो, शिल्पी, सिलास डहंगा, मनोज साहू, शैलेंद्र कुमार व विद्यार्थी उपस्थित थे।

### जागरूकता रथ को जिला न्यायाधीश ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**गुमला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला के द्वारा जिले में नब्बे दिवसीय विधिक जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके तहत शनिवार को सड़क दुर्घटना, मोटर वाहन दुर्घटना, साइबर क्राइम, नशा मुक्ति, टोल फ्री नंबर 15100, बाल मजदूरी, मानव तस्करी, डायन बिसाही, घरेलू हिंसा आदि पर जागरूकता फैलाने के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ध्रुव चंद्र मिश्र, एडीजे प्रथम प्रेम शंकर, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राम कुमार लाल गुप्ता तथा प्रतीक राज के द्वारा हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया गया। यह वाहन जिले के ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण करेगा तथा लोगों के बीच विधिक जागरूकता अभियान चलाने का काम करेगा। इस अवसर पर एलएडीसी के डीएन ओहदार, शंभू सिंह, इंदु पांडे, बिंदेश्वर गोप, विद्या निधि शर्मा, जितेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष

### अन्नपूर्णा देवी ने...

इस क्षेत्र में थोड़ी जागरुकता बढ़ानी होगी। उन्होंने रांची स्मार्ट सिटी के पदाधिकारियों से जागरुकता की दिशा में और प्रयास करनें का सुझाव दिया। साथ ही समाज कल्याण व महिला बाल विकास विभाग के पदाधिकारियों को भी निर्देशित किया कि अपनें कर्मियों को यहां लाकर इसकी जानकारी प्रदान करें, ताकि वो आंगनबाड़ी केन्द्रों की मदद से लोगों को इन सुविधाओं से रू-ब-रू करा सकें।

आपराधिक घटनाएं रोकने में मिलेगी मदद : स्मार्ट सिटी के विशेषज्ञों नें मंत्री को बताया कि किस प्रकार इसी सेंटर से पूरे शहर का यातायात प्रबंधन किया जाता है। इसके साथ हीं इस केन्द्र से आपराधिक घटनाओं को रोकने और घटनाओं के अनुसंधान में मदद ली जाती है। इसके साथ हीं यहां से सरकारी योजनाओं,जनहित की योजनाओं, बीमारियों की रोकथाम, आपात स्थिति में मदद के लिए एसओएस फीचर भी उपलब्ध है।

### यूबीआइ का जोनल दफ्तर ...

बैठक में वाणिज्यिक बैंकों के पदाधिकारियों के अलावा बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक निदेशक एम कार्तिकेयन, केंद्र के वित्त मंत्रालय के निदेशक अंजनी कुमार ठाकुर, नाबार्ड के क्षेत्रीय मुख्य महाप्रबंधक सुनील कृष्ण जहांगीरदार, भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन प्रसाद सिंह, झारखंड सरकार के वित्त सचिव प्रशांत कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### खनन पट्टा निबंधन...

इसके लिए यह आवश्यक है कि जिला खनन कार्यालय खनन पट्टे की निबंधन पर प्रभावी मुद्रांक शुल्क एवं निबंधन शुल्क की गणना की सूचना निबंधित होने वाले खनन पप्ता के प्रारूप के आधार पर उपलब्ध कराया जाये।

**सभी प्रकार के शुल्क का जिक्र होगा :** उन्होंने कहा है कि यह आवश्यक है कि खनन पट्टे में वर्णित सभी प्रकार के शुल्क, किराया, राशि (नीलामी की राशि, रॉयल्टी, भूतल लगान, लगान, डीएमएफटी आदि) से सम्बन्धित भारत सरकार सरकार एवं राज्य सरकार से किए गये प्रति एकरारनामा अथवा निर्देश को दस्तावेज का भाग बनाया जायेगा।

स्पीड न्यूज

## ईरान में दो जजों की गोली मारकर हत्या

**तेहरान।** ईरान की राजधानी तेहरान में एक हमलावर ने सुप्रीम कोर्ट के दो वरिष्ठ न्यायाधीशों को गोली मारने के बाद खुद को भी गोली मार कर जान दे दी। न्यायपालिका और सरकारी मीडिया के अनुसार ईरान की सुप्रीम कोर्ट के दो वरिष्ठ न्यायाधीशों की मध्य तेहरान में न्यायाधिकरण भवन के बाहर गोलीबारी में मौत हो गई है।

## खैबर पख्तूनख्वा में पांच आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पश्चिमोत्तर खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पांच आतंकवादी मारे गये और एक आतंकवादी पकड़ा गया है। पाकिस्तान सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने शनिवार को कहा कि खुफिया जानकारी के आधार पर सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के खिलाफ प्रांत में अभियान चलाया। इस दौरान पांच आतंकवादी मारे गए जबकि एक अन्य को पकड़ लिया गया।

## सैफ को दो-तीन दिनों में मिल जायेगी छुट्टी



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान मुंबई के लीलावती अस्पताल में उपचाराधीन है और डॉक्टरों ने शनिवार को बताया कि उनकी हालत में सुधार हो रहा है तथा उन्हें अगले दो या तीन दिन में अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी। बॉलीवुड अभिनेता पर गुरुवार तड़के बांद्रा स्थित उनके आवास में घुसकर एक घुसपैठिये ने चाकू से हमला कर दिया था, उन्हें रीढ़ की हड्डी सहित कई हिस्सों में चोटें आईं थीं।

## श्रीनगर में शून्य से 0.9 डिग्री नीचे न्यूनतम तापमान

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में शनिवार को न्यूनतम तापमान शून्य से 0.9 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया। श्रीनगर के मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में गुलमर्ग स्की रिसॉर्ट में रात का न्यूनतम तापमान शून्य से 8.2 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में लोकप्रिय पर्यटन स्थल पहलगाम में रात के न्यूनतम तापमान में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया।

## दिल्ली में सीरियल किलर गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने पैरोल लेकर फरार हुए आरोपित चंद्रकांत झा को गिरफ्तार कर लिया है। चंद्रकांत झा ने सात हत्याएं की थीं। आरोपित हत्या करने के बाद उनके शरीर के टुकड़ों को शहर में हर तरफ फेंक देता था। आरोपित को कोर्ट ने 2013 में उम्र कैद की सजा सुनाई थी। साल 2023 में चंद्रकांत को 90 दिन की पैरोल मिली थी। पैरोल खत्म होने के बाद चंद्रकांत वापस नहीं गया तो पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की।

## करीना कपूर ने पुलिस के समक्ष दर्ज कराया बयान

मुंबई। फिल्म अभिनेता सैफ अली खान हमला मामले में बांद्रा पुलिस ने उनकी पत्नी और अभिनेत्री करीना कपूर का बयान दर्ज किया है। इसके साथ ही पुलिस इस मामले में रिक्शा चालक भजन सिंह राणा से भी पूछताछ की है। पुलिस अब तक इस मामले में करीब 40 लोगों का बयान दर्ज कर चुकी है । करीना कपूर ने पुलिस को बताया कि जब सैफ अली खान पर हमला हुआ तो वह घबरा गई थीं। उन्होंने बताया कि हमलावर बहुत ज्यादा आक्रामक था। उसने घर में कीमती सामानों को बिल्कुल हाथ नहीं लगाया। उसका इरादा नेक नहीं लग रहा था, इसलिए छोटे बेटे को लेकर वह बेडरुम में चली गई थीं। इसके बाद इस घटना में घायल हुए सैफ।

# महाकुंभ से यूपी की जीडीपी में एक फीसदी से ज्यादा वृद्धि का अनुमान

### देश विदेश से करीब 45 करोड़ श्रद्धालु आयेंगे, साढ़े चार लाख करोड़ हो सकती है इनकम

एजेंसी

**महाकुंभ नगर।** आर्थिक क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों का मानना है कि 45 दिन तक चलने वाले महाकुंभ के दौरान होने वाले कारोबार से न सिर्फ रोजगार और मुनाफे में बढ़ोत्तरी होगी बल्कि उत्तर प्रदेश की जीडीपी में एक प्रतिशत या उससे भी ज्यादा की वृद्धि हो सकती है। विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि दुनिया भर से आ रहे श्रद्धालुओं द्वारा किए जा रहे खर्च से मांग बढ़ेगी, उत्पादन बढ़ेगा, रोजगार में वृद्धि होगी और छोटे से लेकर बड़े व्यापारियों की जेब में पैसा आएगा। यही नहीं, सरकार को भी इस आयोजन से बड़े पैमाने पर आय होगी, जिसका उपयोग प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर में होगा और जीएसटी कलेक्शन में भी भारी उछाल देखने को मिलेगा। देश के मशहूर सीए और अर्थशास्त्री पंकज गांधी जायसवाल के अनुसार, इस बार के महाकुंभ के आंकड़े जो सरकार बता रही है उसके होने भर से ही नॉमिनल और रियल दोनों जीडीपी के आंकड़ों में एक प्रतिशत तक की वृद्धि हो सकती है। बतौर उत्तर प्रदेश सरकार देश विदेश से करीब 45 करोड़ लोग इस महाकुम्भ में आएंगे। वो काशी, अयोध्या, चित्रकूट समेत देश के कई हिस्सों में जाएंगे। यदि उनके घर से कुम्भ में आने से लेकर घर वापस आने तक का प्रति व्यक्ति औसत खर्च जोड़ लेंगे तो औसत करीब 10 हजार रुपए प्रति व्यक्ति हो सकता है। ऐसे में यदि 45 करोड़ में इस दस हजार प्रति व्यक्ति खर्च का गुणा करेंगे तो यह करीब साढ़े चार लाख करोड़ रुपए होता है। इसे हम दस फीसदी अनुमान रिस्क के नाम पर थोड़ा कम चार लाख करोड़ ही मान लेते हैं तो भी यह अर्थव्यवस्था में जान फूंकने के लिए कमाल का आंकड़ा है। कुम्भ का अर्थशास्त्र तिमाही के आंकड़ों को तो मजबूत करेगा ही, साथ ही देश के वार्षिक राष्ट्रीय जीडीपी को भी मजबूत करेगा और अर्थव्यवस्था को भी। जायसवाल के अनुसार, सरकार का इस महाकुम्भ में हुए निवेश से कई गुना रिटर्न आ जाएगा। डबल इंजन की सरकार महाकुम्भ के आयोजन पर मिलकर करीब सोलह हजार करोड़ रुपए का खर्च कर रही है। अगर इसी को आधार मान लें तो सरकार की ही आय कई गुना हो जाएगी। मसलन अगर चार लाख करोड़ पर औसत जीएसटी का संग्रह निकालें तो यह करीब 50 हजार करोड़ के आसपास होगा। इस खर्च पर जो लोगों को आय होगी उस पर आयकर तथा अन्य सुविधाओं के अप्रत्यक्ष कर जोड़ दें तो यह आंकड़ा एक लाख करोड़ तक पहुंच जाएगा, मतलब कई गुना आय तो सरकार को ही होगी। प्रयागराज के प्रख्यात सीए अनिल गुप्ता के अनुसार महाकुंभ के भावनात्मक पहलू के साथ ही आर्थिक पहलू भी बहुत महत्वपूर्ण है। सरकार ने इस बार महाकुंभ को लेकर जो निवेश किया है, उससे बड़े पैमाने पर रेवेन्यू भी जेनरेट होगा। रेलवे, ट्रांसपोर्ट, इलेक्ट्रिसिटी समेत कुंभ मेले में रेंट पर जो भूमि आवंटित की गई है, इन सभी से व्यापक रेवेन्यू जेनरेट होगा। इन सभी को मिलाकर देखें तो जीएसटी और समस्त इंफ्रास्ट्रक्चर से सरकार को करीब एक लाख करोड़ रुपए आय की संभावना है। इस आय को सरकार जब इंफ्रास्ट्रक्चर में डालेगी तो निश्चित रूप से इसका असर इकॉनमी पर भी देखने को मिलेगा।



### रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने संगम में लगायी डुबकी

केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को महाकुम्भ पहुंचकर संगम में डुबकी लगाई। स्नान के बाद उन्होंने कहा कि मैं इसे अपना सौभाग्य मानता हूं कि परमात्मा ने मुझे यह अवसर प्रदान किया। संगम में स्नान करने के बाद मैं स्वयं को बहुत ही कृतार्थ महसूस कर रहा हूं। भारतीयता सांस्कृतिक एवं सनातन धर्म की आध्यात्मिक अनुभूति का यह पर्व है, जो प्राचीन वैदिक खगोलीय घटना पर आधारित है। रक्षामंत्री ने कहा कि यह गंगा, यमुना व सरस्वती के साथ सनातन धर्म की आध्यात्मिक, वैज्ञानिकता और साथ ही साथ सामाजिक समरसता का भी संगम है।

### अगली तिमाही से शेयर बाजार झुमेगा

महाकुंभ के बाद अगली तिमाही में अर्थ अमृत का प्रसाद मिलने वाला है। तिमाही आकड़े के साथ शेयर बाजार भी नृत्य करेगा। अगर सिर्फ प्रयागराज की ही बात करें तो पहले यहां 5 स्टार, 7 स्टार होटल नहीं थे अब ये सारे यहां स्थापित हो रहे हैं। निश्चित रूप से इन सभी फैक्टर्स से जीडीपी ग्रोथ में एक प्रतिशत की ग्रोथ आराम से हो जाएगी। जहां तक जीएसटी की बात है तो यह प्रयागराज समेत पूरे प्रदेश को मिलाकर देखें तो दिसंबर, जनवरी और फरवरी में इसके तीन गुना तक बढ़ने की संभावना है।

# सैफ पर हमले का संदिग्ध आरोपी छत्तीसगढ़ में धराया

### आकाश को मुंबई से हावड़ा जा रही ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस से आरपीएफ ने पकड़ा

एजेंसी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में आरपीएफ ने बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर हमला करने वाले संदिग्ध आरोपी को दुर्ग से एक एक्सप्रेस से ट्रेन से पकड़ लिया है। आरोपी का नाम आकाश कन्नौजिया है। आरपीएफ के आईजी के ने इसकी पुष्टि की है। आरपीएफ के आईजी मुन्नवर खुर्शीद ने बताया कि इस संदिग्ध आरोपी आकाश को मुंबई से हावड़ा जा रही ज्ञानेश्वरी सुपर फास्ट एक्सप्रेस से दोपहर बाद पकड़ा गया है। आरोपी ने अपना नाम आकाश कन्नौजिया बताया है। वह मुंबई के कोलावा का रहने वाला है और छिपने के लिए अपने नानी के घर जांजगीर चांपा(छत्तीसगढ़) जा रहा था। आरोपित आकाश कन्नौजिया ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस के जनरल डिब्बे में बैठकर सफर कर रहा था। उन्होंने कहा कि मुंबई पुलिस की टीम के आने के बाद मामले में बड़े खुलासे होने की उम्मीद है।

उन्होंने बताया कि इस संदिग्ध के बारे में सहायक पुलिस निरीक्षक जुहू पुलिस स्टेशन, मुंबई पुलिस से सूचना मिली थी कि एक संदिग्ध ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस ट्रेन से यात्रा कर रहा है और उसने संदिग्ध की फोटो साझा की है। संदिग्ध को दुर्ग आरपीएफ पोस्ट लाया गया और वीडियो कॉल के जरिए मुंबई पुलिस के अधिकारियों से संपर्क किया गया।

संदिग्ध को ले जाने के लिए मुंबई पुलिस की एक टीम रायपुर पहुंचेगी। यह भी बताया गया कि जो मोबाइल नंबर मिला है उसका सिम डोंगरगढ़ निवासी राजेंद्र कोड़ेपे के नाम से दर्ज है।




### संदिग्ध ने दुकान से खरीदा था ईयरफोन

मुंबई पुलिस की अपराध शाखा के अधिकारियों ने दादर में उस मोबाइल फोन की दुकान से सीसीटीवी फुटेज एकत्र किए हैं, जहां से कथित संदिग्ध व्यक्ति ने अभिनेता सैफ अली खान पर हमला करने के बाद ईयरफोन खरीदे थे। संदिग्ध व्यक्ति ईयरफोन खरीदने के लिए इकरा नाम की दुकान पर गया था। दुकान पर काम करने वाले हसन ने बताया कि वह मेरी दुकान पर आया था और उसने 50 रुपये में एक ईयरफोन खरीदा। कुछ पुलिस अधिकारी शुक्रवार को दुकान पर आए और सीसीटीवी फुटेज ले गए। उन्होंने उस व्यक्ति (संदिग्ध) के बारे में पूछताछ भी की।

## महाकुंभ में 22 को हो सकती है योगी कैबिनेट की बैठक



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में 22 जनवरी को मंत्रिमंडल की बैठक हो सकती है। सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सभी मंत्री बैठक में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि इस बैठक में उत्तर प्रदेश के विकास से जुड़े अहम मामलों पर फैसला हो सकता है। सूत्रों ने बताया कि बैठक से पहले मुख्यमंत्री और मंत्री संगम में स्नान भी कर सकते हैं। इससे पहले वर्ष 2019 में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली पहली सरकार में 29 जनवरी को कुंभ के दौरान प्रयागराज में मंत्रिमंडल की पहली बैठक हुई थी। महाकुंभ 13 जनवरी से शुरू हुआ है और 26 फरवरी तक जारी रहेगा।

# पांच साल में भारत का वाहन उद्योग विश्व में होगा नंबर वन

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को कहा कि भारत का ऑटोमोबाइल उद्योग अगले पांच साल में दुनिया में पहले स्थान पर होगा। उन्होंने कहा कि उद्योग ने अब तक 4.5 करोड़ नौकरियां पैदा की हैं, जो देश में सबसे अधिक है। गडकरी ने फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा कि भारतीय ऑटोमोबाइल उत्पादों की मांग वैश्विक स्तर पर बहुत ज्यादा है। उन्होंने कहा कि भारतीय वाहन उद्योग का आकार अब 22 लाख करोड़ रुपये का है। मुझे पूरा विश्वास है कि 5 साल के भीतर यह दुनिया में नंबर एक बन जाएगा। गडकरी ने कहा कि वर्तमान में अमेरिकी वाहन उद्योग का आकार पहले नंबर पर है, जो 78 लाख करोड़ रुपये है। इसके बाद दूसरे नंबर पर चीन 47 लाख करोड़ रुपये और भारत 22 लाख करोड़ रुपये का स्थान तीसरे नंबर पर आता है। उन्होंने कहा कि जब 2014 में परिवहन मंत्रालय का कार्यभार संभाला था, तब वाहन उद्योग का आकार 7.5 लाख करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर 22 लाख करोड़ रुपये हो चुका है। उन्होंने कहा कि वाहन उद्योग ने अब तक 4.5 करोड़ नौकरियां पैदा की हैं, जो देश में सबसे अधिक हैं। उन्होंने कहा कि यह ऑटोमोबाइल उद्योग है, जो राज्य सरकार और भारत सरकार को जीएसटी के हिस्से के रूप में अधिकतम राजस्व दे रहा है।

**ऑटोमोबाइल उद्योग ने अब तक 4.5 करोड़ नौकरियां पैदा की : नितिन गडकरी**



# बिटकॉइन फिर एक लाख डॉलर के पार

**नयी दिल्ली।** अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता संभालने के पहले ही दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टोकरंसी बिटकॉइन ने एक बार फिर जोरदार तेजी दिखाते हुए 1 लाख डॉलर के स्तर को पार कर लिया। शुक्रवार देर रात बिटकॉइन 1,05,782.40 डॉलर के स्तर पर पहुंच गया था। हालांकि उसके बाद इस क्रिप्टोकरंसी की कीमत में गिरावट आई। आज भारतीय समय के मुताबिक दोपहर 11.30 बजे बिटकॉइन 1,03,403.60 डॉलर के स्तर पर कारोबार कर रहा था। उल्लेखनीय है कि डोनाल्ड ट्रंप की जीत के कारण क्रिप्टोकरंसी मार्केट में लगातार उत्साह का माहौल बना हुआ है। अपने चुनाव प्रचार के दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका को दुनिया का क्रिप्टो कैपिटल बनाने का ऐलान किया था। ट्रंप के वायदे में क्रिप्टो इंडस्ट्री के लिए फेवरेबल रेगुलेशंस लाने की बात भी कही गई थी। इसके अलावा डोनाल्ड ट्रंप ने क्रिप्टो मार्केट के लिए रेगुलेटर नियुक्त करने का भी वादा किया था।

## भारत सबसे बड़ा सुपारी उत्पादक देश : शिवराज

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को कर्नाटक के शिमोगा में अन्वेषणा मलनाड स्टार्टअप समिट-2025 में सहभागिता की। समिट को संबोधित करते हुए शिवराज सिंह ने कहा कि युवा ऊर्जा से भरे हैं, उनके पास विजन और अपार क्षमता है। हमारे युवा स्टार्टअप के क्षेत्र में देश-विदेश में खूब नाम कमा रहे हैं। आज गांव-गांव में स्टार्टअप क्रांति हो रही है। एग्रीटेक स्टार्टअप्स की बढ़ती संख्या यह बताती है कि हमारे किसान नई तकनीक, नवाचार और उद्यमिता से जुड़ रहे हैं।

# सरकार बजट सत्र में पेश कर सकती है नया आयकर बिल

▸▸ मुकदमेबाजी कम होगी और करदाताओं को ज्यादा टैक्स देने से मिल सकती है राहत

नयी दिल्ली। सरकार संसद के बजट सत्र में एक नया आयकर विधेयक पेश कर सकती है। इसका उद्देश्य वर्तमान आयकर कानून को सरल बनाना, उसे समझने योग्य बनाना तथा पृष्ठों की संख्या में करीब 60 फीसदी की कमी करना है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जुलाई के बजट में इसकी घोषणा की थी। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि नया आयकर कानून संसद के बजट सत्र में पेश किया जाएगा। यह एक नया कानून होगा, न कि मौजूदा अधिनियम में संशोधन। फिलहाल, कानून के मसौदे पर विधि मंत्रालय विचार कर रहा है, जिसे बजट सत्र के दूसरे हिस्से में संसद में पेश किए जाने की संभावना है। आयकर अधिनियम, 1961 की व्यापक समीक्षा के लिए जुलाई बजट में वित्त मंत्री की घोषणा के अनुसरण में सीबीडीटी ने समीक्षा और अधिनियम को संक्षिप्त, स्पष्ट और समझने में आसान बनाने के लिए एक आंतरिक समिति गठित की थी, जिससे विवाद, मुकदमेबाजी कम होगी और करदाताओं को ज्यादा कर ये राहत मिलेगी। संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से 4 अप्रैल तक चलेगा। पहला भाग 31 जनवरी से 13 फरवरी तक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के संसद के दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करने के साथ शुरू होगा। इसके बाद आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा। केंद्रीय बजट 01 फरवरी को पेश किया जाएगा।

## सुकमा में मिली सुरंग और हथियार बनाने की फैक्टरी

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बल के जवानों ने सुकमा-बीजापुर जिले की सीमावर्ती क्षेत्र में तालपेरू नदी के किनारे पर नक्सलियों की बनाई गई सुरंग और फैक्टरी को बरामद किया है। इस सुरंग में नक्सलियों के हथियार बनाने के लिए डंप की गई सामग्री बरामद की गई। साथ ही अन्य विस्फोटक सामग्री और हथियार बरामद किए गए हैं। बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने शनिवार को बताया कि यह ऑपरेशन नक्सलियों के खिलाफ एक बड़ा प्रहार था। जवानों ने नक्सलियों के कोर जोन में घुसकर उन्हें मार गिराया गया।

# देश के 15,000 गांव होंगे बाल विवाह मुक्त

### नीति आयोग और एवीए आकांक्षी प्रखंडों में चलाएगा अभियान

▸▸ पंचायत स्तर पर शादियों के ब्योरे दर्ज करने के लिए रजिस्टर रखे जायेंगे

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** नीति आयोग और एसोसिएशन फॉर वालंटरी एक्शन (एवीए) ने देश के सबसे पिछड़े क्षेत्रों में बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तीकरण और अगले एक साल में देश के 104 प्रखंडों के 15,000 गांवों को बाल विवाह मुक्त घोषित करने के लिए हाथ मिलाया है। इस आशय के मंतव्य पत्र (एसओआई) पर नई दिल्ली में दस्तखत किए गए। इसके तहत अगले दो सालों में 73 जिलों के आकांक्षी प्रखंडों के इन गांवों के आर्थिक रूप से बेहद कमजोर उन परिवारों के बच्चे जो शोषण, उत्पीड़न, बाल मजदूरी या बाल विवाह दृष्टि से संवेदनशील हैं, के लिए सुरक्षित बाल ग्राम के रूप में एक सुरक्षा घेरा विकसित किया जाएगा। यह पहल 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए आकांक्षी जिला कार्यक्रम (एडीपी) के साथ एकरूपता और तालमेल में है, जिसका लक्ष्य देश भर के 112 सबसे अविकसित जिलों में रूपांतरकारी बदलाव लाना है। दो-वर्षीय एसओआई के तहत देश के सबसे अविकसित व संवेदनशील इलाकों में बच्चियों के सशक्तीकरण और शिक्षा की पारिस्थितिकी को मजबूत करने के लिए एक समग्र और व्यापक रणनीति पर अमल किया जाएगा। बाल विवाह और बच्चों की ट्रैफिकिंग की निगरानी और रोकथाम के लिए सभी लक्षित गांवों में पंचायत स्तर पर लोगों की आवाजाही और विवाहों के ब्योरे दर्ज करने के लिए रजिस्टर रखे जाएंगे। स्कूल नहीं जा पाने वाले बच्चों को शिक्षा और कौशल विकास के अवसरों से जोड़ा जाएगा, जबकि हाशिये के व्यक्तियों और परिवारों को सरकारी जनकल्याण योजनाओं से जोड़ा जाएगा।



एवीए बच्चों के खिलाफ अपराधों से निपटने के लिए देश के 26 राज्यों के 416 जिलों में काम कर रहे 200 से भी ज्यादा नागरिक संगठनों के नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन (जेआरसी) का सहयोगी है, जिसने समुदायों को शोषण और बाल विवाह से मुक्ति दिलाने के लिए एक समग्र रणनीतिक ढांचा विकसित किया है। एवीए इस रणनीतिक ढांचे पर अमल करते हुए सुरक्षित बाल ग्रामों की स्थापना करेगा। एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन के कार्यकारी निदेशक धनंजय टिंगल ने बताया कि समाज के सबसे कमजोर वर्गों के सशक्तीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हम गर्व और कृतज्ञता महसूस कर रहे हैं। साझा प्रयासों से हमारा लक्ष्य 2025 के अंत तक इन प्रखंडों को बाल विवाह मुक्त बनाना और दूसरों के लिए एक मिसाल कायम करना है। यह साझेदारी प्रत्येक बच्चे की सुरक्षा, शिक्षा और सम्मान के अधिकार की रक्षा करने और बाल विवाह जैसे अपराधों के खात्मे की हमारी साझा प्रतिबद्धता का सबूत है। सरकारी निकायों, समुदायों और नागरिक समाज संगठनों राज्य, जिला और प्रखंड जैसे हर स्तरों पर एकजुट होकर काम करने और साझा प्रयासों से सही मायनों में बच्चों की सुरक्षा का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। इस समझौते के तहत नीति आयोग जिला, ब्लॉक और गांव स्तर पर राज्य सरकारों, केंद्रीय मंत्रालयों और अन्य प्रमुख हितधारकों के साथ सहयोग करेगा। एवीए संवेदनशील परिवारों की पहचान करने, समय पर हस्तक्षेप के लिए जिला प्रशासन, राज्य सरकारों और केंद्रीय मंत्रालयों के साथ सहयोग से वास्तविक समय में कठिनाई का सामना कर रहे प्रत्येक बच्चे और परिवार को राहत की दिशा में प्रगति पर नजर रखने के लिए मजबूत डेटाबेस तैयार करेगा। एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन चयनित जिलों/ब्लॉकों में बाल मजदूरी, बच्चों की ट्रैफिकिंग और बाल विवाह सहित बच्चों की शिक्षा और संरक्षण से जुड़े प्रमुख संकेतकों पर जिला प्रशासन के साथ मिलकर करीबी सहयोग से काम करेगा।

